चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 78, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 16

31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 15

सलमान खान के घर के बाहर चलाईं गोलियां

मुंबई, एजेंसी

- आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

इजराइली राजदूत बोले- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

एक नजर

अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

जम्मू। अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

कांग्रेस ने की 10 प्रत्याशियों की घोषणा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। पंजाब में अमृतसर से गुरजीत सिंह आहुजा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर लोक सभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया गया है।

आप विधायक की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था।

युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त बनाने का वादा

70 से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर

भाजपा का संकल्प पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

- बोले- देशहित के लिए यूसीसी जरूरी
- अनिश्चितता के दौर में बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है।

परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

बदायूं से शिवपाल नहीं पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

लखनऊ। सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है।

सपा ने जिन लोस सीटों पर नये उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें ज्यादातर पूर्वांचल की हैं। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

सत्ता में आए तो प. उप्र को अलग राज्य बनाएंगे

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- भाजपा के सत्ता में तीसरी बार आने की संभावना बहुत कम : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा अगर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं और वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाती तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने व उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने कहा कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।

पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

- लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा था भारतीय कैदी की हत्या का आरोपी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

राजस्थान में शादीशुदा पुरुष से प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने बताया कि इस संबंध में समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की काउंसलिंग की जा रही है।

- समदड़ी थाने में मामला दर्ज, दो महिलाओं से हो रही पूछताछ

उत्तराखंड के सीएम न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पीलीभीत

रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉटर उतरने से रोकने को उखाड़ा
- पता लगने पर रात में ही मौके पर पहुंचे एसडीएम, भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।

सीकर में ट्रक-कार की टक्कर के बाद लगी आग, उप्र के सात लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

- विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा
- कार सवार सालासर बालाजी मंदिर से लौट रहे थे

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक के पिछले हिस्से से जाकर टकराई, जिससे कार में आग लग गई। मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी (गैस) लगी थी। कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास हुई दुर्घटना के बाद आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए और कार सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से दमकल की गाड़ियों ने मौके पर आग बुझाई। चश्मदीद रामनिवास सैनी ने देखा कि कार में दो यात्री मदद मांग रहे थे लेकिन आग लगने के कारण वह मदद नहीं कर सके।

बदली जिंदगी | थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी

- डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।

ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

एक नजर

सर्वेश अस्थाना की पत्नी की हालत गंभीर, वेंटीलेटर पर

अमृत विचार, लखनऊ : यशभारती से सम्मानित प्रख्यात व्यंग्यकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद, भारत सरकार के सलाहकार डॉ. सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना इन दिनों गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्हें संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में वेंटीलेटर पर रखा गया है। अंजू पिछले चार महीने से लीवर सिरोसिस की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनकी स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर है। अंजू अस्थाना को आठ दिसंबर 2023 को लीवर ट्रांसप्लांट यूनिट के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। 13 अप्रैल को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और उसके बाद वह अचेत हो गईं। उन्हें पोस्ट आपरेटिव वार्ड में शिफ्ट कर वेंटीलेटर पर ले लिया गया। पीजीआई उनके लीवर ट्रांसप्लांट की तैयारी कर चुका है। उन्हें देखने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पीजीआई गए थे।

सीसीटीवी और ड्रोन से अयोध्या धाम पर नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ रामनवमी पर्व पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था

अमृत विचार : रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में यहां सुरक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है।

इस दौरान अयोध्या धाम क्षेत्र में कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की गतिविधियों को मॉनिटर किया जाएगा। इसके साथ ही 2 टीथर्ड ड्रोन्स एवं 8 एरियल ड्रोन्स के माध्यम से विभिन्न रास्तों, गलियों व पार्किंग पर नजर रखी जाएगी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों से भी यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है। दरअसल, 9 अप्रैल से रामनवमी मेला की शुरुआत हो चुकी है, जो रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं के मौजूद रहने की संभावना है। ऐसे में पूरे मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन और 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।

बाबा साहेब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्राप्त की महानता

मुख्यमंत्री योगी ने जयंती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बड़े घर में पैदा हो कर बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने संविधान शिल्पी के रूप में पूरे भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का अद्भुत कार्य किया था।

उनकी ही देन है कि आज लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ देश की 140 करोड़ की जनता 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में वर्तमान में कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने बाबा साहेब को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।

बाबा साहेब की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी को डॉ.आंबेडकर का छायाचित्र भेंट करते डॉ.भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण व महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

कैलाश मठ के स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन

अमृत विचार, वाराणसी : कैलाश मठ (काशी) के श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रीय ब्रह्मनिष्ठ

स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका इस लोक का त्याग करना समस्त संत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जन्म गुजरात के विलोदरा शहर में हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान की। मगध (बिहार) में गंगा के पवित्र तट पर दृढ़ विश्वास के प्रतीक वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की और फिर अपना जीवन भिक्षाटन करके जिया तथा लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके पश्चात स्वामी जी काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर निवर्तमान महामण्डलेश्वर ने यह आश्रम उनको सौंप दिया था। उनके ब्रह्मलीन होने पर संत समाज के साथ ही सुनीत मूना ने भी शोक व्यक्त किया है।

झूठ का उद्घोष है भाजपा का घोषणा पत्र

भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए : सीपी राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का उद्घोष है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि पिछले दस सालों से सत्ता पर काबिज भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। डॉ. राय रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा 2014 में जनता को ढेर सारे सब्जबाग दिखाकर केंद्र की सत्ता में आई थी। 2019 में भाजपा ने फिर लोगों को सपने दिखाये, पर धरातल पर जनहित का कोई काम नहीं दिखा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा करने वाली भाजपा सरकार खुद ही दावा करती है कि 80 करोड़ लोगों का जीवन उसकी ओर से दिये गये पांच किलो राशन पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल तो यह उठना चाहिए कि 55 सालों में कांग्रेस ने क्या किया और 16 साल में भाजपा ने क्या किया। कौन भारत के मूल चरित्र को बरकरार रखेगा व संविधान को सुरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में न्याय की बात की है, क्योंकि भाजपा का दस साल का शासन अन्याय काल है। हम प्रतिबद्ध हैं कि भाजपा के इस अन्याय काल को समाप्त कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों को संरक्षित करेंगे और उसे एक आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सम्मानजनक और राजनीतिक रूप स्वतंत्र जीवन उपलब्ध कराएंगे।

प्रेस कांफ्रेंस करते प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय। अमृत विचार

उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : सपा से हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। रविवार को कांग्रेस ने प्रदेश की प्रयागराज सीट समेत दिल्ली व पंजाब के कुल 10 प्रत्याशी घोषित किये।

इंडी गठबंधन के तहत प्रदेश में मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 15 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब अमेठी व रायबरेली के प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। इन सीटों पर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है। उज्जवल रमण सिंह सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र हैं।

50 फीसदी सरकारी अस्पतालों को लेना होगा एनक्वास सर्टिफिकेट

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में मौजूदा सरकारी अस्पतालों में 50 फीसदी अस्पतालों को अगले साल दिसंबर 2025 तक नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाणित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी यह लक्ष्य सभी राज्यों के लिए निर्धारित किया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी) के डॉ. मुस्तफा खान ने बताया कि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत और दिसंबर 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेना है। उन्होंने बताया कि बीते जनवरी में लखनऊ में हुई प्रदेशस्तरीय कार्यशाला में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने भी बैठक कर इस संबंध में निर्देश दिये थे।

भाजपा की नीयत व नीति भी कांग्रेस की ही तरह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चुनावी लाभ के लिए डॉ.आंबेडकर का दिखावटी सम्मान कर रहे अन्य राजनीतिक दल : मायावती

अमृत विचार : डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने भाजपा को भी कांग्रेस सरीखी पार्टी की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि चुनावी स्वार्थ के लिए जातिवादी पार्टियां बाबा साहेब का दिखावटी सम्मान कर रही हैं। दूसरे दलों के लोग 'मुंह में राम बगल में छुरी' पुरानी कहावत को आज भी चरितार्थ कर रहे हैं। इसलिए बहुजन समाज को इस छलावे से सावधान रहने की जरूरत है।

राजधानी में बसपा राज्य कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान में बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने याद दिलाया कि तरक्की के दरवाजे खोलने के लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी। इसके लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। यह भी कहा कि जैसे कांग्रेस सरकारों में 'गरीबी हटाओ' चुनावी स्लोगन था, उसी प्रकार बीजेपी सरकार में भी नीयत और नीति के अभाव में बहुजनों का बुरा हाल है। नीयत व नीति के मामले में भाजपा व कांग्रेस में कोई भेद नहीं दिखता। बसपा सरकार ने ही सरकारी नौकरियों में बैकलॉग पदों को विशेष अभियान चलाकर बहुजन समाज के लिए रास्ते खोले थे।

बीते वर्ष आग से 3807 लोगों और 5168 पशुओं की बचाई गई जान

सेवा स्मृति दिवस पर वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस कार्यक्रम में पहुंचे डीजीपी

अमृत विचार : अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को वीरगति प्राप्त हुए जवानों को याद किया गया। इसी के साथ अग्निशमन सप्ताह की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र पहुंचे हुए थे। इस दौरान उनकी अगुवाई में मुंबई में 1944 में बलिदान हुए उन 66 कार्मिकों को याद किया गया, जिन्होंने जहाज में लगी आग को बुझाने के दौरान अपनी जान दी।

उप्र में वर्ष 2023 में अग्निशमन कर्मियों द्वारा कुल 33,047 अग्नि दुर्घटनाएं व जीव रक्षा पुकारों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 3,807 मनुष्यों व 5,168 पशुओं की जीव रक्षा करते हुए अनुमानित 1 अरब 63 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बचाई गई। अग्निशमन सेवा के ऑनलाइन एनओसी पोर्टल पर वर्ष 2023 से अब तक अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कुल 41,323 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 30,587 आवेदकों को परीक्षणोपरान्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है। अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए एवं अग्निकाण्डों एवं जीव रक्षा पुकारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक मशीनों को क्रय करके जनपदों को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें हाईड्रोलिक प्लेटफार्म, एडवांस रेस्क्यू टेण्डर, डिजास्टर वैन, हाईप्रेशर पम्प, एम्बुलेंस, रेस्क्यू उपकरण, काम्बीटूल्स, स्मोक एक्झास्टर, फोम जेनरेटर आदि शामिल है।

दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अब तक 146 करोड़ का सामान एजेंसियों ने पकड़ा

अमृत विचार : प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई है। अब तक कुल 146 करोड़ 35 लाख रुपये की की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी, ड्रग आदि को जब्त किया जा रहा है। बीती एक मार्च से 13 अप्रैल तक कुल 24 करोड़ 65 लाख 52 हजार रुपये नकद धनराशि, 35 करोड़ 54 लाख रुपये कीमत की शराब, 54 करोड़ दो लाख 75 हजार रुपये कीमत की ड्रग, 20 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 11 करोड़ 48 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। मुख्य जब्ती में लखनऊ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में 84.56 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गई। मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये, रामपुर की मिलक विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गई।

96,02,386 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गईं

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 96,02,386 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गईं। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 57,89,690 व निजी स्थानों से 38,12,696 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,15,504, पोस्टर के 27,25,637, बैनर के 16,52,019 व अन्य 7,96,530 मामलों में कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 4,96,242, पोस्टर के 17,39,233 बैनर के 9,24,206 व अन्य 6,53,015 मामलों में कार्रवाई की गई।

पुलिस की कार्रवाई में कई इनामी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कई स्थानों पर पकड़ी गई अवैध रूप से चल रही तमंचा फैक्ट्री

अमृत विचार : उप्र. पुलिस ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कई इनामी अपराधियों को गिरफ्तार कर अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किया। दो स्थानों पर पुलिस ने पर्याप्त मात्रा में गांजा भी बरामद किया, जबकि कई स्थानों पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करते हुए पकड़ा गया है।

बाराबंकी के थाना सतरिख में पुलिस ने पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर जीवित कारतूस बरामद किए। इसके खिलाफ बाराबंकी, सुल्तानपुर, लखनऊ में हत्या के प्रयास, डकैती, गैंगेस्टर एक्ट आदि दर्ज हैं। वहीं गोरखपुर में पुलिस ने 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी सर्वेश को गिरफ्तार किया है। सर्वेश चौरीचौरा थाने में वांछित चल रहा था। आगरा में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा एक मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर गोली चलाने के दौरान नानक उर्फ ननकू, धर्म सिंह, शेर सिंह, अकाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे दो अभियुक्तों मुन्ना उर्फ मुछई एवं शिवकुमार को गिरफ्तार किया गया है। कौशांबी के थाना सलाय अकिल में पुलिस ने अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। अमित के पास एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है।

फिरोजाबाद के थाना जसराना में देवेंद्र और रमाशंकर को अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करते हुए गिरफ्तार किया गया। बांदा के थाना पैलानी में एक क्विंटल एक किलो अवैध गांजा बरामद होने के दौरान पुलिस ने संजय उर्फ तन्नू, अरविंद, अशोक, भरत लाल और अमेंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा शाहजहांपुर के सिंघौली में पुलिस ने आमिर को 158 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध कुमार सक्सेना ने डीजीपी प्रशांत कुमार से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई।

परियोजनाओं को मिलेगा त्रैमासिक पुष्टाहार

अमृत विचार, लखनऊ : 40 जिलों की 303 परियोजनाओं को त्रैमासिक पुष्टाहार की आपूर्ति की जाएगी। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा। जो अप्रैल, मई व जून तक के लिए होगा। पुष्टाहार टीएचआर प्लांट से मिलेगा। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशक ने मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को अवगत कराया है। पुष्टाहार वितरण समूह की महिलाएं केंद्रों पर करेंगी।

बूथ अध्यक्ष ही भाजपा के सेनापति और राजदूत : सुनील बंसल

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में 400 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिलकर कार्य करने का किया गया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कहा- अभी 40 प्रतिशत और लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करना है

अमृत विचार : सिटी मोंटेसरी स्कूल की गोमती नगर विस्तार शाखा के ऑडिटोरियम हॉल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

सम्मेलन में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं की मेहनत से उप्र. का संगठन देश में अहम भूमिका में हैं। बूथ अध्यक्ष ही भारतीय जनता पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। आज नमो ऐप, विकसित भारत एम्बेसडर जैसे हर अभियान में उप्र. देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सभी वर्गों और समाज को समान रूप से योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पास आज देश में मोदी और राजनाथ, प्रदेश में योगी जैसा नेतृत्व है। 18 करोड़ सदस्य और बूथ पर काम करने वाले 3 करोड़ से ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता हैं। अभी हम 60 प्रतिशत लोगों तक पहुंचे हैं। अभी 40 प्रतिशत लोगों को और भारतीय जनता पार्टी के साथ जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार और 400 के लक्ष्य को विकसित भारत बनाने के संकल्प और लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि आप सब बूथ के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री और सभी वरिष्ठ नेताओं को अपने कहते सुना होगा कि अब भारतीय जनता पार्टी को अगले 50 साल में कोई हिला नहीं सकता है और उनका यह दावा वह अपने बल पर नहीं करते हैं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और तपस्वी कार्यकर्ताओं के बल पर करते हैं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण, संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह, मुकुट बिहारी वर्मा, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, राजीव मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव, विधानसभाओं के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

गोमतीनगर विस्तार के सीएमएस सभागार में आयोजित लोकसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में राष्ट्रगान के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, विधायक पंकज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, मुकुट बिहारी वर्मा व अन्य भाजपा पदाधिकारी।

राजनाथ को ऐतिहासिक मतों से जिताएंगे

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लखनऊ सीट से ऐतिहासिक मतों से विजयी बनायेंगे। उन्होंने बताया कि लखनऊ लोकसभा में कुल 1893 बूथ, 457 पोलिंग, 89 वार्ड, 334 शक्ति केंद्र हैं। 21 मंडलों में 1508 ए श्रेणी के बूथ हैं, बी श्रेणी के161, सी के 224 हैं। जिसमें सभी बूथ अध्यक्ष गठित हो चुके हैं और अपनी बूथ संख्या, विधानसभा वार सुनिश्चित सीट पर उपस्थित है। उन्होंने 2000 उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार और लखनऊ बोले 5 लाख पार के नारे के उद्घोष के साथ संबोधन समाप्त किया।

सपा ने बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट देकर चौंकाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने जिन नये प्रत्याशियों के नाम सार्वजनिक किए उनमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम बाबू सिंह कुशवाहा का है। बसपा सरकार में मंत्री रहे कुशवाहा एक घोटाले के आरोपी भी हैं। माना जा रहा है कि सपा ने बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट देकर जहां जौनपुर में मजबूत दांव चला, वहीं उन्हें पार्टी में लाकर स्वामी प्रसाद मौर्य की कमी को पूरा करने की भी कोशिश है।

दरअसल, बाबू सिंह कुशवाहा पर भ्रष्टाचार के आरोपों को दरकिनार करते हुए उन्हें गले लगा लेने के पीछे सपा की कुशवाहा, शाक्य और मौर्य वोटों पर नजर है, जो ओबीसी की कुल आबादी के करीब पांच प्रतिशत है। इससे पहले भी बाबू सिंह को भाजपा में लाने के प्रयास हुए थे, लेकिन पार्टी के अंदर ही विरोध शुरू हो जाने के चलते वे शामिल नहीं हो सके थे। इसके बाद उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी बनाई। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा से उनके गठबंधन की बात चली, लेकिन यह बातचीत अंजाम तक नहीं पहुंच सकी।

बहुचर्चित एनआरएचएम घोटाले में हैं आरोपी

बाबू सिंह कुशवाहा मायावती सरकार में परिवार कल्याण मंत्री थे। वे एनआरएचएम घोटाले में आरोपी हैं। उसी दौरान हुए दो मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की हत्याएं भी इसी घोटाले से जुड़ी बतायी जाती हैं। जौनपुर से सपा का उम्मीदवार बनने के बाद अब भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह से उनकी सीधी टक्कर होगी।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

सप्तमी कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

शहर में आज

- गोमती नगर विनयखंड स्थित मार्डन अकादमी में साइकिलिंग से होने वाले लाभ पर सेमिनार - 8:30 बजे।
- सीएमएस ऑडिटोरियम में प्रेरणा परिवार की ओर से 2100 कन्याओं का पूजन - 10:00 बजे।
- माल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में जबलपुर के वरिष्ठ चित्रकार रघुवीर अम्बर की 23 कलाकृतियों की एकल प्रदर्शनी- 11:00 बजे।
- सी ब्लाक राजाजीपुरम में सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 38वां स्थापना दिवस अभिव्यक्ति 2024-25 का आयोजन-5:00 बजे।
- ऐशबाग रामलीला मैदान में चैती महोत्सव की छठी संध्या पर कथक नृत्य व नाटक का मंचन-6:00 बजे।

एक नजर

कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के कई क्षेत्रों में सोमवार को आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तार, एचटी पोल, ट्रांसफार्म में कार्य और खराब कंडक्टर बदले जाएंगे। इस दौरान बिजली आपूर्ति बंद होने से दो लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। कैंट उपकेंद्र से पोषित फीडर के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। इंजीनियरिंग कालेज और विकासनगर उपकेंद्र से पोषित फीडर से जुड़े नगर निगम कॉलोनी, कल्याणपुर, सेक्टर-8 और वृद्धाश्रम क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। पुरनिया उपकेंद्र से पोषित सेक्टर के, क्यू, पी और विंध्याचल मंदिर के आसपास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। अहिबरनपुर डालीगंज के बागशाह फीडर के इलाके में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। आंबेडकर यूनिवर्सिटी उपकेंद्र के साउथ सिटी एफ ब्लॉक के ट्रांसफार्मर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। लौलाई, उतरठिया और अप्टॉन फीडर से पोषित इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी।

10 लाख की आबादी झेलेगी पेयजल संकट

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश के बाद भी जलकल विभाग नहीं करा पाया सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका असर पेयजल आपूर्ति पर भी दिखने को मिल रहा है। खासकर ट्रांस गोमती क्षेत्र के चार जोन में तापमान के साथ ही पेयजल की समस्या आने वाले दिनों में बढ़ सकती है। सिल्ट और गंदगी साफ न किए जाने से कठौता झील में पानी भंडारण की क्षमता कम हो गई है। इसके कारण हर साल की तरह इस बार भी गर्मी में लगभग 10 लाख की आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। कठौता झील से नगर निगम के जोन चार में गोमती नगर, इन्दिरा नगर, चिनहट आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है।

पिछले वर्ष मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह और जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण करके झील की सफाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद जलकल विभाग सिल्ट और गंदगी की सफाई का काम नहीं करा पाया है। यदि जल्द सफाई नहीं कराई गयी तो पेयजल की समस्या होनी तय है।

कठौता झील में जमा सिल्ट व गंदगी। अमृत विचार

- सिल्ट व गंदगी साफ न होने से घट गई कठौता झील की क्षमता
- ट्रांस गोमती क्षेत्र के चार जोनों में आ सकती है पेयजल आपूर्ति में दिक्कत

कठौता झील से ट्रांस गोमती क्षेत्र में 22 दिनों तक पेयजल आपूर्ति की जा सकती है। शारदा सहायक पोषक नहर बंद होने से जलापूर्ति पर असर पड़ता है। झील की क्षमता बढ़ाने और सिल्ट सफाई की आवश्यकता है। झील की सफाई कराने की प्रक्रिया चल रही है, जल्द काम शुरू होगा।

-रमेश चन्द्र, सचिव, जलकल विभाग

कठौता झील भरने पर 22 दिनों तक हो सकती है जलापूर्ति

कठौता झील को शारदा सहायक पोषक नहर से पानी मिलता है। झील में पूरा पानी होने के बाद इससे 22 दिनों तक जलापूर्ति की जा सकती है। मई और जून में सिंचाई विभाग शारदा नदी से पानी देना बंद कर देता है। इससे समस्या खड़ी हो जाती है। स्थिति यहां तक पहुंच जाती है कि झील में तीन दिनों तक जलापूर्ति का पानी बचता है। कठौता वाटर वर्क्स से प्रतिदिन 80 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) पानी का शोधन करके जलापूर्ति की जाती है।

बिना टेंडर करा रहे थे सफाई, मामला खुला तो बंद कर दिया काम

नवंबर 2023 में जलकल विभाग ने कठौता झील की बिना टेंडर सफाई कराने का काम शुरू किया। बिना टेंडर सिल्ट निकाले जाने का मामला खुलने से विवाद खड़ा हो गया और काम बंद करना पड़ा। जलकल विभाग के अधिकारी और अभियंता जांच के घेरे में आ गए। इसके बाद कोई भी अधिकारी इस काम में हाथ नहीं डालना चाह रहा है।

सुल्तानपुर रोड का आज सर्वे करेगी पीडब्ल्यूडी टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अर्जुनगंज के निर्माण तोड़े जाएंगे
- खुद तोड़ने के लिए दिया था चार दिनों का समय

अमृत विचार : सुल्तानपुर रोड का पीडब्ल्यूडी टीम सोमवार को सर्वे करेगी। इसके बाद अर्जुनगंज में सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अवैध निर्माण तोड़े जाएंगे। लखनऊ-सुलतानपुर रोड पर मरी माता मंदिर से शहीद पथ तक अर्जुनगंज, सरसवां और अहिमामऊ के दोनों तरफ अतिक्रमण से जाम लगता है। शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने 1820 मीटर मार्ग चौड़ा करने का प्रस्ताव बनाया है।

शासन से लगभग 29 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। सड़क चौड़ीकरण की जद में कई लोगों के घर और दुकानें आ रही हैं। पीडब्ल्यूडी ने 103 अतिक्रमणकारियों को दो बार नोटिस दी। इसके बावजूद लोगों ने अवैध निर्माण नहीं हटाये। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने डीएम सूर्यपाल गंगवार को पत्र लिखकर 8 अप्रैल को पुलिस फोर्स की मांग की थी। पीडब्ल्यूडी ने 5 अप्रैल को मुनादी कराई। इसके बाद 70-80 लोगों ने खुद अवैध निर्माण तोड़ लिए थे। कई लोगों ने निर्माण नहीं तोड़े, जिससे सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू नहीं हो सका। पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई के डर से लोगों ने खुद निर्माण तोड़ने शुरू कर दिए थे।

पीडब्ल्यूडी ने उन्हें चार दिनों का समय दिया था। इसकी अवधि समाप्त हो गयी है। सोमवार को पीडब्ल्यूडी की टीम निरीक्षण करेगी। जिन दुकानदारों ने निर्माण नहीं तोड़ हैं उनको पीडब्ल्यूडी ध्वस्त करेगा। गौरतलब है कि शहर में जाम की समस्या से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

फॉगिंग के नाम पर लाखों धुआं-धुआं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान बना कमाई का जरिया
- फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव के नाम पर नगर निगम को रोज लग रही लाखों की चपत

अमृत विचार : मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया आदि वेक्टरजनित बीमारियों से बचाव के लिए एक से 30 अप्रैल तक स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान कमाई का जरिया बन गया है।

नगर निगम को झाड़ियों और नालियों की सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग की जिम्मेदारी दी गई है। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग महज आंकड़ेबाजी कर कागजों पर फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहा है। फॉगिंग और एंटी लार्वा के छिड़काव के नाम पर नगर निगम को रोज लाखों रुपये की चपत लगाई जा रही है। नगर निगम दावा कर रहा है कि सुबह और शाम पूरे शहर में डाला गाड़ियों और साइकिल माउंटेड मशीनों से संकरी गलियों में फॉगिंग कराई जा रही है। लेकिन असलियत यह है कि केवल वीआईपी इलाकों में अधिकारियों और मंत्रियों के आवास के बाहर ही फॉगिंग की गाड़ियां दिखती हैं। फॉगिंग के नाम पर हर बार की तरह नगर निगम के ठेकेदार और अधिकारी मालामाल हो रहे हैं।

फॉगिंग पर रोज पांच लाख रुपये होते हैं खर्च, नतीजा शून्य

नगर निगम द्वारा शहर में फॉगिंग पर रोज लगभग पांच लाख रुपये खर्च किये जाते हैं लेकिन नतीजा फिर भी शून्य है। केवल बजट की बंदरबांट के अलावा फॉगिंग कहीं नहीं दिखती। फॉगिंग के लिए डाला में लगी बड़ी मशीन में 40 लीटर डीजल और दवाई मिलाई जाती है। मशीन स्टार्ट करने के लिए नौ लीटर पेट्रोल, दवाई और गाड़ियों के लिए डीजल का खर्च अलग। ड्राइवर और हेल्पर का मानदेय भी अलग से देना पड़ता है। साइकिल माउंटेड फॉगिंग मशीनों से फॉगिंग का खर्च अलग है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी को पता नहीं, लगी हैं कितनी गाड़ियां

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव भी कराने का दावा किया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार को यह तक पता नहीं कि जोनल कार्यालयों में कितनी बड़ी गाड़ियों और साइकिल माउंटेड मशीनों से फॉगिंग कराई जा रही है। यही नहीं मशीन में कितना डीजल और दवाई पड़ती है। इससे साफ हो जाता है कि अभियान कैसे चलाया जा रहा है।

राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों का बुरा हाल है, लोग अपने-अपने तरीके से इससे निपटने के लिए उपाय कर रहे हैं, इसी क्रम में गर्मी से बचने के लिए गोमती नदी में नहाने के लिए छलांग लगाते बच्चे। अमृत विचार

आज आंधी के साथ बिजली गिरने की संभावना, जरूरी होने पर ही घर से निकलें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली व कानपुर में आंधी के साथ बिजली गिरने की संभावना
- इटावा, औरैया, जालौन और झांसी क्षेत्र में ओलावृष्टि भी होने की संभावना

अमृत विचार : अगले 24 घंटे में मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल सकता है। लखनऊ और आसपास के जिलों में आंधी के साथ बिजली गिरने की संभावना है। पश्चिमी यूपी के अलावा इटावा, औरैया, जालौन और झांसी क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग ने जरूरी काम होने पर ही घरों से निकलने की सलाह दी है।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि रविवार रात से सोमवार रात तक मौसम बिगड़ सकता है। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुरखीरी, अमेठी, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल समेत कई जिलों में तेज बादल गरजने के साथ बिजली गिर सकती है। उन्नाव, रायबरेली, कानपुर नगर, कानपुर देहात, हरदोई, फतेहपुर, बांदा, महोबा, चित्रकूट, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत कई जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं (आंधी) चलने के साथ बादल गरजने और बिजली गिरने की संभावना है।

इसी तरह इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर के अलावा पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर की गति से हवाएं चलेंगी। इन जिलों में ओलावृष्टि के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार सुबह से देर शाम तक जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। तेज हवाएं चलने के दौरान घरों के खिड़की और दरवाजे बंद रखें। पशुओं को भी छायादार स्थानों पर बांधें।

मौसम विभाग की ओर से जताई गई संभावना

मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक बोले - 24 घण्टे के भीतर मौसम में होगा तेजी से बदलाव

कटी फसलों का सुरक्षित कर लें किसान

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। इससे फसलों को नुकसान हो सकता है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार लखनऊ व आसपास के जिलों में मेघ गर्जन व वज्रपात हो सकता है। यदि मौसम खराब होता है तो किसान खेतों पर न जाएं। गेहूं व अन्य फसलों की कटाई व मड़ाई रोक दें। खेतों पर गेहूं की कटी फसल बांधकर सुरक्षित स्थान पर रखें या फिर खेत में ढक व बांधकर रखें। सब्जियों व बागवानी में परिपक्व फल की तोड़ाई करें।

कटौती व लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपभोक्ताओं को नहीं भेजा जा रहा एसएमएस

अमृत विचार : नादरगंज के बिजनौर सरवननगर क्षेत्र में बिजली कटौती और लो वोल्टेज उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है। घंटों बिजली न होने से पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। लो वोल्टेज के कारण एसी, कूलर, फ्रिज, टीवी समेत अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। बगैर सूचना के बिजली गुल कर दी जाती है।

सरवन नगर में करीब दो हजार उपभोक्ता कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार कभी अनुरक्षण कार्य तो कभी फॉल्ट सही करने के लिए शटडाउन लेकर सप्लाई को बंद कर दी जाती है। बिजली आ भी गई तो लो वोल्टेज बना रहता है। इसकी सूचना उपकेंद्र अधिकारी और कर्मचारी को दी गई लेकिन स्थिति जस की तस बनी है। इस संबंध में एसडीओ नादरगंज अखिलेश भास्कर ने कहा कि अनुरक्षण कार्य के कारण यहां सप्लाई को बंद किया जा रहा है। फॉल्ट को सही करने के लिए उपकेंद्र कर्मचारियों को तय समय सीमा में काम के निर्देश भी दिये गये हैं। क्षेत्र में अगर लो वोल्टेज की समस्या है तो दिखवाकर सही करा दिया जाएगा।

योजना से वंचित परिवार किए जाएंगे चिह्नित

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई तो प्रगति खराब मिली। बीसी सखी और कैश क्रेडिट लिंकेज की प्रगति भी संतोषजनक नहीं मिली।

इस पर उपायुक्त स्वतः रोजगार आशुतोष दुबे ने नाराजगी जताई। ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को निर्देश दिए किए अपने क्लस्टर की ग्राम पंचायतों पर ऐसे लाभार्थी का चयन करें जो योजना से वंचित हैं। इनमें मनरेगा श्रमिक व अन्य योजना से वंचित परिवारों को समूह में जोड़कर मिशन की योजनाओं से लाभान्वित करना है। सहायक विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि क्षेत्र का भ्रमण करें।

ज्यादातर बिजली उपकेंद्रों के नल और आरओ खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पानी के लिए परेशान हो रहे कर्मचारी और उपभोक्ता

अमृत विचार : राजधानी के बिजली उपकेंद्रों पर शुद्ध और शीतल पानी की व्यवस्था न होने से कर्मचारी और उपभोक्ता परेशान हैं। ज्यादातर उपकेंद्रों पर लगे आरओ खराब हैं। इससे कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

उपकेंद्रों की पेयजल व्यवस्था की शनिवार को पड़ताल की गई। निराला नगर उपकेंद्र की पानी की मशीनें खराब हैं। परिसर में लगा नल भी बंद पड़ा है। कर्मचारियों ने बताया कि मशीन खराब होने की समस्या कई बार अधिकारियों को बताई जा चुकी है। उपकेंद्र पर जिम्मेदारी अधिकारी न होने से समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। महानगर उपकेंद्र का आरओ भी आए दिन खराब रहता है। परिसर में लगे नल में भी कभी कभार ही पानी आता है।

जीएसआई अलीगंज पावर हाउस में लगे नल से गंदा पानी आता है। यहां का वाटर कूलर, आरओ भी खराब है।

जीवीआरए जानकीपुरम पावर हाउस में पेयजल की लाइन में लगा टुल्लू पंप खराब है। यही हाल ट्रांसगोमती के बिजली उपकेंद्रों का है। जीवीआरए उपकेंद्र का आरओ भी खराब है। इंदिरा नगर के एचसीएल पावर हाउस में भी एक ही नल लगा है।

मेरे संज्ञान में अब यह मामला आया है। सभी उपकेंद्रों पर पानी की सप्लाई और खराब आरओ मशीनों को सही कराया कराकर कर्मचारी और उपभोक्ताओं की पेयजल की समस्या की समस्या को दूर किया जायेगा।

-सुनील कपूर मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

खराब पड़ी आरओ मशीन।

बेकार पड़े जार। अमृत विचार

फैजुल्लागंज में सफाई व्यवस्था बेपटरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फैजुल्लागंज में सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। कालोनियों में सफाई न होने से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। श्रीनगर कालोनी में नौ फिट गहरा नाला पूरी तरह सिल्ट से पट गया है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा है।

कालोनी के निवासियों ने रविवार को सामाजिक कार्यकत्री ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध जताया। निवासियों ने बताया कि जब से नगर निगम के जोन तीन में नए जोनल अधिकारी और जेडएसओ की तैनाती हुई है तब से सफाई व्यवस्था बदहाल है।

श्रीनगर कालोनी में प्रदर्शन करते क्षेत्रीय नागरिक। अमृत विचार

- श्रीनगर कालोनी में निवासियों ने किया प्रदर्शन

शिकायत के बावजूद अधिकारी क्षेत्र में समस्या देखने तक नहीं आते हैं। ममता त्रिपाठी ने बताया कि कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। श्याम विहार कॉलोनी, यश नगर, कृष्ण लोक कालोनी, केशव नगर, प्रीति नगर व पुरवा में भीषण गंदगी व्याप्त है। क्षेत्र में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं किया गया तो नगर निगम के विरोध में महिलाएं फैजुल्लागंज में सड़क मार्च करेंगी। प्रदर्शन के दौरान अमित शुक्ला, मुरली प्रसाद वर्मा, तारा श्रीवास्तव, आरएस पाल सहित क्षेत्रीय निवासी शामिल रहे।

एक नजर

पूर्व छात्राओं ने साझा किये अनुभव

अमृत विचार, लखनऊ : गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सम्मिलित हुईं पूर्व छात्राओं द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पूर्व छात्राओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में व्यतीत हुए अनुभवों को साझा किया गया। छात्राओं को नई दिशा और नवाचारों के बीच प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या सहित अन्य शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

हुसैनी टाइगर ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : शिया संगठन हुसैनी टाइगर द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजरतगंज स्थित इमामबाड़ा सिबतैनाबाद पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री को रिलीज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी ने देश की मजबूती के लिए एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान शिया वक्फबोर्ड के चेयरमैन अली जैदी व भाजपा नेता अमील शम्सी और हुसैनी टाइगर्स के संस्थापक शमील शम्सी और हुसैनी टाइगर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष नकी हुसैन ने संबोधित किया।

तीन श्रेणियों के सहारे अध्ययन का खाका तैयार

कुलाधिपति के आदेश पर पुनर्वास विवि में स्रोतों को लेकर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय दिव्यांग छात्रों को क्या सहूलियतें देने जा रहा है। इसको लेकर तीन श्रेणियों में खाका तैयार किया गया है। कुलाधिपति के आदेश पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए कुलपति की अध्यक्षता में विभागाध्यक्षों की ओर से मंथन पूरा किया जा चुका है।

पुनर्वास विवि में देश ही नहीं विदेशों के दिव्यांग छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अलग- अलग संकायों के छात्रों को सहूलियतें भी दी गई हैं। व्यवस्थाओं को और अधिक विस्तार देने के निर्देश कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दिये हैं। विवि के कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा द्वारा सुविधाओं को विस्तार देने के लिए श्रेणी बनाई गई हैं।

कुलपति बताते हैं कि तीन श्रेणियों के सहारे व्यवस्थाओं को विस्तार दिया जा रहा है। इसमें एक वर्ष, ढाई वर्ष और पांच वर्ष की व्यवस्थाएं सम्मिलित की गई हैं। विजन को तैयार करने में पाठ्यक्रम, खेलकूद, अतिरिक्त कक्षाओं के साथ तकनीकी शिक्षा और रोजगार के साधनों का भी सहारा लिया गया है।

बताते हैं कि सभी संकायाध्यक्षों की ओर से प्रारूप ले लिया गया है। जल्द ही इसे कुलाधिपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके सहारे दिव्यांग छात्रों को दी जाने वाली सेवाओं को विस्तार मिलेगा।

▸▸ दिव्यांग छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं का देना होगा ब्योरा

नैक मूल्यांकन को लेकर बैठक

नैक ग्रेडिंग को लेकर विवि प्रशासन की ओर से मूल्यांकन किया जा रहा है। बताते हैं कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में तैयार विषय वस्तुओं को राजभवन में प्रस्तुत किया जाना है। ऐसे में विवि के कुलपति द्वारा रोजाना बैठक कर विषयों पर चर्चा हो रही है। आयोजित बैठक में कुल सचिव रोहित सिंह, वित्त अधिकारी संजय सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय उपस्थित रहे।

52 क्रेडिटों के सहारे मिलेंगी सुविधाएं

स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष के छात्रों को न्यूनतम 52 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य है। इसके सहारे छात्रों को दूसरे स्थान पर जाकर पढ़ाई करने की सुविधाएं मिलेंगी। छात्र को स्नातक (शोध सहित) की उपाधि भी आसानी से मिल सकेगी। प्रथम व द्वितीय वर्ष में न्यूनतम 52 और 48 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य किया गया है।

शोध के साथ वनस्पतियों पर होगा व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान ग्रीष्मकालीन पादप विज्ञान महोत्सव में वनस्पतियों पर शोध और चर्चाएं आयोजित कराने जा रहा है। सोमवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शोधार्थी अपने-अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। इसको लेकर संस्थान के निदेशक की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान समय-समय पर पर्यावरण और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पादप विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक दिन पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने एक बैठक करते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। बैठक के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। संस्थान के निदेशक का कहना है कि ग्रीष्मकालीन पादप विज्ञान महोत्सव में वनस्पतियों पर शोध और चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें शोधार्थी अपने-अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि-शिक्षा भारतीय अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ. राकेश चन्द्र अग्रवाल शामिल होंगे।

बच्चों को निर्धारित समय में प्रवेश दिलाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ दूसरे चरण में हैं साढ़े 6 हजार बच्चे, निर्धारित अवधि में दो दिन शेष

अमृत विचार: शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दूसरे चरण में चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाने की जो निर्धारित अवधि है उसमें दो दिन शेष हैं। ऐसे में विभाग की ओर से प्रक्रिया सोमवार से तेज होगी।

राजधानी में दूसरे चरण के तहत करीब साढ़े छह हजार बच्चों का चयन हुआ है। इन सभी बच्चों का प्रवेश निजी स्कूलो में 17 अप्रैल तक कराया जाना है। निर्धारित अवधि में दो दिन ही बचे हैं लेकिन इसमें 50 प्रतिशत से अधिक बच्चों का भी प्रवेश नहीं हो सका है। समय से बच्चों को प्रवेश मिले इसके लिए विभाग की टीम भी सक्रिय है। आरटीई जिला समन्वयक अखिलेश अवस्थी ने बताया कि दूसरे चरण में जिन बच्चों का लाटरी में नाम चयनित किया गया है उनके अभिभावकों की ओर से पांच स्कूलों के नाम का विकल्प दिया गया है। उसमें किसी एक विद्यालय के में बच्चे को प्रवेश हर हाल में दिलाया जायेगा।

पहले चरण में छूटे बच्चों के अभिभावकों से संपर्क : आरटीई समन्वयक अखिलेश अवस्थी के मुताबिक पहले चरण में जिन बच्चों का चयन हुआ था उनमें से अभी जो बच्चे प्रवेश से वंचित रह गये हैं उनके अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है।

उन्होंने कहा सभी पात्र बच्चों को प्रवेश मिल सके इसमें अभिभावकों को भी समय का ध्यान रखना होगा।

पहले नंबर वाले स्कूल में प्रवेश दिलाने का प्रयास

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया के प्रत्येक बच्चे के आवेदन में पांच प्राइवेट स्कूलों का विकल्प दिया जाता है। फिर भी अक्सर ये देखा जा रहा है कि अभिभावक पहले नंबर वाले स्कूल में बच्चे को प्रवेश दिलाने का प्रयास करते हैं। बीएसए ने बताया कई बार अभिभावक पहले नंबर का स्कूल न मिलने की वजह से अपने बच्चे को प्रवेश ही नहीं दिलाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए ये बच्चे के साथ अन्याय होता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

I, Poonam Arora W/O Indresh Sharma R/o - 155 Malhour Road Nikat Islamia School Chinhat Lucknow U.P. 226028 have changed my name from Poonam Arora to Poonam Sharma after marriage for all future purpose. Poonam Arora and Poonam Sharma both names belong to the same person.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में संजीव कुमार और आधार कार्ड,पेन कार्ड में संजीव कुमार पोरवाल अंकित है। संजीव कुमार और संजीव कुमार पोरवाल दोनो ही नाम मेरे ही हैं। अतः पासपोर्ट में भी मेरा नाम संजीव कुमार पोरवाल अंकित कर द्वितीय प्रति निर्गत कर दी जावे। **–संजीव कुमार पोरवाल पुत्र स्व श्याम बिहारी लाल पोरवाल, निवासी– बसरेहर, जिला– इटावा**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिलशाद से बदलकर दिलशाद आलम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–दिलशाद आलम पुत्र सोनहन, निवासी– ग्राम रामपुर बारह कोनी, पोस्ट व थाना धनघटा, जिला सन्त कबीर नगर 272162**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी का नाम ARFA WAKEEL पुत्री ABDUL WAKEEL KHAN निवासी– **पाटेश्वरी नगर, पो0– कौवा पुर जिला बलरामपुर** की रहने वाली है मेरी बेटी का सही नाम ARFA WAKIL है अब भविष्य में इसी नाम से जानी व पहचानी जाए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी का नाम SHEEFA WAKIL पुत्री ABDUL WAKEEL KHAN निवासी– **पाटेश्वरी नगर, पो0– कौवा पुर जिला बलरामपुर** की रहने वाली है मेरी बेटी का सही नाम SHIFA WAKIL है अब भविष्य में इसी नाम से जानी वा पहचानी जाए।

शिक्षा समाज के लिए रही है मददगार : प्रदीप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर-कॉलेज मूट कोर्ट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उप्र राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार ने कहा है कि शिक्षा समाज के प्रति हमेशा से मददगार रही है। छात्रों को इस विश्वास के साथ पढ़ाई करनी चाहिए, कि इसके माध्यम से समाज को मदद मिलेगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में मूट कोर्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम को उप्र राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति ने कहा कि समाज में रचनात्मक परिवर्तन लाने में शिक्षा ही मददगार साबित होती रही है। इसी को ध्यान में रखकर विभिन्न क्षेत्रों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को आगे आना होगा। इससे समाज के लोगों को मदद मिलेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंतर-कॉलेज मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के साथ-साथ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विधि महाविद्यालयों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। क्वार्टर फाइनल राउंड में 8 टीमें शामिल हुईं। 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। फाइनल राउंड का मुकाबला लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम (उर्वशी सिंह, कोमल तिवारी और सौम्या वर्मा) और यूनिटी कॉलेज की टीम (रबाइका सिद्दीकी, यासिर हुसैन आबिदी और प्रिया कश्यप) के बीच हुआ। सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार लखनऊ विश्वविद्यालय की एक टीम ने जीता। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह द्वारा विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. बंशी धर सिंह और डॉ. राधेश्याम प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते लोहिया विधि विवि के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह। अमृत विचार

▸▸ लविवि में अंतर-कॉलेज मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित

सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता बनीं वैष्णवी

प्रतियोगिता में छात्रा आयुषी द्विवेदी, अभिराम पांडे, कुमार प्रसंग सहित अन्य छात्र शामिल हुए। सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार लविवि की वैष्णवी रस्तोगी को मिला। सर्वश्रेष्ठ मूटर का पुरस्कार मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज की मानसी द्विवेदी ने जीता। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

लखनऊ ओलंपिक संघ कराएगा विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खेलों के माध्यम से फिटनेस के प्रति लोगों को जागरुक करने को लखनऊ ओलंपिक संघ विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कराएगा। यह फैसला लखनऊ ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की रविवार को अवध जिमखाना क्लब में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय व संरक्षक मुरलीधर आहूजा ने संयुक्त रूप से की।

इस अवसर पर सुशीम बाजपेयी को उपाध्यक्ष व वित्त विकास समिति का चेयरमैन, आनंद शेखर सिंह को संयुक्त सचिव व सैयद सफदर रिजवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर वित्त विकास समिति भी बनाई गई, जिसके चेयरमैन सुशीम वाजपेयी होंगे।

इसमें आनंद शेखर सिंह व मो.नदीम सदस्य होंगे। चेयरमैन डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) ने बताया कि लखनऊ ओलंपिक संघ के बैनर तले संबद्ध जिला खेल संघों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी जिसका पर होने वाले समस्त व्ययों का वहन लखनऊ ओलंपिक संघ करेगा।

इसके लिए ताइक्वांडो, तलवारबाजी व योगासन की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं होगी जिसकी तिथियां जल्द घोषित की जाएंगी।

बैठक के बाद होली व ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय, प्रत्यूष रत्न पाण्डेय, मालविका बाजपेयी, विनीत बिसारिया, कोषाध्यक्ष मो.नदीम, उपाध्यक्ष राजकुमार सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा अन्नू, उपाध्यक्ष यूजिन पाल व अन्य मौजूद थे।

लखनऊ ओलंपिक संघ की कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्य। अमृत विचार

सर्वोदय महाविद्यालय
मिर्हीपुरवा, बहराइच
सम्बद्ध – डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, फैजाबाद

आवश्यकता है

निम्नलिखित विषयों के प्राध्यापकों की:–

अ. परास्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–
(1) गृहविज्ञान पद –02
ब. स्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–
(1) प्राचीन इतिहास पद–01
(2) अंग्रेजी पद –01
(3) राजनीति शास्त्र पद –01
स. संगणक अध्यापक– 01, **लिपिक कम जीप चालक –** 01

नोट:–1. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ विज्ञप्ति जारी होने के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
2. प्राध्यापकों की शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार।
2. वेतन स्ववित्तपोषित योजनांगत।

प्रबन्धक / प्राचार्य
मो0नं0–9839920510,9450257922

सूर्या रेड ने जीती सूर्य पोलो ट्रॉफी

अमृत विचार,लखनऊ : छावनी स्थित सूर्या खेल परिसर में रविवार को घुड़सवारी प्रदर्शन की शुरुआत लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने की। प्रदर्शन में रिमाउंट वेटरनरी कोर और आर्मी सर्विस कोर के 60 घोड़े शामिल हुए। म्यूल ट्रिक राइडिंग, शो जंपिंग और टेंट पेगिंग के अलावा पोलो मैच हुआ। सूर्या रेड और सूर्या ब्लू टीमों के बीच पोलो मैच खेला गया।

इसमें सूर्या रेड ने 6-4 मैच जीतकर सूर्य पोलो ट्रॉफी अपने नाम की। रिमाउंट वेटरनरी कोर के सवारों ने शो जंपिंग कौशल में छह बार जंपिंग का प्रदर्शन किया। टेंट पेगिंग शो में आरवीसी और एएससी के घुड़सवारों ने घोड़ों और सवारों के बीच उत्कृष्ट समन्वय दिखाया। 2000 परिवारों ने प्रदर्शन का आनंद लिया।

ज्ञानेश को 4, भाविनी, इशिता व नित्या को मिले दो स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ज्ञानेश कुमार सिंघल ने लखनऊ जिला कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे प्रतियोगिता में दम दिखाते हुए 4 स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा बनाया। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ की देखरेख में आयोजित चैंपियनशिप में भाविनी शर्मा, इशिता वर्मा, जय भारत दुबे व नित्या सिंह ने दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। अंत में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्णा अवतार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के तकनीकी निदेशक संतोष कुमार, संयुक्त सचिव अशोक कुमार पाल, उपाध्यक्ष अनुराग चतुर्वेदी मौजूद रहे।

इस चैंपियनशिप के स्वर्ण व रजत पदक विजेता लखनऊ में आगामी 20 व 21 अप्रैल को होने वाली यूपी स्टेट कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे प्रतियोगिता में लखनऊ टीम का प्रतिनिधत्व करेंगे।

चैंपियनशिप में ज्ञानेश कुमार सिंघल ने पुरुष सीनियर व्यक्तिगत काता, पुरुष सीनियर कुमिते (55 किग्रा से कम), पुरुष काता (18-21 वर्ष) व पुरुष कुमिते (18-21 वर्ष, 55 किग्रा से कम) में स्वर्णिम सफलता हासिल की।

भाविनी शर्मा ने बालिका व्यक्तिगत काता (16-17 वर्ष) और बालिका कुमिते (16-17 वर्ष, 53 किग्रा से कम), इशिता वर्मा ने बालिका व्यक्तिगत काता (14-15 वर्ष) व बालिका कुमिते (14-15 वर्ष, 61 किग्रा से कम), जय भारत दुबे ने पुरुष सीनियर कुमिते (60 किग्रा से कम) पुरुष कुमिते (18-21 वर्ष, 60 किग्रा से कम) और नित्या सिंह ने महिला कुमिते (18-21 वर्ष, 45 किग्रा से कम) और महिला सीनियर व्यक्तिगत काता में दोहरे स्वर्ण पदक जीते।

चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में पदक के साथ कराटे प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

▸▸ लखनऊ जिला कैडेट जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे प्रतियोगिता

नेशनल वॉलीबाल कैंप में पहुंचे विकास और रजत

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी विकास मान और रजत सिंह का चयन नेशनल अंडर-18 वॉलीबाल कैंप में किया गया है। उनका चयन बीते दिनों बंगलूरू में आयोजित ट्रायल के दौरान हुआ। इस चयन ट्रायल में देश भर से आए 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत की वॉलीबाल एडहॉक कमेटी की देखरेख में यह चयन ट्रायल आयोजित किया गया। कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र विकास पाल और 11वीं के छात्र रजत पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर स्तर पर दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों ने नेशनल कैंप में जगह बना कर शानदार शुरुआत की है। कॉलेज के वॉलीबाल प्रशिक्षक विमल द्विवेदी के अनुसार देश भर के खिलाड़ियों ने अपने दम से यह मुकाम हासिल किया है। मेरे लिए यह गर्व की बात है कि इन खिलाड़ियों ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। गोरखपुर निवासी विकास और चंदौली के रहने वाले रजत दोनों ही मेहनती हैं। उम्मीद है कि दोनों देश के अंडर-18 टीम में चयनित होकर कॉलेज का नाम रोशन करेंगे।

साइकिलिंग पर सेमिनार आज

अमृत विचार, लखनऊ : साइकिलिंग को खेल के तौर पर अपनाने व विभिन्न तरह के लाभों पर चर्चा के लिए एक दिवसीय सेमिनार सोमवार को गोमती नगर के विनय खंड दो स्थित मॉडर्न अकादमी में आयोजित किया जाएगा।मॉडर्न एकेडमी व पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन (पीसीए) के तत्वावधान में आयोजित इस सेमिनार के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान (आईएएस) होंगे।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डीएम और एडीएम की बल्लेबाजी ने दिलाई जिला प्रशासन को जीत

▸▸ मतदाताओं को जागरूक करने को खेला गया क्रिकेट मैच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दिन भर फाइलों और जनसमस्याओं को निस्तारण करने वाले अंदाज में ही आईएएस सूर्यपाल गंगवार ने जिस तरह से गेंदबाजों की धुनाई की। उनका केडी सिंह बाबू स्टेडियम में नया रूप देखकर सभी हैरत में पड़ गए। उन्होंने मैदान के हर तरफ शॉट लगाकर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण 25 रनों की पानी खेली। यह नजारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित क्रिकेट मैच का था। मैच में जिला प्रशासन एकादश की टीम ने एकत्व एकादश को 77 रनों से हरा दिया।

जागरूकता मैच का टॉस एकत्व एकादश ने जीता। जिला प्रशासन एकादश की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जिला प्रशासन एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में तीन विकेट खोकर 125 रन बनाए।

अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती राकेश सिंह ने सर्वाधिक 25 गेंदों में 40 रनों बनाए। जिलाधिकारी ने 22 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। जवाब में एकत्व एकादश की टीम 12 ओवर में चार विकेट खोकर 48 रन ही बना सकी। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार सदर और नायब तहसीलदार सदर ने एक-एक विकेट लिया। सचिव वर्मा 2 ओवर में 11 रन देकर एक विकेट लिया।

70 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य

मैच के बाद जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने लोकसभा चुनाव में सभी से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ में 35 लाख में से लगभग 15 लाख लोगों ने वोट नहीं दिया। युवा साथी के सहयोग से इस बार 70 प्रतिशत तक वोटिंग का लक्ष्य रखा गया है। आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाकर सोशल इंफ्ल्युएंसर्स अपने-अपने प्लेटफार्म से लोगों को जागरूक करेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी बने कप्तान

जिला प्रशासन एकादश टीम में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती राकेश सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट सचिन वर्मा, उप जिलाधिकारी मलिहाबाद सौरभ सिंह, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सदर और सरोजनीनगर रहे। एकत्व एकादश में सौरभ, आमिस, आयुष, अपूर्व, विमल, आदित्य, आशुतोष, दीपक, अमन, रोहन व शैलेश रहे।

ट्रॉफी के साथ जिलाधिकारी डॉ. सूर्यपाल गंगवार और जिला प्रशासन टीम के अन्य खिलाड़ी। फोटो : अमृत विचार

एक नजर

लोगों में बढ़ रही गठिया रोग की बीमारी

अमृत विचार, लखनऊ : भागम-भाग के इस युग में ज्यादातर लोग जोडो,कमर और घुटने के दर्द से परेशान रहते हैं। चाहे युवा हो या बुजुर्ग ज्यादातर समस्या से ग्रसित हैं। मेडिकल भाषा में कहें तो यह दर्द गठिया रोग के कारण होते हैं। यह कहना है गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरव शुक्ला का। वह हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर इंटर कॉलेज में रविवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया ऑस्टियोआर्थराइटिस एक पुराने उम्र में होने वाली जोड़ों की समस्या है जो दर्द, स्थिरता, और गतिशीलता में कमी का कारण बनती है। इससे जोड़ों के कार्टिलेज का क्षय होता है। रुमेटीइड गठिया एक ऑटोइम्यून विकार है जहां शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली जोड़ों पर हमला करती है। जिससे सूजन, दर्द और अंततः संयुक्त क्षति होती है।

अनियमित जीवनशैली से बीमार हो रहे बच्चे

स्कूलों का समय बदलने को लिखेंगे सरकार को पत्र : प्रो.नरसिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुबह बच्चों की नींद पूरी नहीं होती, वह बोझिल आंखों के साथ स्कूल भेज दिए जाते हैं। स्कूल जाने से पहले बहुत से बच्चे सुबह शौच क्रिया भी नहीं करते हैं। माता-पिता भी भूख लगे बिना ही बच्चों को जबरिया नाश्ता करा देते हैं। इन कारणों से बच्चे आगे चलकर पेट संबंधी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं। यह जानकारी रविवार को अमृत विचार के साथ बातचीत में किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रो.डॉ. नरसिंह वर्मा ने दी है।

प्रो. वर्मा ने कहा कि मौजूदा दौर में जानकारी के अभाव में बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अच्छा करियर बनाने की चाह में नौनिहालों का स्वास्थ्य खराब किया जा रहा है। जब बच्चा स्वस्थ ही नहीं होगा तो उसकी सफलता किस काम की।

प्रो. वर्मा ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ में स्कूलों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। मौजूदा समय में बच्चे रात का खाना देर से खाते हैं। उनके सोने का समय भी बदला है। सुबह जल्दी उठने से उनकी नींद पूरी नहीं होती।

बच्चों को सात बजे स्कूल भी पहुंचना होता है। यदि बच्चों के स्कूल का समय सुबह 10 बजे से करा दिया जाए तो वह नित्य क्रिया आसानी से पूरी कर सकेंगे। इससे उनकी सेहत ठीक रहेगी और पढ़ाई भी अच्छी होगी। प्रो. वर्मा ने कहा कि बच्चों के स्कूल के समय में बदलाव के लिए सरकार को पत्र लिखेंगे।

सुबह सबसे पहले आंतों का साफ होना जरूरी

प्रो. नरसिंह वर्मा ने कहा कि यदि बिना नित्य क्रिया पूरी किए बच्चे को कुछ खिला देंगे और वह खाने के बाद शौच जाएगा तो आगे चल कर पेट की गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाएगा। जिसका इलाज पूरी जिंदगी करना पड़ सकता है। बहुत से मरीज ऐसे मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिन्हें भोजन के बाद शौच जाने की समस्या है।

प्रो .नरसिंह वर्मा

जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में खून की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जांच के लिए लोकबंधु अस्पताल से हुआ करार

अमृत विचार : जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में अब खून से सम्बंधित जांचें भी होंगी। यहां पर मरीजों के नमूने लेकर जांच के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजे जाएंगे।

ट्रॉमा व लोकबंधु अस्पताल के बीच करार हुआ है। 20 बेड की क्षमता वाले जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। संचालन के लिए करीब 8 डॉक्टर समेत पैरामेडिकल स्टॉफ तैनात है। यहां मशीन न होने से खून से जुड़ी जांच नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मरीजों को दूसरे केंद्र पर खून से जुड़ी जांच के लिए जाना पड़ रहा था। ट्रॉमा प्रभारी डॉ. शुशांत ने बताया सोमवार से मरीजों के नमूने लेकर जांच के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजे जाएंगे। इसके लिए कलेक्शन एजेंसी को लगाया गया है। ट्रॉमा प्रभारी के मुताबिक, संस्थान में अभी एक्सरे व अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। ऐसे में मरीजों को रेडियोलॉजी जांच के लिए बीआरडी महानगर या दूसरे सरकारी केंद्र जाना पड़ रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए यहां पर एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित किए जाने के लिए पत्र भेजा गया है। अफसरों ने जल्द ही रेडियोलॉजी जांच की सुविधा यहां पर शुरू होने का दावा किया है।



एसजीपीजीआई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रमुख सचिव व विशेषज्ञ।

रूमेटिक बुखार और हृदय रोग से प्रभावित हो रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एसजीपीजीआई में हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी, बीमारी के उन्मूलन पर रहा जोर

अमृत विचार : रूमेटिक बुखार (आरएफ) और रूमेटिक हृदय रोग से बच्चे ग्रसित हो रहे हैं। समय से इसका उन्मूलन होना जरूरी है। यह बात एसजीपीजीआई में हुई बैठक में एडवर्ड लाइफ साइंसेज फाउंडेशन की प्रो-बोनो कोर ने कही। एसजीपीजीआई में रूमैटिक बुखार और रूमेटिक हृदय रोग की स्क्रीनिंग, प्रबंधन और उन्मूलन को लेकर बैठक हुई।

निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्डियोलॉजी, कार्डियो थोरेसिक सर्जरी विभाग और इंडस सेतु फाउंडेशन के विशेषज्ञ शामिल हुए। प्रो-बोनो कोर समूह ने कहा दुनिया कोरोनरी धमनी रोग और मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों के बड़े बोझ से जूझ रही है। रूमेटिक हृदय रोग पर कम ध्यान दिया गया है, जो बच्चों में एक संक्रामक बीमारी स्ट्रेप थ्रोट के रूप में शुरू होकर कई दशकों बाद वाल्वुलर रोग के रूप में समाप्त होता है।

उन्होंने बताया अनुमानित 10 से 15 लाख से अधिक मरीज आरएचडी से पीड़ित हैं। हर साल 1.25 लाख से अधिक मरीजों की जान चली जाती है, जो वैश्विक बोझ का एक चौथाई हिस्सा है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने प्रदेश से इस बीमारी को खत्म करने के लिए सामुदायिक हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आदित्य कपूर ने बताया स्कूली बच्चों में रूमैटिक फीवर होने की प्रमुख वजह उनका इम्यून सिस्टम पूरी तरह विकसित न होना भी है। किंतु बाहरी वातावरण से उनका संपर्क बहुत ज्यादा होता है। बैठक में ग्लोबल आउटरीच प्रोग्राम के निदेशक, डॉ. जगदीश चतुर्वेदी और डॉ. शान्तनु पांडे ने भी विचार साझा किए।

प्रमुख लक्षण

गले में खराश, जोड़ों में दर्द, सूजन, छाती और पेट में दर्द, नॉजिया, वोमिटिंग, सांस फूलना, ध्यान केंद्रित न कर पाना, त्वचा पर लाल रैशेज, शारीरिक गतिविधियों में असंतुलन, हाथ-पैरों में कंपन और कंधे में झटके लगना प्रमुख लक्षण हैं।

उपचार एवं बचाव

- अगर बच्चे के गले में संक्रमण या दो-तीन दिनों तक 101 डिग्री से ज्यादा बुखार हो तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।
- अगर घर में किसी एक बच्चे को ऐसा संक्रमण है तो उसे दूसरे बच्चों से दूर रखें, अन्यथा उसे भी ऐसी समस्या हो सकती है।
- आमतौर पर कुछ सप्ताह से महीने भर में यह समस्या दूर हो जाती है लेकिन यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि इसकी वजह से बच्चे के हार्ट को कोई नुकसान न पहुंचे क्योंकि उसकी क्षतिपूर्ति असंभव है।
- बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक दवाएं न दें।
- बच्चे के लिए एक टेंपरेचर चार्ट बनाएं। हर दो घंटे के बाद थर्मामीटर से उसके शरीर का तापमान जांच कर उसे चार्ट में दर्ज करें।
- उपचार को बीच में न छोड़ें। सभी दवाएं निश्चित समय पर दें। स्थिति गंभीर होने पर महीनों तक दवाएं देने की ज़रूरत होती है।

सड़क व नाली निर्माण न होने से मतदान का बहिष्कार करते दीनदयाल पुरम के निवासी। अमृत विचार

दीनदयाल पुरम के निवासी करेंगे मतदान का बहिष्कार

अमृत विचार, लखनऊ : 20 वर्षों से सड़क व नाली न बनने से नाराज शहीद भगत सिंह वार्ड स्थित पंडित दीन दयाल पुरम योजना, इंदिरा नगर की तीन हजार आबादी मतदान का बहिष्कार करेगी। निवासियों ने मुख्य प्रवेश द्वार पर बैनर टांग दिया है, जिसमें लिखा है 'जब तक 80 मीटर रोड नहीं, तब तक आपको वोट नहीं'। इसके अलावा घरों पर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' लिखे पोस्टर चिपकाये गये हैं। निवासियों की मांग है कि तत्काल सड़क बनाई जाए।

4300 रुपये लिए तब किया मोतियाबिंद का ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में संविदा पर पुनर्नियुक्ति में तैनात डॉक्टर पर मोतियाबिंद के ऑपरेशन के नाम पर मरीज से 43 सौ रुपये लेने का आरोप लगा है। उन्नाव की मरीज के बेटे ने शपथपत्र में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और एनएचएम की मिशन निदेशक से शिकायत की है।

उन्नाव के हसनगंज निवासी सुशील सिंह का आरोप है कि 8 अप्रैल को मां रामरानी का बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन होना था। अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शाक्य को दिखाया था। उनके कहने पर ऑपरेशन के लिए मां को भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉ. शाक्य की जगह पर दूसरे डॉ. अजय वैद्या ऑपरेशन थियेटर में मिले।

उन्होंने कहा कि वह ही डॉ. शाक्य के सभी ऑपरेशन करते हैं। उसके लिए आपको बाहर से लेंस डालने के लिए 43 सौ रुपए देने पड़ेंगे। सरकारी लेंस डालेंगे तो आंख की रोशनी सही से नहीं आएगी। बाद में रोशनी न आने की शिकायत मत करना। सुशील के मुताबिक महज 300 ही रुपये थे, उसी से किराया लगाकर मां को लेकर घर जाना था लेकिन डॉ. वैद्या ने 300 रुपये भी ले लिए। 4000 रुपये न देने पर ऑपरेशन से इनकार कर दिया। कई बार गुहार के बाद भी डॉक्टर नहीं माने तब सुशील ने किसी परिचित से ऑनलाइन 4000 रुपये मंगवाए। डॉ. वैद्या को ऑनलाइन ही 4000 रुपये दिए।

ऑपरेशन होने के बाद अस्पताल से मां की छुट्टी होने पर 10 रुपये के स्टांप पेपर पर डॉ. अजय वैद्या की शिकायत की। शिकायती पत्र में 4000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने का स्क्रीन शॉट भी संलग्न किया है।

स्टांप पेपर, जिसके माध्यम से शिकायत की गई है। अमृत विचार

▸▸ मरीज के बेटे ने उप मुख्यमंत्री और एनएचएम की मिशन निदेशक से की शिकायत

▸▸ बलरामपुर अस्पताल में ऑपरेशन के लिए आई थी उन्नाव की महिला

> मरीज ओटी टेबल पर लेटी थीं। वह जिद करने लगी कि बाहर का अच्छा लेंस डाल दीजिए, इसलिए मैंने लेंस डाला। लेंस मेरे पास था तो हमने डाल दिया। उसी के लिए 4300 रुपये लिए। जबरन वसूलने का आरोप बेबुनियाद है। मैंने बाहर का लेंस डलवाने को नहीं कहा।
>
> **-डॉ. अजय वैद्याव**

> अभी मामला हमारे संज्ञान में नहीं है। शिकायत आने पर कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी मिलने पर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।
>
> **-डॉ. पवन कुमार अरुण**
> निदेशक, बलरामपुर अस्पताल

दिल्ली और बिहार के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ होकर गुजरेंगी ट्रेनें, 26 से शुरू होगा संचालन

अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन दिल्ली और बिहार के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा। चार जोड़ी विशेष ट्रेनें लखनऊ होकर आवागमन करेंगी। इन ट्रेनों का संचालन 26 अप्रैल से जून के अंतिम सप्ताह तक किया जाएगा। विशेष ट्रेनों की घोषणा के बाद खाली सीटों की बुकिंग शुरू कर दी गई है।

दोनों दिशाओं में लखनऊ होकर आवागमन करेंगी यह ट्रेनें : ट्रेन नंबर 04068 दिल्ली से दरभंगा 26 अप्रैल से 28 जून तक हर मंगलवार व शुक्रवार को दिल्ली से शाम 7:30 बजे चलकर अगले दिन तड़के चारबाग 3:40 बजे पहुंचकर दरभंगा शाम 4:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04067 दरभंगा से दिल्ली 27 अप्रैल से 29 जून तक हर बुधवार व शनिवार को दरभंगा से शाम 6.00 बजे चलकर दूसरे दिन सुबह चारबाग 8:30 बजे पहुंचकर दिल्ली शाम 4:40 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04062 दिल्ली से बरौनी 28 अप्रैल से 30 जून तक हर रविवार को दिल्ली से सुबह 8:50 बजे चलकर चारबाग शाम 5:50 बजे पहुंचकर बरौनी सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04061 बरौनी से दिल्ली 29 अप्रैल से 01 जुलाई तक हर सोमवार को बरौनी से सुबह 8:00 बजे चलकर चारबाग रात 8:30 बजे पहुंचकर अगले दिन दिल्ली सुबह 7:35 बजे पहुंचेगी। ट्रेन 04028 आनन्द विहार से सहरसा विशेष गाड़ी 29 अप्रैल से 24 जून तक हर सोमवार को आनन्द विहार से सुबह 11:10 बजे चलकर लखनऊ शाम 6:40 बजे पहुंचकर अगले दिन सहरसा सुबह 11:20 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04027 सहरसा से आनन्द विहार विशेष गाड़ी एक मई से 26 जून तक हर बुधवार सहरसा से सुबह 9.30 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ सुबह 6:05 बजे पहुंचकर आनन्द विहार दोपहर 1:55 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04058 आनन्द विहार से मुजफ्फरपुर विशेष ट्रेन 29 अप्रैल से 27 जून तक हर सोमवार व गुरुवार को आनन्द विहार से रात 11:15 बजे चलकर दूसरे दिन लखनऊ सुबह 9:35 बजे पहुंचकर मुजफ्फरपुर रात 9:15 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 04057 मुजफ्फरपुर से आनन्द विहार 30 अप्रैल से 28 जून तक हर मंगलवार व शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से रात 11:00 बजे चलकर अगले दिन लखनऊ दोपहर से 12:00 बजे पहुंचकर आनन्द विहार टर्मिनल रात 11:30 बजे पहुंचेगी।

ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- ट्रेन नंबर 22531 छपरा-मथुरा वाया लखनऊ
- ट्रेन नंबर 22532 मथुरा-छपरा लखनऊ
- आज और कल बदले रूट से चलेंगी यह ट्रेनें
- ट्रेन नंबर 02563 बरौनी-नई दिल्ली वाया लखनऊ
- ट्रेन नंबर 02564 नई दिल्ली-बरौनी वाया लखनऊ
- ट्रेन नंबर 02569 दरभंगा-नई दिल्ली वाया लखनऊ
- ट्रेन नंबर 02570 नई दिल्ली-दरभंगा वाया लखनऊ
- ट्रेन नंबर 12554 नई दिल्ली-सहरसा वाया लखनऊ

छपरा-मथुरा निरस्त, बदले रूट से चलेंगी अन्य ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर स्वचालित सिग्नलिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इस कार्य के पूरा होने के बाद इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। ऐसे में 15 अप्रैल को छपरा-मथुरा-छपरा लखनऊ निरस्त रहेंगी। कई अन्य ट्रेनों को बदले हुए रूटों से चलाया जाएगा। इस दौरान लखनऊ से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

रेल यात्रियों को सस्ती दर पर मिलेगा ठंडा पानी

अमृत विचार, लखनऊ : चढ़ते पारे को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्रियों के लिए स्टेशनों पर सस्ते ठंडे पानी की व्यवस्था शुरू कर दी है। लखनऊ के चारबाग, लखनऊ जंक्शन सहित 75 रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों से यात्रियों सस्ती दरों में पेयजल उपलब्ध होगा। उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे ने 300 एमएल से पांच लीटर तक पानी की व्यवस्था की है। जनरल बोगी में पानी की व्यवस्था के लिए गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स-गाइड को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्लेटफार्म और ट्रेनों के भीतर बोतलबंद पानी रेल नीर की 15 रुपये में उपलब्ध है। चारबाग और कैसरबाग बस अड्डे पर ठंडे पानी के लिए एटीएम काउंटर खोला गया है। वहां बोतल लाने पर दो रुपये लीटर पानी मिलेगा।

बोतल लाने पर पानी की दरें

- 300 एमएल पानी : 2 रुपये में
- 500 एमएल पानी : 3 रुपये में
- एक लीटर पानी- 5 रुपये में
- दो लीटर पानी : 8 रुपये में
- पांच लीटर पानी : 20 रुपये में

महाअष्टमी 16 और महानवमी 17 को

अमृत विचार, लखनऊ : ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्र की अष्टमी 15 अप्रैल को दिन में 12:11 बजे से 16 अप्रैल को दिन में 1: 23 बजे तक रहेगी। अष्टमी का व्रत 16 अप्रैल को किया जाएगा। नवमी तिथि 16 अप्रैल को दिन के 1: 23 बजे से 17 अप्रैल को दोपहर 3:14 बजे तक रहेगी। नवमी 17 अप्रैल को मनाई जाएगी।

बैसाखी पर गुरुद्वारा यहियागंज में सजा विशेष दीवान

अमृत विचार, लखनऊ : यहियागंज स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर में बैसाखी के अवसर पर रविवार को सुबह से देर शाम तक विशेष दीवान सजाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारे को विभिन्न प्रकार के फूल और लाइटों की झालरों से सजाया गया। दरबार साहब अमृतसर से आए अरविंदर सिंह व स्वरूप सिंह ने अपने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि जत्थेदार जसबीर सिंह की अगुवाई में अमृत संचार कराया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने अमृतसर से आए स्वरूप सिंह व अरविंदर सिंह नूर को गुरु घर का सत्कार शाल व सिरोपा भेंट किया।

अयोध्या के लिए आज से चलेंगी 50 बसें

रामनवमी मेले के लिए 20 तक किया जाएगा संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या के रामनवमी मेले के लिए परिवहन निगम शटल बस सेवा आज से शुरू करेगा। बसों का संचालन 20 अप्रैल तक किया जाएगा।

लखनऊ से अयोध्या के बीच शटल सेवा के रूप में चारबाग, कैसरबाग, आलमबाग और अवध बस अड्डे से हर घंटे बसें मिलेंगी। लखनऊ से अयोध्या जाकर बसें उसी दिन वापसी करेंगी। चारबाग से 20, कैसरबाग और अवध बस अड्डे से 15-15 बसें चलाई जाएंगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या के लिए विशेष बसें चलाने के निर्देश निगम मुख्यालय से मिले हैं। बाहर से आने वाली बसों को आलमबाग होते हुए अयोध्या रवाना किया जाएगा। लखनऊ से अयोध्या जाने वाली बसों का डायवर्जन नहीं किया गया है। यह बसें यात्रियों को बाईपास स्थित अयोध्या धाम बस स्टेशन तक पहुंचाएंगी। रामनवमी का पर्व 17 अप्रैल को मनाया जाएगा। इससे अयोध्या रूट पर दो दिन पहले से रूट डायवर्ट किया जाएगा, लेकिन अयोध्या जाने वाली बसों पर डायवर्जन लागू नहीं होगा।

अयोध्या के लिए वंदे भारत में जगह, अन्य ट्रेनों में सीटें फुल

अमृत विचार, लखनऊ : रामनवरी के चलते लखनऊ से अयोध्या जाने वाली ज्यादातर ट्रेनें अभी से फुल हो गई हैं। योगनगरी हावड़ा दून एक्सप्रेस के स्लीपर, थर्ड एसी व सेकेंड एसी में वेटिंग चल रही है। कैफियात एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, गंगा सतलुज एक्सप्रेस, फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस में भी लंबी वेटिंग है। बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस में बुधवार के स्लीपर, थर्ड एसी व सेकंड एसी में भी कंफर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। रेलवे प्रशासन के अनुसार वंदेभारत में अभी सीटें खाली हैं। गोमतीनगर से अयोध्या जाने वाली ट्रेन नंबर 22346 वंदेभारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 239 व एग्जीक्यूटिव में 21 सीटें खाली हैं। इसमें चेयरकार का किराया 545 रुपये व 1040 रुपये है। चारबाग से अयोध्या जाने वाली ट्रेन नंबर 22550 वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 255 व एग्जीक्यूटिव में 12 सीटें खाली हैं। इसका किराया 725 रुपये व 1210 रुपये है।

आयुर्वेद एवं पंचकर्म सेंटर का उद्घाटन आज करेंगे मुख्य सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : विभिन्न बीमारियों में आयुर्वेदिक उपचार प्राप्त करने के लिए रायबरेली रोड स्थित सरस्वतीपुरम् में डॉ. त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेंटर शुरू होगा। इसका उद्घाटन 15 अप्रैल को राज्य के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र करेंगे। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी उपस्थित रहेंगी। आयुर्वेद सेंटर के संस्थापक आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि निदानशाला में जटिल एवं जीवन शैली संबन्धित रोगों के इलाज के साथ शोध किया जायेगा। क्षार-सूत्र विधि से इलाज की सुविधा होगी।

खतरे में जानवरों की जान, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

चिड़ियाघर के अंदर प्रतिबंधित पॉलीथिन में धड़ल्ले से हो रही खिलौनों की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान के जानवरों की जान और उनकी सुरक्षा खतरे में है। उद्यान में पॉलीथिन में खानें पीने के सामान से लेकर खिलौनों की बिक्री धडल्ले से की जा रही है। बच्चे पॉलीथिन और खिलौने जानवरों के बाड़े तक लेकर पहुंच रहे हैं। जबकि चिड़ियाघर में दर्शकों का पॉलीथिन ले जाना वर्जित है।

यहां घूमने आने वाले दर्शकों से गेट पर ही पॉलीथिन में बंद सामानो को अंदर ले जाने से रोक दिया जाता है। उन्हें कागज के पैकेट थमा कर प्रवेश दिया जाता है। वही दूसरी तरफ परिसर मे ही प्लास्टिक के सामानों की बिक्री की जा रही है। मुख्य द्वार के निकट ही खुली इस दुकान पर बच्चों की जिद से मजबूर अभिवावक पॉलीथिनों मे पैक खिलौनों को खरीदने पर मजबूर है। वे खिलौने के साथ चिड़ियाघर की सैर करते हैं। इस दौरान खिलौने को बाहर निकाल कर पॉलीथिन को चिड़ियाघर परिसर में ही फेंक देते हैं। उड़ती हुई पॉलीथिन जानवरों के बाड़ों तक पहुंच रही हैं।

मुख्य द्वार पर होती है जांच : चिड़ियाघर में प्लास्टिक का सामान ले जाना प्रतिबंधित है। कोई दर्शक प्लास्टिक के साथ मिलता है तो उसे जुर्माना वसूला जाता है। इतना ही नहीं जानवरों की सुरक्षा को देखते हुए दर्शकों के बैग की जांच मुख्य द्वार पर की जाती है। जिससे कि वह अपने साथ पॉलीथिन अंदर ना ले जा सके।

प्राणि उद्यान में मानकों को दरकिनार कर खोली गई दुकान।

निजी लाभ के लिए खुलवा दी दुकान

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार चिड़ियाघर के कुछ अधिकारी अपने फायदे के लिए परिसर के अंदर प्लास्टिक के खिलौनों की दुकान ही खुलवा दी है। जहां धडल्ले से पॉलीथिन में बंद खिलौनों की बिक्री से उनकी जेबें भी भर रही है।

> पॉलीथिन परिसर मे पूरी तरह प्रतिबंधित है। हार्ड प्लास्टिक के खिलौने जानवरों के बाड़े तक ना पहुंचे इसके लिए कीपर सहित कर्मचारी चेकिंग भी करते है। फिर भी अगर कोई दर्शक ऐसा करता हुआ पाया जायेगा, तो उससे जुर्माना वसूलने के साथ कार्रवाई भी की जायेगी।
>
> **-अदिति शर्मा,** निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान

निशुल्क प्रशिक्षण का किया जा रहा आयोजन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की देवलोक कॉलोनी स्थित सहयोग परिवार परिसर में स्थापित किये गये तारा शक्ति केन्द्र मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मौजूदा समय में स्कूल ड्रेस सिलने का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मई में जूट बैग का प्रशिक्षण शुरू होगा। जून में आर्टिफिशियल ज्वैलरी का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जुलाई से फैशन डिजाइनिंग एवं कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देकर मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जाएगा। केन्द्र के संचालक ने बताया कि सभी निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आवेदन किये जा रहे हैं। इच्छुक प्रतिभागी आवेदन कर सकते हैं।

शासन कराएगा आरोपित अपर निदेशक की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पशु पालन विभाग के एक अपर निदेशक पर कर्मचारियों के उत्पीड़न मामले का शासन ने संज्ञान लिया है। जो अधिकारी नामित कर जांच कराएगा।

राजकीय पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात कर्मचारी राजेंद्र का आरोप है कि पिछले माह एक अपर निदेशक ने गलत तरह से आदेश कर अपने कार्यालय में संबद्ध कर लिया और एक सप्ताह तक घर में डरा धमका कर चौका-बर्तन कराया। विरोध करने पर षडयंत्र के तहत उल्टा आरोप लगाकर जांच कराने लगे। इस शिकायत पर जांच निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. आरएन सिंह को मिली थी। वह जांच शुरू नहीं कर पाए कि इस बीच आरोपित के खिलाफ महिला उत्पीड़न समेत अन्य मामले सामने आए। जिसे शासन ने गंभीरता से लिया है, जो अधिकारी नामित कर जांच कराएगा। निदेशक ने बताया कि शासन को लिखकर भेज दिया है।

इधर, अपर निदेशक ने डिप्टी सीवीओ डॉ. एसके राय को खराब प्रगति पर मध्य कालीन विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी। जबकि विभागीय रिपोर्ट के अनुसार 100 फीसद लक्ष्य पूर्ति की है। कहना है कि अपर निदेशक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का अधिकार नहीं है। ऐसा राजेंद्र का सहयोग करने पर किया है।

एक नजर

कमरे में मिला एलआईसी एजेंट का शव

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग कोतवाली अंतर्गत खंदारी बाजार में रविवार को एलआइसी एजेंट मनोज शर्मा उर्फ पिंटू का शव कमरे में मिला। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, घर में मनोज के अलावा कोई नहीं रहता था। एलआइसी एजेंट का काम करते थे। पिता राम जियावन व बहन की मौत हो जाने के बाद से घर से नहीं निकलते थे। पड़ोसी अरुण कुमार आर्य ने बताया कि छह दिन पहले गेट के बाहर खड़े थे। तभी उनको देखा गया था। उसके बाद घर से नहीं निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पत्नी से झगड़ने के बाद फूड डिलीवरी ब्वॉय ने लगाया फंदा

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत मानस नगर निवासी फूड डिलीवरी ब्वॉय अम्बुज (35) का रविवार पत्नी सीमा से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसने घर में लगे पंखे से हुक से रस्सी का फंदा लगा लिया। आनन-फानन परिजन उसे लोक बंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां परिजनों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि घटनास्थल से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर भी मौत का कारण स्पष्ट होगा।

प्रेमिका की संदिग्ध हालात में मौत प्रेमी भी कुछ दूरी पर मिला बेहोश

रहीमाबाद इलाके के रहने वाले हैं दोनों, मलिहाबाद कस्बे का मामला

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

▸▸ पत्नी के प्रेमी पर पति ने लगाया जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप

अमृत विचार: मलिहाबाद इलाके में रविवार सुबह संदिग्ध हालात में प्रेमिका की मौत हो गई। उसका शव और जहरीले पदार्थ की शीशी एक अधबने मकान से पुलिस ने बरामद किये। वहीं घटना स्थल से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर प्रेमी भी बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस ने उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। पीड़ित पति ने प्रेमी पर पत्नी की जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका के मोबाइल फोन जब्त किये हैं।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र निवासी विवाहित महिला (32) का जमोलिया निवासी शादीशुदा आनंद गुप्ता (34) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इससे परेशान होकर महिला का पति करीब दो माह पहले उसे व बच्चों को लेकर मलिहाबाद इलाके में एक किराये के मकान में रहने आया था। रविवार सुबह करीब 8 बजे कस्बा निवासी हसीन खां की प्लाटिंग के निर्माणाधीन मकान की तरफ पहुंचे लोगों ने प्रेमिका का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घटना स्थल की जांच की। तो शव के पास जहर की शीशी बरामद हुई। करीब साढ़े नौ बजे पता चला कि घटना स्थल से करीब आधा किमी की दूरी पर प्रेमी आनंद भी बेहोशी की हालत में पड़ा है। आनन-फानन पुलिस कर्मियों ने आनंद को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। प्रेमिका के तीन बच्चे और प्रेमी के दो बच्चे बताये जा रहे हैं। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह ने बताया पंचनामा भर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। अभी तहरीर नहीं मिली है। इंस्पेक्टर ने बताया महिला के पति ने मौखिक में प्रेमी आनंद पर पत्नी की जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है।

दोनों भागे थे साथ, पति ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

प्रेमी और प्रेमिका शादीशुदा हैं। इसके साथ ही दोनों अलग-अलग जाति के हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों में करीब तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला कई बार ससुराल से प्रेमी संग भाग चुकी थी। 6 दिसम्बर 2022 को प्रेमिका के लापता होने पर पति ने रहीमाबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस मामले के बाद दोनों के परिजन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी थी। इसके बाद भी मिलना जारी रहा। परिजन के विरोध के कारण आनंद लखनऊ में रहने लगा जबकि प्रेमिका का पति परिवार समेत मलिहाबाद इलाके में रहने लगा।

करतूत से परेशान परिजन ने आनंद को किया बेदखल

आनंद गुप्ता शादी शुदा है। उसके दो बच्चे हैं। इसके बाद भी उसका दूसरी महिला से संबंध में रहना उसके परिजन को नागवार गुजरा। इसके चलते उसे पैतृक संपत्ति से भी बेदखल कर दिया गया। इसके चलते आनंद लखनऊ में किराए के मकान में रहता है।

महिला को रातभर खोजता रहा पति, सुबह मिला शव

महिला के पति का कहना है कि 10 बजे खाना खाकर सभी सो गये थे। करीब 2 बजे उसने पत्नी को बिस्तर से गायब देखा। रातभर काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिली। रविवार सुबह ग्रामीणों ने उसे बताया तब घटना की जानकारी हुई।

मर्जी से संग जाना बोलकर प्रेमी को कार्रवाई से बचाया

रहीमाबाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद प्रेमी-प्रेमिका को बरामद कर लिया था। थाने में महिला ने बालिग होने व अपनी मर्जी से जाने के बयान दर्ज करा प्रेमी को पुलिस की कार्रवाई से बचा लिया था। तब पुलिस ने पति को समझा महिला को उसके संग भेज दिया था।

हत्या का आरोप लगने के बाद प्रेमी ने खाया जहर

पुलिस का कहना है कि महिला का पति सुबह करीब 8 बजे घटना स्थल पर पहुंचा। वहीं से आनंद के मोबाइल पर काल कर पत्नी को जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद करीब 9 बजे आनंद बेहोशी की हालत में घटना स्थल से कुछ दूरी पर मिला।

प्रेमिका को वीडियो कॉल कर लगाया फंदा

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

▸▸ छह माह से लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था प्रेमी

अमृत विचार : बीकेटी में छह माह से प्रेमिका के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे अंशु शुक्ला (23) फंदा लगाकर जान दे दी। आत्मघाती कदम के पहले उसने प्रेमिका को वीडियो कॉल किया था। जानकारी होने पर पुलिस प्रेमिका से पूछताछ कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, सीतापुर जनपद के महोली निवासी अंशु शुक्ला ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता था। बीकेटी में किराए के कमरे में रहता था। उसके साथ शाहजहांपुर की युवती भी रहती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों पति-पत्नी के रूप में रहते थे। शनिवार रात को अंशु कमरे पर पहुंचा तो प्रेमिका नहीं थी। उसे कॉल किया तो पता चला कि मड़ियांव में बड़ी बहन के घर गई है। उसने कमरे पर आने को कहा, तो प्रेमिका ने मना कर दिया। नाराज अंशु ने वीडियो कॉल किया और धमकी देने लगा। रात करीब 12 बजे दोबारा वीडियो कॉल कर छत में लगे पंखे से फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया।

पत्नी से झगड़ने के बाद ऑटो चालक फंदे से लटका

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट के बुद्ध विहार कॉलोनी में ऑटो चालक राजकमल (34) का शव रविवार को फंदे से लटका मिला। पत्नी मायके गई थी। पुलिस के मुताबिक फोन पर पत्नी से विवाद के बाद आत्मघाती कदम उठाया। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, बुद्ध विहार कॉलोनी में ऑटो चालक राजकमल सपरिवार किराए पर रहता था। कुछ दिन पूर्व पत्नी रेनू बच्चों के साथ कानपुर में मायके गई थी। रविवार की सुबह वह पति राजकमल को कॉल कर रही थी, लेकिन बात नहीं हुई। इस पर उसने पड़ोसी को बात कराने के लिए घर भेजा। पड़ोसी पहुंचा तो दरवाजा भीतर से बंद था। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद पड़ोसी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तब कमरे के भीतर राजकमल का शव फंदे से लटका मिला।

अस्पताल के पीछे बुजुर्ग का मिला शव : चिनहट इलाके में स्थित सीएचसी के पीछे सरकारी स्कूल के पास रविवार को दोपहर एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शहर के सभी थानों मे मृतक की फोटोग्राफ भेज पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

इंदिरानगर सेक्टर 13 और कुकरैल के जंगल में फंदे से लटके मिले दो युवकों के शव

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा इलाके में रविवार को अलग-अलग स्थान पर दो युवकों के शव फंदा से लटके मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की। दोनों के परिजन ने आरोप से इनकार कर आत्महत्या की वजह की जानकारी होने से मना किया है। थाना अंतर्गत सेक्टर 13 निवासी रोहित (19) का शव रविवार को फंदा से लटका मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान लखीमपुर खीरी के रायपुरखेड़ा निवासी रोहित के रूप में की। पूछताछ में पता चला कि रोहित यहीं के निजी कालेज के प्रोफेसर के घर में काम करते थे। शनिवार रात खाना खाकर लेटे थे। परिजन ने कहा आत्महत्या कारण पता नहीं है। उधर, इसी इलाके में रविवार सुबह कुकरैल जंगल में पेड़ पर फंदा से युवक का शव लटका मिला। पुलिस ने युवक की पहचान अंकित (26) निवासी तकरोही के रूप में की। सूचना पर पहुंचे परिजन ने पुलिस को बताया कि अंकित नशे का आदी था। वह अक्सर बिना बताये घर से लापता रहता था। छह दिन से वह घर नहीं आया था। नशे का आदी होने के संग उसकी मानसिक हालत भी ठीक नहीं रहती थी। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया।

रील का क्रेज युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है, इसी क्रम में पुलिस ने 1090 चौराहे पर रील बनाते सलमान खान के हमशक्ल आजम अंसारी को एक युवती के साथ पकड़ लिया। पहले तो सलमान के हमशक्ल ने हेकड़ी दिखाई, लेकिन बाद में पुलिस की सख्ती के सामने उसकी एक न चली। उसको हिदायत देकर छोड़ा गया। अमृत विचार

रील बनाते डुप्लीकेट सलमान खान को पकड़ा, हिदायत देकर छोड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : गौतमपल्ली थाना अंतर्गत 1090 चौराहे पर बैगर अनुमति के रील्स बनाते हुए रविवार दोपहर डुप्लीकेट सलमान खान यानी आजम अंसारी को एक युवती के साथ पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के रोकने जाने पर आजम पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने लगा। यह देखकर लोगों की भीड़ चौराहे पर एकत्र हो गई। इसके बाद पुलिस ने आजम अंसारी और उसकी महिला मित्र को सख्त हिदायत दी है। पूर्व में भी डुप्लीकेट सलमान खान के नाम से मशहूर आजम अंसारी पर ठाकुरगंज पुलिस और जीआरपी ने शांतिभंग की कार्रवाई है दरअसल, चौक कोतवाली के चौपटिया निवासी आजम अंसारी पर पूर्व में ठाकुरगंज पुलिस और जीआरपी ने भी शांतिभंग की कार्रवाई की है। रविवार को आजम अंसारी एक युवती के साथ 1090 चौराहे पर बैगर अनुमति के रील्स बना रहा था। उसकी हरकतों को देख वहां भीड़ उमड़ने लगी। सार्वजनिक क्षेत्र में रील्स बनाते देख पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो वह बदसुलूकी करने लगा। इसके बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पूछताछ करने पर आजम ने बताया कि वह सलमान खान का प्रशंसक हैं। वह सलमान खान के गानों पर रील्स बनाकर उन्हें फेसबुक पर अपलोड कर देता है। आजम अंसारी के यूट्यूब पर 1.6 लाख प्रशंसक है। जबकि इंस्टाग्राम पर लगभग 77,000 फालोअर हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अंजाम अंसारी व उसकी महिला मित्र को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।

सार-संक्षेप

डंडा लहराकर सड़क पर हंगामा करते युवती का वीडियो वायरल

अमृत विचार, लखनऊ : सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो अलीगंज इलाके का बताया जा रहा है। इसमें एक युवती बीच सड़क पर हाथ में डंडा घुमाते हुये युवक को अपशब्द बोल रही है। बताया जा रहा है इस बवाल के पीछे स्कूटी सवार युवक की गाड़ी युवती की कार से हल्के से टकराना था। इसके बाद युवती कार से डंडा लेकर निकली और युवक को जमकर खरीखोटी सुना धमकी देती है। आसपास मौजूद लोगों में से किसी ने घटना का वीडियो बना वायरल कर दिया। अलीगंज इंस्पेक्टर ने बताया मामला संज्ञान में है। दोनों पक्ष थाने आये थे और आपस में समझौता कर लिया। अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली।

एक बाइक पर सवार दो बदमाश महिला का पर्स लूटकर भागे

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर इलाके में एक बाइक पर सवार दो बदमाश ई-रिक्शा सवार महिला का पर्स लूट कर फरार हो गये। पुलिस बदमाशों की पहचान के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। थाना अंतर्गत चंद्रमा सुप्रीम अपार्टमेंट निवासी बबली सिंह पत्नी त्रिलोक सिंह ने बताया रविवार दोपहर किसी काम से घर से भूतनाथ मार्केट गईं थी। जहां से ई-रिक्शा से पॉलीटेक्निक चौराहा की तरफ जा रहीं थी। इसी बीच पीछे से आये बाइक सवार बदमाश चलते-चलते उसका पर्स लूट कर फरार हो गये। शोर मचाने पर जब तक राहगीर घटना समझे, दोनों बदमाश लापता हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़िता ने बताया पर्स में मोबाइल व नगदी थी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

युवती संग दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भेजा जेल

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली पुलिस ने युवती संग दुष्कर्म करने वाले आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया आरोपी की पहचान शिव कुमार निवासी भोला का पुरवा, थाना गोसाईंगंज के रूप में हुई है। उसके खिलाफ युवती ने दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उसे तलाश कर रही थी। बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

तीन घरों से चोरों ने पार की नकदी और ज्वैलरी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट, मड़ियांव और नगराम में चोरों ने तीन घरों से लाखों रुपये के जेवरात व नकदी साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिनहट के फुसलौना गांव निवासी लल्लूराम डेयरी चलाते हैं। शुक्रवार रात घर में सो रहे थे। देर रात को चोर घर के पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हुए। आलमारी का लॉकर तोड़कर एक लाख रुपये नकदी व तीन लाख के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह नींद खुलने पर हुई। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। वहीं, फैजुल्लागंज मड़ियांव निवासी रवि सिंह गत 21 मार्च को सपरिवार पैतृक गांव लखीमपुर खीरी गए थे। घर में लगे सीसीटीवी के जरिये मोबाइल से निगरानी रखते थे। 25 मार्च को अचानक कैमरे बंद हो गए। वह घर लौटे तो देखा कि सीसीटीवी, डीवीआर व 50 हजार रुपये गायब थे। वहीं, नगराम के अचलीखेड़ा निवासी सुरेश कुमार के घर से शुक्रवार रात चोरों ने कीमती ज्वैलरी, मोबाइल व नकदी पार कर दी।

बिल्डर समेत तीन पर धोखाधड़ी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : बिल्डर फहद याजदानी समेत तीन लोगों पर फर्जी पेपर लगाकर जमानत आदेश हासिल करने के आरोप में वजीरगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीबीआई (अयोध्या प्रकरण) कोर्ट में पेशकार जीशान अब्बास नकवी ने फहद याजदानी, रमेश चंद्र और त्रिपोकीपाल पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पेशकार ने बताया कि महानगर कोतवाली में दो आपराधिक मामलों में फहद याजदानी ने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई थी। पहले मुकदमे में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) सीबीआई 5 कोर्ट ने 8 नवंबर 2023 और दूसरे मुकदमे में हाईकोर्ट ने 6नवंबर 2023 को जमानत मंजूर की थी। उनका आरोप है कि बिल्डर फहद की जमानत के लिए बीकेटी के रमेश चंद्र और मानकनगर रामप्रसादखेड़ा के त्रिलोकी पाल ने एक-एक लाख बंधपत्र के रूप में खतौनी लगाई। कोर्ट ने इनका सत्यापन कराया। तहसीलदार बीकेटी और दर ने रिपोर्ट दी कि खतौनी फर्जी है। इस तरह फहद, रमेश चंद्र और त्रिलोकी पाल ने कोर्ट के साथ धोखाधड़ी की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

युवक पर धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, बीकेटी : महिगवां इलाके में मामूली विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। परसहिया गांव निवासी पीड़ित विजय कुमार ने बताया शनिवार देर रात गांव की दुकान पर गए थे। जहां रविकांत ने बिना वजह गाली गलौज किया। विरोध करने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रविकांत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पति पर उत्पीड़न और ससुर पर छेड़खानी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा निवासी महिला ने ससुर पर छेड़खानी और पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2016 में उसकी शादी हुई थी। कुछ दिन बाद उसे पति में शारीरिक खामी होने की जानकारी हुई। इस संबंध में ससुरालवालों से चर्चा की तो पति प्रताड़ित करने लगे। वहीं ससुर मौका मिलते ही छेड़खानी करता। घटना मायके वालों को बताई तो उसे लेने आये। तब उनसे मारपीट का प्रयास किया। किसी तरह वह मायके आई, अब फोन कर आरोपी धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद दुबे ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

17 अपराधी जिला बदर, सात के और शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ थाना प्रभारियों ने पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट भेज की कार्रवाई की संस्तुति

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्ती बरत रही है। विभिन्न थाना प्रभारियों ने पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट भेज 17 अपराधियों को जिला बदर करने और सात के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है।

मड़ियांव थाना प्रभारी ने इलाके के पश्चिम गांव निवासी धर्मेन्द्र को जिला बदर करने की संस्तुति की है। इसी तरह राज रावत उर्फ छोटू निवासी ग्राम सैरपुर, वहीं महिगांव के दरियापुर निवासी अजय पाल सिंह, पिन्टू सिंह उर्फ बद्री, दुर्गेश सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह का आपराधिक इतिहास मिलने पर जिला बदर करने की संस्तुति की है। उधर, सर्वेश निवासी ग्राम मबई कला, आकाश यादव उर्फ बौआ निवासी पहाड़पुर, विकास यादव, अनुज यादव, राकेश गौतम निवासी मल्लाही टोला, मो. तनवीर हसन उर्फ तन्नू निवासी मुफ्तीगंज, जावेद, निवासी बालागंज, वारिस अली उर्फ चुनक्का निवासी डूडा ग्राम बीबीखेड़ा, सन्दीप यादव निवासी हंसखेड़ा और विष्णु यादव निवासी छोटा भरवारा, थाना गोमती नगर विस्तार को जिला बदर करने की संस्तुति की है।

कार्रवाई

इनके शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

पारा थाना क्षेत्र के हंसखेड़ा निवासी अशोक कुमार, रंजीत यादव, रघुनन्दन, मुकेश कुमार पाण्डेय, सुशील यादव निवासी मुन्नू खेड़ा, मो. मोहसिन निवासी बिल्लौचपुरा थाना बाजारखाला और सरवन निवासी ऐशबाग का अपराधिक इतिहास मिलने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है।

होटल की रसोई में लगी आग, 10 मेहमान फंसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ होटल स्टाफ व दमकल कर्मियों ने सभी को सुरक्षित निकाला

▸▸ तीन मंजिला होटल के कमरों में धुआं भरने से मची भगदड़

अमृत विचार: चारबाग स्थित होटल बालजी ग्रैंड के भूतल में बनी रसोई में रविवार सुबह चिमनी की चिंगारी से आग लग गई। कुछ ही देर में होटल के कमरों में धुंआ भर गया। होटल स्टाफ और दमकल कर्मियों ने पहली मंजिल के एक कमरे में फंसे 10 मेहमानों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। धुआं भरने से भगदड़ की स्थित बन गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

चारबाग- बासमंडी रोडपर गणेशगंज निवासी मुकेश अग्रवाल का बालाजी ग्रैंड होटल है। सुबह करीब 9:51 बजे भट्टी में लगी चिमनी से निकली चिंगारी से भूतल में बनी रसोई में आग लग गई। आग देखकर होटल के मैनेजर ने शोर मचाया। दमकल को सूचना देने के साथ होटल कर्मी अग्निशमन उपकरणों से आग पर काबू करने में जुट गए। कमरों और हॉल में धुआं भर गया।

होटल मालिक ने बताया कि उनके मेहमान एक कमरे में ठहरे थे। जिन्हें सबसे पहले निकाला गया। इस बीच हजरतगंज फायर स्टेशन की टीम पहुंच गई। धुएं के कारण दमकल कर्मी मास्क पहन कर अंदर पहुंचे। कुछ कर्मी आग पर काबू पाने में जुट गए और कुछ ने कमरों में फंसे 9 होटल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया समय रहते फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया गया। बताया होटल में अग्निशमन उपकरण लगे थे।

आग से थाने के मालखाने का सामान जला

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाने के मालखाना में रविवार दोपहर करीब ढाई बजे तालकटोरा थाने के मालखाना में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। लपटें और धुआं देख फरियादियों व पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। पुलिसकर्मी सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां भी पहुंच गईं। पुलिस और दमकल कर्मियों ने घंटे भर में आग पर काबू पाया। एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंहने शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे ने बताया मालखाने का काफी सामान जल गया है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

समिट बिल्डिंग बार में किया गया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी निरीक्षक सेक्टर-4 द्वारा मयस्टॉफ देर रात थाना विभूतिखंड समिट बिल्डिंग स्थित बार तथा अन्य बार का निरीक्षण किया। माई बार हेडक्वार्टरस बार पर नो स्मोकिंग जोन में धूम्रपान कराने पर जुर्माना किया गया। संचालकों को लाइसेंस शर्तों के अनुसार बार चलाने, केवल अनुमान्य शराब की बिक्री करने तथा समय सीमा का ध्यान रखने की हिदायत दी गई।

संपत्ति से बेदखल कर कारोबारी को दी हत्या की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : गोमतीनगर थाने में कपड़ा कारोबारी की पत्नी ने ससुर के दोस्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि ससुर के दोस्त ने उनके पति को संपत्ति से बेदखल कर उनकी हत्या करने की धमकी दी है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली महिला ने मो. अकरम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि उनके ससुर कपड़ा कारोबारी थे। सितम्बर 2023 में ससुर की मौत के बाद पति ने कारोबार संभाला लिया था। आरोप है कि इसके कुछ दिन बाद से ही मो. अकरम नाम का युवक उसके वाट्सएप पर आपत्तिजनक फोटोग्राफ भेजने लगा। दावा करने लगा कि वह उनके ससुर का दोस्त है। उनके ससुर ने सारी संपत्ति की पावर ऑफ अटार्नी उसके नाम कर दी है। जिसके बाद वह उन्हें संपत्ति से बेदखल कर उसके पति की हत्या करने धमकी देने लगा। महिला का कहना है कि आरोपी की धमकी से उसका पूरा परिवार सहमा हुआ है। इस कारण वह बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज रही हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | रिजर्व पुलिस लाइन में यातायात कर्मियों ने किया योगाभ्यास

सेहत : नियमित करें योग, रहें निरोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

योग शिविर में योगाभ्यास के दौरान मौजूद प्रशिक्षक व यातायातकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार: नियमित योगाभ्यास से शरीर निरोग रहता है। शारीरिक और मानसिक थकान भी दूर होती है।यह बात डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में यातायात कर्मियों से योग शिविर में कही। उन्होंने मातहतों से योग कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

योग शिविर का आयोजन यातायात कर्मियों को फिट रखने के लिये किया गया। इसके लिये रेजीलेन्सी प्रोग्राम के आयोजक और प्रशिक्षक ने 'बिल्डिंग ए रेजिलिएंट वर्कफोर्स'' कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षक ने शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक थकान दूर करने के गुर बताये। वहीं डीसीपी ने तनाव से पुलिस कर्मचारियों पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव और थकान को कम करने नियमित योग अभ्यास, ध्यान और खान पान के प्रति जागरूक रहने की बात कही। प्रशिक्षक दीपिका लालवानी समेत अन्य रहे।

कोल्ड स्टोर के पास मिट्टी में दबा मिला मजदूर का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

▸▸ डंपर चालक और आसपास के लोगों से की जा रही पूछताछ

अमृत विचार : चिनहट कोल्ड स्टोरेज के पास खाली प्लाट में रविवार को संदिग्ध हालात में मिट्टी से सना 30 वर्षीय प्रेम कुमार का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि डंपर चालक व अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

एसीपी के मुताबिक, मूलरूप से बलरामपुर जनपद के तुलसी गांव निवासी प्रेम कुमार चार दिन पहले ही मजदूरी के लिए लखनऊ आया था। उन्होंने बताया कि कोल्ड स्टोरेज के पास खाली प्लाट पड़ा हुआ है। प्लाट मालिक को निर्माण करवाना था। इसके लिए शारदा नहर के पास से मिट्टी मंगवाकर उसमें डलवाई थी। रविवार सुबह जेसीपी की मदद से मिट्टी बराबर की जा रही थी। तभी उसमें शव दिखा। एसीपी ने बताया कि मिट्टी डालने वालने से पहले बाद की सीसी फुटेज आसपास लगे कैमरों की निकलवाई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

सत्यसावित्री रघुसुंदरम ट्रस्ट ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सत्यसावित्री रघुसुंदरम ट्रस्ट ने आंबेडकर महासभा परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि शिविर में 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गईं। संस्था शिक्षा, नारी उत्थान के क्षेत्र में भी योगदान दे रही है। सचिव डॉ.अभय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सत्या दोहरे मौजूद रहे। संचालन डॉ.रघुनाथ प्रसाद दोहरे ने किया।

सयाली कांबले व अभिजीत सावंत के गीतों ने जीता दिल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग ने भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकार सयाली कांबले और अभिजीत सावंत ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुतियां दीं। प्रसिद्ध गायिका सयाली कांबले ने सूफी, राम भजन, मराठी, हिन्दी, पुराने गाने, कंट्री म्यूजिक और बॉलीवुड हिंदी गाने पेश किये। सूफी गीतों में तेरी दीवानी सैयां, मेरे रश्के क़मर, काली काली जुल्फों के, दमादम मस्त कलंदर और अली मोरे अंगना जैसे गीत शामिल किये। अभिजीत सावंत ने बाबा साहेब के गीतों के साथ-साथ बॉलीवुड के नए और पुराने गीतों को प्रस्तुत किया। इनमें उड़ता पंजाब, बद्री की दुल्हनिया, कर गयी चुल और जुम्मे की रात है जैसे गीत शामिल किये।

हजरतगंज चौराहे से बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर रैली निकालते लोग।

बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित करतीं शिक्षिकाएं और बच्चे। अमृत विचार

आंबेडकर जंयती पर कार्यक्रम की शुरूआत करते लोग। अमृत विचार

स्कूलों में बच्चों ने गाए गीत और बनाए आंबेडकर के चित्र

डॉ. भीमराव की जयंती पर परिषदीय स्कूलों, विश्वविद्यालयों में हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई। संगठनों ने शोभायात्रा निकाली और भंडारे कर बाबा साहेब के आदर्शों का अनुसरण करने पर जोर दिया। स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत गाए और संविधान रचयिता के चित्र बनाए। आंबेडकर उद्यान में मेले जैसा माहौल रहा।

राजधानी के सभी परिषदीय विद्यालयों में जयंती मनाई गई। प्राथमिक विद्यालय कठवारा, मल्हानखेड़ा, भीखकमपुर, मलेसेमऊ चिनहट, लोधमऊ, अलीगंज, अल्लूनगर, मड़ियांव आदि स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। कई बच्चों ने चित्रों का प्रदर्शन भी किया।बच्चों को बाबा साहेब के जीवन से जुड़ी जानकारी दी गई। लखनऊ विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी मौजूद रहे। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एनबी सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इतिहास विभाग के डॉ. मनीष कुमार ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

प्रो. चंदना डे, प्रो. एहतेशाम, प्रो. सौबान सईद मौजूद रहे। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विवि, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि, एकेटीयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि में भी जयंती मनाई गई। बीबीएयू में प्लैनरी सत्र, मेमोरियल लेक्चर, पैरलल तकनीकी सत्र का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागियों ने भारत में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के विकास की संभावनाएं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की भूमिका, प्रभाव, व्यापार और व्यापार नीति की उभरती विशेषताएं एवं उप्र, उत्तराखंड में विकास और उसके चालक विषय पर पेपर प्रस्तुत किये गए।

उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के पूर्व कुलपति प्रो. विनायक रथ, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक एवं उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड इकोनॉमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. रवि श्रीवास्तव, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राम चन्द्रा, प्रो. सनातन नायक उपस्थित रहे।

संविधान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: श्रवण पासीवान

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी के मछली शहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी वैद्य श्रवण कुमार पासीवान ने कहा कि संविधान के साथ कहीं-कहीं खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए संविधान का प्रयोग करना चाहते हैं। वह रविवार को हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। राजपा के संस्थापक एवं अध्यक्ष आर ए प्रसाद ने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना तथा एकजुट होकर संविधान की रक्षा करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ.भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर मोहनलालगंज प्रत्याशी विनय कुमार रावत ,शिबू खान आदि तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें। मालूम हो कि राजपा प्रदेश की दो लोकसभा सीटें, मछलीशहर व मोहनलालगंज पर चुनाव लड़ रही है।

आंबेडकर जयंती पर गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में आवास विकास के अभियंता एवं अधिकारी-कर्मचारी। अमृत विचार

आंबेडकर उद्यान में लगा मेला

जयंती पर गोमतीनगर स्थित आंबेडकर उद्यान में सुबह से ही मेले जैसा माहौल रहा। सुबह से देर शाम भीड़ रही। मुख्य गेट से लेकर परिसर के अंदर कुछ लोग मोबाइल से सेल्फी ले रहे थे। कुछ ने बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ फोटो खिंचवाई।

बैंककर्मियों ने कराया भंडारा

केनरा बैंक एससी,एसटी एम्पलाइज और अधिकारी संगठन ने गोमतीनगर स्थित भीमराव अंबेडकर मैदान के सामने भंडारे का आयोजन किया। मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक संजय कुमार रहे। एस सी एस टी संघठन के जितेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अंकित गौतम, विकास आदि उपस्थित रहे।

पहिया आजमपुर में आयोजन

बाबा साहेब की जयंती पहिया आजमपुर गांव में हर्षोल्लास मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नीरज भारती सिविल इंजीनियर ने किया। साथ ही पहिया आजमपुर गांव के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर जयंती में हिस्सा लिया। उन्होंने सभी को बधाई दी। इस अवसर पर रामस्वरूप मास्टर, सर्वेश, मनोहर गौतम, श्री किशन गौतम, पप्पू गौतम, दीपू गौतम, बंसीलाल, परमेश्वर सहित गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

आवास विकास कर्मचारियों ने किया भोजन दान

अमृत विचार, लखनऊ : अनुसूचित जाति, जनजाति, अधिकारी कर्मचारी सेवा संघ, उप्र आवास एवं विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को डॉ. बाबा साहेब भीमराम आंबेडकर की 133वीं जयन्ती गोमती नगर स्थित आंबेडकर उद्यान के सामने हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भोजन दान करके महापर्व मनाया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक राजेन्द्र नाथ राम, अध्यक्ष गोवर्द्धन लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ, उपाध्यक्ष सुनील वाल्मीकि, महामंत्री कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, संयुक्त मंत्री अजय कुमार, मनोज कुमार के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। संघ की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी गयी।

लविवि में श्रद्धांजलि अर्पण के दौरान उपस्थित कुलपति और शिक्षक। अमृत विचार

केजीएमयू, लोहिया, आयुर्वेदिक कॉलेज में हुए कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में हुए कार्यक्रम में रिजर्व बैंक के रीजनल डायरेक्टर डॉ. बालू केंचप्पा ने बताया कि डॉ.आंबेडकर ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पीएचडी की। उन्होंने दी प्राब्लम ऑफ दी रुपी-इट्स ओरीजन एंड इट्स सोल्यूशन विषय पर शोध किया। कार्यवाहक कुलपति प्रो. अमिता जैन, पद्मश्री डॉ.एसएन.कुरील ने भी विचार रखे। प्रो.एसपी, जैसवार, डीन डेंटल प्रो.आरके. पाटिल, प्रो.जीके.सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.आरएस.कुशवाहा, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. रिद्धी जयसवाल, प्रो.पूरनचंद, प्रो.विजय कुमार, प्रदीप गंगवार, डॉक्टर, कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में निदेशक प्रो. सीएम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एके सिंह ने आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। यहां प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रो. विक्रम सिंह, डॉ.अरविंद सिंह, डॉ. राजीव रतन, डॉ. सुब्रत चंद्र, डॉ. भुवन चंद्र तिवारी, डॉ. सूरज, डॉ. नीष कुलश्रेष्ठ, डॉ. विकास सिंह, डॉ. विनीता मित्तल और डॉ. जय पासी उपस्थित रहे। राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज टुड़ियागंज में प्रधानाचार्य अधीक्षक डॉ. माखनलाल, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र सहित शिक्षक, चिकित्सक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. सुधा सिंह, डॉ. रवीन्द्र सिंह यादव, डॉ. पीसी चौधरी, डॉ. कुशवाहा, डॉ. सुनीता उपस्थित रहीं। उधर एससी/एसटी वेलफेयर सोसायटी की तरफ से एसजीपीजीआई में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। सोसायटी के अध्यक्ष हरीश कुमार जयंत, उपाध्यक्ष मंजू सिंह, डॉ. शालीन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर वेलफेयर डिपार्टमेंट उप्र. जयराम, बसन्त कुमार ने आंबेडकर के जीवन पर विचार व्यक्त किए। मोती लाल, नवरतन सिंह, सुखलेश कुमारी सिंह, ज्योति भारती, मंजू कुरील, सविता वर्मा, पुष्पा यादव, हेमन्त वर्मा और रविशंकर मौजूद रहे।

व्यापार मंडल ने आयोजित की सभा

अमृत विचार, कृष्णानगर अवध बाजार कृष्णानगर में यूनाइटेड उद्योग व्यापार मण्डल के जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह के कार्यालय पर सभा हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सोनकर, प्रदेश अध्यक्ष सुनील शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामन्त्री विनय चौधरी, प्रदेश सचिव रोहित शुक्ला, प्रदेश महामन्त्री गुरमीत सिंह उपाध्यक्ष महेन्द्र सोनकर, माला सोनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष अर्जुन गौतम, शहर अध्यक्ष आरएन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

भोजन व फल का दान किया

अमृत विचार, लखनऊ : आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने गोमतीनगर स्थित अंबेडकर स्मारक में आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। संयोजक अवधेश वर्मा ने संवैधानिक व्यवस्था के प्रति सचेत होकर संघर्ष में भागीदारी की शपथ दिलाई। 10 कुंतल भोजन, फल का दान सुबह से देर शाम तक किया गया।केबी राम, राम शब्द जैसवारा, आरपी केन, एसपी सिंह, पीएम प्रभाकर, अनिल कुमार, अजय कुमार उपस्थित रहे। आवास एवं विकास परिषद अनुसूचित जाति, जनजाति, अधिकारी कर्मचारी सेवा संघ ने भी भोजन दान किया। संघ के संरक्षक राजेन्द्र नाथ राम, अध्यक्ष गोवर्द्धन लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ, उपाध्यक्ष सुनील वाल्मीकि, महामंत्री कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, संयुक्त मंत्री अजय कुमार, मनोज उपस्थित रहे।

परसपुर ठट्ठा और सुखनाखेड़ा में काटा गया केक

अमृत विचार, सरोजनीनगर : ग्रामीण इलाकों में भी आंबेडकर जयंती मनाई गई। निगोहां, काकोरी, बख्शी का तालाब और सरोजनीनगर में कई जगह कार्यक्रम हुए। निगोहां के परसपुर ठट्ठा गांव में करन रावत ने केक काटा और भंडारा कराया। भजन मंडली ने बाबा साहेब पर बने भजन प्रस्तुत किए। एडवोकेट सुशील रावत रामसागर, रामशंकर ,प्रधान प्रतिनिधि पूर्व प्रधान नवनीत सिंह, बीडीसी सियाराम, एडवोकेट सुधीर रावत, संदीप रावत ने भंडारा कराया। जबरौली में मायाराम रावत व सुखनाखेड़ा में अमित जाटव, संजय रावत, संतोष रावत ने केक काटा और भंडारा कराया। सरोजनीनगर के देवलोक कॉलोनी स्थित तारा शक्ति केन्द्र में जयंती मनाई गई। सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किशोर पासी, शिक्षक अतुल राय, शिक्षिका शशिकला एवं प्रतिभागी प्रियंका राय, प्रिया श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, अंजलि शुक्ला व सिमरन शर्मा मौजूद रहीं। पंचायत घर खरीका 2 में हुए कार्यक्रम में दक्षिणी मंडल-3 के अध्यक्ष विनोद मौर्या, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधवी देवी, मोहन भटट, सेक्टर संयोजक कीर्ति, सुमन लता, सविता दत्ता, प्रेमा भट्ट, गोकरण रावत, संदीप प्रजापति, संतोष रावत उपस्थित रहे।

भौली गांव में निकाली रैली

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब क्षेत्र के भौली गांव से रैली निकाली गई। नगर पंचायत वार्ड संख्या 7 मामपुर बाना गांव में भण्डारा हुआ। पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत, चन्डाकोडर प्रधान शिवकुमार गांधी उपस्थित रहे। संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह ने व्यापारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया।

मतदान करने की अपील की

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश धानुक विकास समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सुदर्शन सोमेश कुमार धानुक ने समाज के लोग लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। रामकुमार धानुक, फूलचंद धानुक, सुनील धानुक, संजय कटेरिया, मनोज वीआईपी, सूरज धानुक, संजय साई, भोले शंकर, श्यामकिशोर भानुक, हिमांशु चौधरी व आदर्श धानुक उपस्थित रहे।

चैती महोत्सव की छठी संध्या में सीता की व्यथा संग दिखे राम के विविध रूप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीता चरित्रम राम ही सत्य हैं नृत्य नाटिका का हुआ मंचन
- स्वर्ण हंस नृत्य कला मन्दिर के कलाकारों ने भी दीं प्रस्तुतियां

अमृत विचार : तुलसी शोध संस्थान और राम लीला समिति ऐशबाग के संयुक्त तत्वावधान में रामलीला परिसर तुलसी रंगमंच पर चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की छठी सांस्कृतिक संध्या में सीता की व्यथा संग राम के विविध रूप देखने को मिले। डॉ. मीरा दीक्षित के नृत्य निर्देशन में सीता चरित्रम राम ही सत्य हैं नृत्य नाटिका का मंचन किया गया।

सीता चरित्रम-राम ही सत्य हैं नृत्य नाटिका में यह बताया गया कि रामकथा में माता जानकी पर लगे अनेक अपयश तथा उनके साथ हुए दुर्व्यवहार का दोषारोपण राम पर लगाया गया, चाहे वह अग्नि परीक्षा हो या अयोध्या के आगमन के बाद पुनः वनवास. हर बार उंगली यदि सीता पर उठाई गई तो कारण राम को बताया गया. इस मिथक दोषारोपण को प्रस्तुत नृत्य नाटिका में माता सीता अपने मनोभावों को प्रकट करते हुए राम को सर्वथा सत्य व मर्यादित सिद्ध करती दिखाई देती हैं और बताती हैं कि राम मर्यादा में बंधे थे।

इस नृत्य नाटिका में अंजुल वाजपेयी, डॉ. मीरा दीक्षित, नमन मिश्रा, अमित तिवारी, अंकित सिंह, अविनाश सिंह, अरिंदम सिंह, तनुश्री, मोहित गौतम, दुर्गेश यादव और अविरल के भावाभिनय ने नृत्य नाटिका को शानदार बना दिया। शमशुररहमान नवेद के नृत्य निर्देशन में स्वर्ण हंस नृत्य कला मन्दिर के कलाकारों ने मोहक प्रस्तुतियां दीं। शमशुररहमान नवेद के कार्यक्रम की नींव स्वर्ण सरोजा पर रखी गई। शमशुररहमान नवेद, सुनैना जायसवाल, वृति आर्या, मेनका साहू, तरुषी, अभय सिंह ने राम रसायन प्रस्तुति में राम के विविध रूप प्रस्तुत किये। सृजन परफार्मिंग आर्ट के कलाकारों अनुष्का, वर्तिका, संजना, आस्था, शिवांगी और पूजा ने राम आयेंगे, अल्पना शुक्ला और बाडगुण्या शुक्ला ने राम दूत स्त्रोत, करन, युवराज, रितिक, नीरज, अतुल, जतिन और आर्यन ने ज्ञानवापी की सुखद प्रस्तुति दी।

भातखंडे संस्कृति विवि में लघु चित्रकला शिविर शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय लघु चित्रकला शिविर शुरू हुआ। पद्मश्री विजय शर्मा के निर्देशन में भातखंडे के विद्यार्थी चित्र बनाने की कला सीख रहे हैं। लघु चित्रकला शिविर की शुरुआत के मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. सृष्टि धवन, गायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, भरतनाट्यम विभाग के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र वाजपेयी, कथक की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. रूचि खरे और तबला विभाग के प्रमुख डॉ. मनोज मिश्र मौजूद रहे। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में हो रही लघु चित्रकला कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए पद्मश्री विजय शर्मा चम्बा (हिमाचल प्रदेश) से आये हैं। वह पहाड़ी स्कूल में लघु चित्रकला के लिए जाने जाते हैं। विजय शर्मा ने बताया कि वह यहां पहाड़ी रेखाचित्रों में कांगड़ा शैली के तहत लघु चित्रकला सिखाएंगे साथ ही प्रसिद्ध रागमाला पर भी ज्ञान देंगे।

छठे दिन कात्यायनी स्वरूप का हुआ पूजन

कैसर बाग क्षेत्र के शारदा माता मंदिर में पूजा करता भक्त। अमृत विचार

चौपाटियां स्थित माता सन्दोहन देवी को भोग लगाते पूजारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवरात्र के छठे दिन मां के कात्यायनी स्वरूप का पूजन-अर्चन किया गया। बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ में मां का पीताम्बर श्रृंगार किया गया। मंदिर में स्थापित स्फटिक शिवलिंग का पीताम्बर श्रृंगार हुआ। सटी के पति का दर्शनीय श्रृंगार रायबरेली के आचार्य विवेक मिश्रा ने किया।

51 शक्तिपीठ में आचार्य धनंजय पाण्डेय, आचार्य प्रवीण मिश्र, आचार्य अनुराग पाण्डेय, आचार्य सुलभ शुक्ला, आचार्य मोनू पाण्डेय, आचार्य दीपक तिवारी और आचार्य अनुपम तिवारी ने पूजन अर्चन सम्पन्न कराया।

मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन मां के अलग-अलग स्वरूप और रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी। शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। नवरात्र के छठे दिन पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना और कुमकुम ने मैया पहाड़ों वाली जैसे भजन प्रस्तुत किए।

चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में रविवार को गायत्री पूजन व हवन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि जो भी व्यक्ति नौ दिनों तक माता के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करता है उसकी मनोकामना चरण दर्शन से जरूर पूरी हो जाती है। संदोहन देवी मंदिर माता का श्रृंगार करने के लिए काफी पहले से बुकिंग करानी पड़ती है। आवेदकों की सूची देखने के बाद तिथिवार श्रृंगार करने वाले भक्तों के नाम तय किए जाते हैं।

सताए हुए लोगों की कहानियां हैं लावारिस नहीं मेरी मां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रसून साहित्य उत्सव का हुआ समापन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में आयोजित प्रसून साहित्य उत्सव-2024 के दूसरे दिन प्रशासनिक अधिकारी और लेखक डॉ. अनिल कुमार पाठक के कहानी संग्रह लावारिस नहीं मेरी मां का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के बाद इस पुस्तक पर परिचर्चा और संग्रह की कहानी लावारिस नहीं मेरी मां के नाट्य रूपांतरण का देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में मंचन किया गया।

अनुष्ठान मुम्बई द्वारा आयोजित इस आयोजन में पुस्तक पर चर्चा करते हुए डॉ. अनिल पाठक ने कहा कि मुझे लगता है कि लेखक की भाषा सरल होनी चाहिए और उसमें सम्प्रेषण हो जो पाठक को बांधे रख सके। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने शरीर पर दो किलो वजन भी दो दिन लगातार नहीं बांध सकता, लेकिन मां नौ महीने तक अपने बच्चे को न सिर्फ अपने पेट में रखे रहती है बल्कि उसका पूरा ध्यान भी रखती है। उन्होंने कहा कि मां 16 प्रकार की होती हैं। जन्म देने वाली मां, पालन-पोषण करने वाली सौतेली मां, मौसी, सास और भाभी भी मां की तरह ही होती हैं। डॉ. अनिल पाठक ने कहा कि अयोध्या में जिलाधिकारी रहने के दौरान कई वृद्धाश्रमों में मांओं की स्थिति को करीब से देखा।

पुस्तक के बारे में संगम पाण्डेय ने कहा कि कहानियां छोटी हैं, अनर्गल बातें नहीं हैं, लेखन शैली चित्रात्मक है। इन्हें पढ़कर लगता है कि यह सताए हुए लोगों की कहानियां हैं। भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक और वरिष्ठ रंगकर्मी व फिल्म अभिनेता सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने कहा कि साहित्य के प्रति रुचि को जगाकर रखना होगा। यह खत्म हुई तो हम मशीन बनकर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि पठनीय कहानियां हैं। यह पहला संग्रह है जिसे मैंने एक दिन में पढ़ लिया।

यह पारिवारिक संबंधों और परिवार के टूटने की कहानियां हैं। परिचर्चा के सत्र का संचालन विजय पंडित ने किया। परिचर्चा के बाद राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के पूर्व निदेशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में लावारिस नहीं मेरी मां के नाट्य रूपांतरण का मंचन किया गया। इस नाटक में मां का त्याग, उसकी ममता और कई भावुक दृश्य देखने को मिले। पिता की सेवानिवृत्ति के बाद पुत्रों का लालच भरा कलुषित व्यवहार उन्हें विक्षिप्त कर देता है। पिता की सम्पत्ति और पेंशन पर पुत्रों की निगाह रहती है।

ऐसे माहौल में पिता की मौत हो जाती है। पिता की मौत के बाद मां को जिस तरह के माहौल से गुजरना पड़ता है वही इस नाटक की कथा है। नाटक में निधि मिश्रा, सुभाष अहिरवार, शौर्या शंकर, रोहित कटारे, शेखर सिंह, रागिनी कश्यप, अखिलेश कुमार और प्राची पाठक ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

संत गाडगे प्रेक्षागृह में प्रसून साहित्य उत्सव के दूसरे दिवस पर नाटक लावारिस नही मेरी मॉ का दृश्य। अमृत विचार

क्विज में पूछे रामायण, हनुमान से जुड़े प्रश्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दो दिवसीय श्रीराम हनुमत महोत्सव रविवार को सम्पन्न हो गया। अंतिम दिन सुंदरकांड का पाठ, हनुमत क्विज, भजन गायन, बनारस की गंगा आरती के साथ झारखंड की वायरल गर्ग स्नेहल सोनी साचु का भजन गायन भी हुआ।

फूलों से सजा राम दरबार भक्तों को खूब भाया। भक्तों ने मंच पर विराजमान हनुमान के मूर्त स्वरूप के दर्शन भी किये। अजय याग्निक ने सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया। संचालक प्रेम कान्त तिवारी ने रामायण और हनुमान पर आधारित हनुमत क्विज आयोजित की। डॉ. विवेकानंद पाण्डेय ने आओ हे हनुमान महाकपी जय बजरंग बली जैसे कई सरस भजन सुनाए। झारखंड से आईं सोशल मीडिया की लोकप्रिय नन्हीं भजन गायिका स्नेहल सोनी साचु ने दुनिया में देव हजारों हैं बजरंगबली तेरा क्या कहना भजन सुनाया। वाराणसी की गंगा की महाआरती के बाद भंडारा हुआ।

बलरामपुर गार्डन में हनुमत सेवा समिति की ओर से श्री राम हनुमत महोत्सव में सुंदरकांड का पाठ करते अजय याग्निक व बैठे भक्त। अमृत विचार

- बनारस की आरती के साथ श्रीराम हनुमत महोत्सव सम्पन्न
- झारखंड की वायरल गर्ग स्नेहल सोनी साचु भी बनी आकर्षण

एक नजर

तुलसी बनीं आधाया

अमृत विचार, लखनऊ : आधाया चतुर्वेदी ने ऐशबाग रामलीला में हो रहे चैती महोत्सव में तुलसी दास के नाटक में तुलसी दास का बाल काल का रोल अदा किया किरदार का नाम रामबोला था।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

अमृत विचार, बीकेटी : सैरपुर इलाके में बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गई। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवाया है। थाना क्षेत्र के रतरा सरौरा निवासी कमला देवी (55) पत्नी मुलहे रविवार रात करीब 8 बजे घर से किसी काम से निकलीं थी। वह गांव के पास से निकली सड़क पर पैदल जा रहीं थी। तभी पीछे से आये तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कमला देवी गंभीर घायल हो गईं। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें सौ सैय्या अस्पताल ले गये। जहां से डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी बाइक समेत भाग निकला। परिजन की सूचना पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

चोरी के आरोप में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा पुलिस ने चोरी के मामले में नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की बाइक समेत पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया आरोपियों की पहचान दीपक सिंह, जितेंद्र गौतम निवासी संडीला, जिला हरदोई के रूप में हुई है। नाबालिग आरोपी भी वहीं का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चौथे फरार आरोपी मुजीब संग दुबग्गा, ठाकुरगंज, पारा, तालकटोरा में घूम-घूम कर मोबाइल चोरी कर सस्ते रेट में लोगों को बेच देते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि नाबालिग को बाल सुधार गृह व अन्य दोनों को जेल भेज दिया है।

पीएनसी के डीपीएम व मैनेजर समेत पांच ने देशराज को जंगल में फेंका था

बंथरा पुलिस की प्रारंभिक जांच में खुलासा, घटना स्थल पर हो गई थी मौत

लखनऊ/ सरोजनीनगर

फॉलोअप

▸▸ **बंथरा इलाके में एरीज एग्रो कंपनी में काम करता था रायबरेली का कर्मी**

अमृत विचार : बंथरा इलाके में एरीज एग्रो कंपनी में काम करने वाले कर्मी देशराज की मौत के मामले में पुलिस की प्रारंभिक जांच में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। इसमें कर्मी की मौके पर ही मौत होने व पीएनसी कंपनी के डीपीएम व मैनेजर समेत कार से पांच लोगों द्वारा शव उन्नाव के सोहरामऊ स्थित जंगल में फेंकने का खुलासा हुआ है।

इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत राघव ने बताया देशराज की पत्नी सरस्वती की तहरीर पर पीएनसी व एरीज एग्रो कंपनी के मालिकों व कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बताया कि अभी तक जांच में सामने पता चला कि 3 अप्रैल की रात पीएनसी कंपनी की जिस मशीन की चपेट में आने से देशराज का पैर कटा था, उसे आफताब नाम का ऑपरेटर चला रहा था। देशराज की उसी समय मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना छिपाने के लिये आफताब के अलावा पीएनसी कंपनी के डीपीएम केडी रंजन, लाइजनिंग मैनेजर मृत्युंजय कुमार, सुपर वाइजर अशोक कुमार और अजीत कुमार कैंपर से शव सोहरामऊ थाना क्षेत्र के जंगल में फेंकने गये थे। इंस्पेक्टर ने बताया अभी अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर जो तथ्य सामने आयेंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

यह है मामला

रायबरेली के हजियापुर निवासी देशराज बंथरा इलाके से 3 अप्रैल से लापता थे। पत्नी ने बंथरा थाने में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद पता चला कि सोहरामऊ पुलिस ने कुछ दिन पहले पहचान नहीं होने पर एक युवक का अज्ञात में अंतिम संस्कार करा दिया है। परिजन के संग सरस्वती ने सोहरामऊ थाना पहुंचे फोटो व कपड़ों से पति देशराज की पहचान की थी। 12 तारीख को सरस्वती ने बंथरा थाने में पीएनसी व एरीज एग्रो के मालिकों व कर्मियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करें व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश पदाधिकारी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को माला पहनाकर सम्मानित करते व्यापारी। अमृत विचार

▸▸ **अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित**

अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक रविवार को ऐशबाग रोड स्थित एक निजी होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का पर्व सामने है। ऐसे में व्यापारियों की शत-प्रतिशत मत कराने की जिम्मेदारी है। वे आगे आएं और ठोस प्रयास करें जिससे भाजपा की भारी बहुमत के साथ सरकार बनें।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश छबलानी ने बताया की बैठक में भारतीय नव वर्ष को संगठन के मुख्य कार्यक्रमों में शामिल किए जाने के लिए प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति दी। कार्यकारिणी का समय 2 वर्ष किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर भी प्रदेश पदाधिकारियों ने मुहर लगाई। समीक्षा प्रत्येक भारतीय नव वर्ष के प्रतिपदा के अवसर पर की जाएगी। निष्क्रिय जनपदों में प्रभारी तय किए गए।

संचालन प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री शोभित टंडन एवं संगठन मंत्री जावेद बेग ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम ने कई बिंदु उठाए। प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में जगदीश रायतानी, हरि सिंह, विपिन गुप्ता, हिमांशु मालवीय, अमर बहादुर, अनुपम अग्रवाल, अनिल गुप्ता, राजीव दुबे, शाह आलम मंसूरी उपस्थित रहे।

तेजकिशन खेड़ा हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, पांच फरार

संवाददाता, लखनऊ/ काकोरी

फॉलोअप

▸▸ **काकोरी इलाके के गांव में हुई फायरिंग में एक की हुई थी मौत, तीन हुए थे घायल**

अमृत विचार: काकोरी इलाके के तेजकिशन खेड़ा फायरिंग में एक की मौत व तीन लोगों के घायल होने के मामले में फरार छह हत्यारोपियों में से रविवार को और एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि पांच आरोपी अभी भी फरार हैं। जिनकी तलाश में पांच टीमें दबिश दे रही हैं।

घटना शुक्रवार रात को तेज किशनखेड़ा गांव में हुई थी। हत्यारोपियों ने घेराबंदी कर फायरिंग की थी। इसमें पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत, जय करन व छोटू घायल हो गये थे। जबकि गर्दन में गोली लगने से अनंतराम यादव की मौत हो गई थी। मृतक के भाई ग्राम प्रधान रामपाल यादव ने प्रमुख आरोपी गांव निवासी शुभम उर्फ मोनू समेत सात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में मोनू को पुलिस ने घटना के दिन ही देर रात गिरफ्तार कर लिया था। जबकि छह फरार आरोपियों में से एक रामकेश लोधी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि रामकेश को बाजनगर रेलवे लाइन फ्लाई ओवर से गिरफ्तार किया गया।

चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचे दो लाख श्रद्धालु

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : रविवार को तपती दोपहर में बख्शी का तालाब अंतर्गत कठवारा स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में करीब एक किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लगी कतार में दस हजार श्रद्धालुओं माता के दीदार के लिए घण्टों तक कतार में लगे रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह के मुताबिक सुबह से देर रात तक दो लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने बताया कि रविवार को अवकाश होने के कारण इतनी तादात में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात की गई है, ताकि मंदिर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

चंद्रिका देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की कतार। अमृत विचार

पार्क भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

मुख्य सचिव ने बच्चों के साथ पार्क का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मुख्य सचिव ने बच्चों के साथ 5डी एनिमेटेड फिल्म देखी**

▸▸ **यूपी दर्शन पार्क के निर्माण में कबाड़ हो चुकी वस्तुओं का किया गया है प्रयोग**

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भिक्षावृत्ति छोड़ कर शिक्षा की ओर अग्रसर बच्चों के साथ गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क का भ्रमण किया। बच्चों के साथ 5 डी एनिमेटेड फिल्म देखी। इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को यूपी दर्शन पार्क का भ्रमण भी कराया।

इस मौके पर मुख्य सचिव ने बच्चों को बताया कि यूपी दर्शन पार्क का निर्माण कबाड़ हो चुकी वस्तुओं का प्रयोग कर किया गया है। इस पार्क में पूरे प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक इमारतों को एक जगह पर समेटने की कोशिश की गई है। इस पार्क अयोध्या का श्रीराम मंदिर, आगरा का ताजमहल, विधान भवन सहित प्रदेश के 18 सुप्रसिद्ध स्थलों की झलक दिखाई देती है। मुख्य सचिव ने बच्चों को सभी 18 स्मारकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के उपरांत मुख्य सचिव ने बच्चों से प्रश्न पूछे, सही उत्तर देने पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और पुरस्कृत किया। 5 डी एनिमेटेड फिल्म का बच्चों ने अत्यधिक आनंद उठाया।शो देखने के उपरांत अपने अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों ने बताया कि 5D शो काफी खूबसूरत और रोमांचित करने वाला था। नगर निगम लखनऊ एवं उम्मीद संस्था द्वारा विगत 3 वर्षों से भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों के पुनर्वास हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों के 500 से अधिक बच्चों को पुनर्वासित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा चुका है।

इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर निगम के अधिकारीगण, उम्मीद संस्था संस्थापक सचिव श्री बलबीर सिंह मान, उप सचिव सुश्री आराधना सिंह सिकरवार के साथ के अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंधे 11 जोड़े

समारोह में राज्यमंत्री का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली। डॉ. अंबेडकर सेवा समिति की ओर से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 11 वर वधू जन्म जन्मांतर के बंधन में बंधे। मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब गरीब सर्वहारा वर्ग के मसीहा थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के कल्याण के लिए अर्पित कर दिया। बाबा साहेब के बनाये हुए संविधान का अनुसरण पूरा देश कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, आयोजन समिति के अध्यक्ष संत राज आजाद, यतीन सिंह चौहान, आदित्य मिश्रा, शिव कुमार, राजेश गब्बर, राजू रतन, सुरेश आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

सत्संग सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जगतपुर के संत निरंकारी भवन में सत्संग सुनते श्रद्धालु।

जगतपुर, रायबरेली। संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए साध संगतो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा बसंत सिंह की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया, जहां महात्मा ने कहा कि महापुरुषों ने भक्ति के मर्म को हमेशा से समझाने आए हैं। एक फल की इच्छा की पूर्ति के लिए भक्त नहीं करनी चाहिए भक्ति तो प्रभु परमात्मा की प्राप्त के लिए करनी है। मानव जन्म के लिए मिला है। उसे लक्ष्य की प्राप्त करनी है। इस आत्मा को जन्म मरण के बंधन से मुक्त करके इस प्रभु परमात्मा से मिलने के लिए मानव योनि की एकमात्र साधन है। इसी और इशारा किया जा रहा है कि प्रभु परमात्मा जानने योग्य है। सतगुरु की कृपा से इसे जाना जा सकता है। इसे जानकर इसकी भक्ति करते हुए इस मानव जीवन को सफल बनाना है। इस मौके पर शिव लखन, राम लखन, पूनम, मीरा दीक्षित आदि साध संगत मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मचाया धमाल

डॉ. हैनीमेन की जयंती पर कार्यक्रम में शामिल चिकित्सक व परिजन।

संवाददाता, रायबरेली। इंटेलेक्चुअल होम्योपैथिक ऑब्जेक्टिव सोसाइटी की ओर से होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली के जन्मदाता डॉ. हैनीमेन की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में पैथोलॉजिस्ट डॉ. अंकिता कक्कड़ एवं प्रमुख होम्योपैथिक औषधि निर्माता कंपनी नेटक्योर ने भी सहभागिता की। संस्था के अध्यक्ष डॉ. रमेश श्रीवास्तव एवं सचिव डॉ. राजीव सिंह ने डॉक्टर हैनीमेन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों में कोषाध्यक्ष डा. सुनील त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी डा. आशीष श्रीवास्तव, डा. प्रशांत श्रीवास्तव एवं डा. रफत आलम के साथ डा. गोपाल सिन्हा, डा. रवि मिश्रा, डा. दलजीत सिंह, डा. क्रांति कुमार उपस्थित रहे।

पुलिस से पुत्र को खोजने की लगायी गुहार

संवाददाता, रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे दयाल कचौंदा मोहद्दीनपुर निवासी देवकी पत्नी लाल बहादुर यादव ने पुलिस को एक शिकायती पत्र दिया है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 12 अप्रैल से उसका पुत्र आदित्य यादव उर्फ अंशू लापता है। काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर पुत्र को खोजने की गुहार लगाई है।

जयंती पर जुलूस निकाल मतदान की दिलाई शपथ

महमूदाबाद, अमृत विचार। विश्व मानवाधिकार के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती को धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह दिनकर एवं राष्ट्रीय संरक्षक एसएस दिनकर द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने संविधान की उद्देशिका को पढ़कर संविधान को अंगीकृत करने की शपथ ली।

लोकतंत्र महापर्व के मान सम्मान के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से शत प्रतिशत मतदान करने व करवाने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सुधीर कुमार वर्मा, मंडल कार्यालय प्रभारी लखनऊ, राम सजीवन प्रदेश सदस्य , रामप्रसाद अध्यापक तहसील संरक्षक महमूदाबाद, सरोजिनी महिला संगठन मंत्री महमूदाबाद, राम लखन सदस्य ,सुरेश चंद्र ब्लॉक सदस्य महमूदाबाद को मनोनीत कर सम्मानित किया गया।

डॉ. आंबेडकर को समझने की जरूरतः हरिशंकर

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार। डॉ. भीमराव अंबेडकर 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर के मोहल्ला झज्झर में स्थापित प्रतिमा पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा,भाजपा उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला,नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर रोडवेज बस स्टॉप पर पहुंची।वहीं डॉ. अंबेडकर स्मारक पर जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

पत्रकार एवं समाजसेवी हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को डॉक्टर अंबेडकर को पढ़ने की जरूरत है क्योंकि डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था हमारे पैरों में जूते भले ही न हो, लेकिन हमारे हाथों में किताबें होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मुन्नीलाल पासी ने कहा कि हम सभी मूल निवासी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। शिक्षाविद डॉक्टर संघप्रिय गौतम ने कहा कि मौजूदा सरकार समानता की बात करती है लेकिन समानता कहीं से नजर नहीं आती है हमें ऐसे लोगों की चालों को समझना होगा। लेखपाल संघ के महामंत्री निलेश कुमार यादव ने कहा आज बाबा साहब को सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पढ़ा जा रहा है। पत्रकार नय्यर शकेब ने कहा कि बाबा साहब की ही देन है जो बोलने की आजादी है, नहीं तो वह वक्त भी था जब लोग सामंतवादी ताकतों के आगे निकल नहीं सकते थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद मो. आरिफ ने किया। कार्यक्रम की आयोजन मुख्य रूप से जीतपाल, चांद मोहम्मद, बिट्टू कुमार, विनोद कुमार, शिव सिंह, भंवर सिंह, सतीश कुमार दीपक चौधरी मैनपाल कुंवर पाल,सुनील,गया प्रसाद चौधरी, रामलाल, गोविंद प्रसाद, गोकरण प्रसाद आदि ने किया।

बाबा साहेब की जयंती पर शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

अनदेखी सीतापुर की चॉकलेट के नाम से बॉलीवुड फिल्मों तक में मशहूर हैं असलहे

कठिना नदी की कछारों में होती रही है असलहों की खेती!

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ **असलहे की बिक्री को लेकर पहले भी बदनाम रहे हैं महोली के कई गांव**

▸▸ **साल भर बदमाश कछारों में असलहे बनाते रहते हैं**

अमृत विचार। महोली कोतवाली क्षेत्र में उत्तर-पश्चिम से दक्षिण तक बहने वाली सदानीरा कठिना नदी जहां अवैध रेत खनन माफियाओं को सोना उगल रही है। वहीं अवैध असलहों के कारीगरों के लिए भी पारस साबित हो रही है। कठिना की कछारों में बसने वाले दर्जनों गांव अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त को लेकर बदनाम हैं। कई गांवों में नदी किनारे झाड़ियों में छापामारी कर पुलिस अवैध असलहा फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ भी चुकी है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी इलाके में असलहों की पैदावार कम नहीं हुई है। चुनाव के समय पुलिस की छापामार कार्रवाई तेज हो जाती है लेकिन साल भर बदमाश कछारों में अवैध असलहे उगाते रहते हैं। बीते मंगलवार की देर रात महुवाकोला गांव के बाहर हुई पुलिस की छापेमारी ने इस बात की तस्दीक भी कर दी है।

सूत्रों की मानें तो कठिना की कछारों में आने वाले दूलामऊ, भुड़ना, ललहउवा, डुड़ावल, छेंड़ीपुरवा, हसनापुर, लुकठहा, कठिघरा, हरैया- फत्तेपुर, गदनिया, रुस्तमनगर, श्यामजीरा, गिरधरपुर, तेन्दुआ, दातारपुर, अन्दापुर, महेवा, गजपतीपुर, पीरपुर आदि गांव अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त को लेकर बदनाम रहे हैं। वर्षों पहले भुड़ना और दूलामऊ गांव में तो अवैध असलहों की मंडियां सजती थीं। यहां आस-पास जिलों के लोग असलहों की सौदेबाजी करने आते थे। इन गांवों के बदनाम कारीगरों के हाथ से बने असलहे जिले में बेजोड़ माने जाते थे। ग्रुपिंग दार नॉल, मजबूत पकड़ और ऑटो रिजेक्टर के साथ बनने वाले असलहों का मूल्य उनके मॉडल और गुणवत्ता के आधार पर तय किया जाता था। कई वर्षों पहले पुलिस ने यहां छापेमारी कर प्रतिबंधित बोर की कारतूसें भी बरामद की थीं।

महोली इलाके में बने असलहे की फाइल फोटो (प्रतीकात्मक)। अमृत विचार

असलहा फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ करती रही है पुलिस

कई वर्ष पहले पुलिस ने पीरपुर गांव के किनारे झाड़-झंखाड़ में अवैध असलहों की फैक्ट्री पकड़ी थी। इस मामले में गांव के दो लोगों को मौके से पकड़ा गया था। इसके बाद पुलिस ने हरैया फत्तेपुर- रूस्तम नगर संपर्क मार्ग पर एक बाग में छापा मारकर अवैध असलहों की फैक्ट्री पकड़ी थी। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। नटपुरवा में भी अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ी गई थी। पुलिस ने श्यामजीरा और गिरधरपुर गांव से असलहा फैक्ट्री पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की थी।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरगांव। हरगांव-लहरपुर मार्ग पर शादी का सामान लेकर अपने घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार देर रात तुर्तीपुर गांव के पास पैंतला गांव निवासी संजय (18) शादी का सामान लेकर बाइक से अपने घर जा रहा था। जिसको पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। उसकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाये था।थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, वाहन की तलाश जारी है।

एक नजर

बाराबंकी में नदी में डूबने से बालक की मौत

सूरतगज, बाराबंकी, अमृत विचार : दोपहर में सुमली नदी में नहाने गये बालक की रविवार को डूब कर मौत हो गई। दोस्त को डूबता देख मौके पर मौजूद बच्चों ने ग्रामीणों व परिजनों को सूचना दी। परिजन एम्बुलेंस की मदद से बालक को सीएचसी सूरतगंज ले गये जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रामनगर थाना क्षेत्र के बसंतपुर पंचायत के देवलियापुर निवासी दिनेश राजपूत का 12 वर्षीय बेटा शुभम सरसवां घाट में नहाने के लिए बच्चों के साथ गया था।

खेलते समय कुएं में गिरने से बालिका घायल

दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार : अपनी बुआ के साथ खेत गई बालिका खेलते समय ट्यूबवेल के कुएं में गिर गयी। परिजनों ने उसे बाहर निकाला और सीएचसी मथुरा नगर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के जेठौती कुर्मियान निवासी विवेक उर्फ कल्लू की चार वर्षीया बालिका शिल्पी बुआ के साथ रविवार की सुबह खेत गई थी। बालिका खेलते समय ट्यूबवेल के कुएं में गिर गई। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि बालिका को सिर में चोट लगी है।

रामनवमी को लेकर वीआईपी दर्शन बंद, पहले के जारी पास भी निरस्त

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अपील-दर्शनार्थी मोबाइल लेकर न आएं

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन, सुगम दर्शन पास और आरती पास पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दिया है। ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय के मुताबिक पहले से आरती के लिए ऑनलाइन बुक हुए पास भी निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि रामलला के दर्शन के लिए मोबाइल, जूता-चप्पल समेत अन्य सामानों को न लेकर आए। रविवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र और ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने जन्मभूमि परिसर में स्थलीय निरीक्षण किया। ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि सोमवार को मंदिर निर्माण समिति की बैठक भी शुरू होगी।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में पहली श्री राम जन्मोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ेगी, जिसको लेकर राम जन्मभूमि परिसर में खास तैयारी की गई है। परिसर को फूलों से सजाया जा रहा है। राम मंदिर में राम नवमी के दिन भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। महासचिव चम्पतराय ने बताया कि रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की अच्छी व्यवस्था बनाई गई है। जन्मभूमि पथ से राम मंदिर में दर्शन करने के लिए सात लाइनों में श्रद्धालु प्रवेश करेंगे और मंदिर परिसर के बाहर निकालने के दौरान रामलला का प्रसाद भी उन्हें दिया जाएगा। लेकिन दर्शन व्यवस्था में सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नही होगा।

सात जोन, 39 सेक्टर में होगी अयोध्या की सुरक्षा

अयोध्या में रामनवमी मेला को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सरयू घाट से लेकर मंदिर सुरक्षा में अधिकारियों और जवानों को उतार दिया गया है। रामपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ पर बैरियर के माध्यम से भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था को भी लागू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की भारी संख्या में अयोध्या धाम में आने की संभावना है। इस दृष्टिकोण से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 7 जोन और 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। घाट को सुरक्षित करने के लिए जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और बाढ़ राहत की दो पीएससी कंपनी को भी लगाया गया है। मेला क्षेत्र को लेकर 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 150 इंस्पेक्टर, 400 सब इंस्पेक्टर और 1100 कांस्टेबल बाहर से आये हैं।

आज से मेले में श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने की उम्मीद

अयोध्या, अमृत विचार : चैत्र राम नवमी मेले में सोमवार से श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने की उम्मीद है। इसको लेकर प्रशासन व्यवस्था चुस्त कर रहा है। कंट्रोल रूम चालू कर दिया गया। आम लोगों के लिए इसका नम्बर जारी कर दिया गया। कोई भी व्यक्ति इस पर संपर्क कर सकता है। रामलला का जन्मोत्सव 17 अप्रैल को होगा। इसमें अब केवल एक दिन शेष है। सोमवार से श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने की उम्मीद है। 17 को श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ की संभावना है। यह संख्या लाखों में होगी। इसको लेकर प्रशासनिक व्यवस्था अब सख्त की जा रही है। नया घाट पुलिस चौकी के पीछे कन्ट्रोल रूम स्थापित सक्रिय कर दिया गया। अफसरों की 24 घंटे ड्यूटी लगा दी गई है।इसमें पुलिस और सिविल विभाग के अधिकारी/सहायक है। मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। मंडलायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने अफसरों को निर्देश दिया है। मेला नियंत्रण कक्ष का नम्बर जारी कर दिया गया। डीएम नितीश कुमार ने सभी अफसरों को अपने क्षेत्र में भ्रमण तेज करने का निर्देश दिया है। रामनगरी के बाहर और अंदर यातायात की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है।



रामनवमी को लेकर जन्मभूमि परिसर रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

रामनवमी पर हनुमानगढ़ी में भोर में साढ़े 3 बजे शुरू होगा दर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: रामनवमी पर आने वाली श्रद्धालुओ की संख्या को देखते हुए हनुमानगढ़ी के सर्वराहकार गद्दीनशीन महंत प्रेमदास की तरफ से देर रात पत्र जारी किया गया है। उसके मुताबिक 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक के दर्शन का शेड्यूल जारी किया गया है। 15 से 18 तक सुबह तीन से चार बजे तक हनुमानजी महाराज की पूजा व आरती होगी। चार बजे के बाद दर्शन शुरू होगा। 12 से 12:20 तक दर्शन बंद रहेगा। इस दौरान भोग लगेगा व आरती होगी। फिर दोपहर में तीन बजे 20 मिनट के लिए आरती के लिए दर्शन बंद होगा। रात 10 से साढ़े 10 तक आरती तक प्रवेश बंद रहेगा। रात 11:30 बजे शयन आरती के बाद मंदिर बंद हो जाएगा। 17 अप्रैल को भोर में ढाई से साढ़े 3 बजे तक पूजन व श्रृंगार होगा। इसके बाद दर्शन शुरू होगा। 11:45 से 12:20 तक, दोपहर तीन बजे से 3:20 तक और रात 10 से साढ़े 10 तक दर्शन पूजा के दौरान बंद रहेगा। रात में 11:30 बजे के बाद शयन आरती होते ही मंदिर बंद हो जायेगा।

अस्थायी बस स्टेशन बनकर तैयार, बस संचालन की तैयारी: अयोध्या, अमृत विचार: चैत्र राम नवमी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बालू घाट पर अस्थायी बस स्टेशन बनकर तैयार हो गया। टेंट सहित दूसरे संसाधन इकट्ठा कर लिए गए। अब बसों के संचालन की तैयारी है।

कल दोपहर दो बजे से 34 घंटे तक आइसोलेट होगी रामनगरी

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : चैत्र रामनवमी को लेकर यातायात में परिवर्तन किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर मंगलवार को दोपहर बाद 34 घंटे तक रामनगरी आइसोलेट रहेगी और 94 घंटे तक हाईवे पर भारी माल वाहक वाहनों का आवागमन नहीं होगा। यातायात पुलिस ने इसके लिए रूट डायवर्जन का खाका जारी किया है। रामनवमी को लेकर रामनगरी में रूट डायवर्जन अष्टमी तिथि को दोपहर बाद 2 बजे से प्रभावी होगा और नवमी की रात 12 तक जारी रहेगा। इस दौरान उदया चौराहे से टेढ़ी बाजार की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अयोध्या की ओर जाने वाले वाहन उदया ओवर ब्रिज से महोबरा चूड़ामणि चौराहा के रास्ते आशिफ बाग चौराहे तक आएंगे और जाएंगे। वाहनों की पार्किंग गैस गोदाम के पास होगी। गोंडा की ओर से कोई वाहन दुर्गागंज माझा बैरियर से पुराने सरयू पुल के इस पार नहीं आने पाएगा।

बहन की फावड़े से काटकर हत्या भाई का फंदे से लटकता मिला शव

राजीचौराहा, बहराइच

अमृत विचार: जनपद के थैलिया ग्राम पंचायत के बदुवापुर निवासिनी 15 वर्षीया किशोरी की घर में फावड़ा से काटकर हत्या कर दी गई। कुछ दूरी पर ही बबूल के पेड़ से उसके भाई का शव फंदे से लटकता मिला। घटना के जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थैलिया के मजरा बदुवापुर निवासी श्यामा देवी (15) पुत्री रामपाल की शनिवार रात फावड़ा से काटकर उसके ही घर में हत्या कर दी गई जबकि श्यामा देवी के भाई का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित बबूल के पेड़ से फंदे से लटकता मिला। इसकी जानकारी पुलिस को 10.20 बजे मिली। भाई-बहन की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी दी। रात 11 बजे पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सीओ अनिल कुमार सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौकीदार के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है। भाई-बहन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। प्रथमदृष्टया आपसी विवाद में बहन की हत्या के बाद भाई द्वारा आत्महत्या का मामला प्रकाश में आ रहा है।

फाइल फोटो।

घटना का जायजा लेतीं एसपी। अमृत विचार

गोंडा के खरगूपुर में लड़की को अगवा करने वाला गिरफ्तार

खरगूपुर: नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को एक व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था कि उसकी नाबालिग लड़की को पटखौली निवासी अनोखीलाल उर्फ छोटू पुत्र चेतराम बहला फुसलाकर भगा ले गया है। युवक को उपनिरीक्षक धीतेन्द्र सिंह आदि ने रविवार को भगवान दीन पुरवा चौराहे से गिरफ्तार किया है।

नहीं रहे कुंवर विक्रम सिंह

मनकापुर, अमृत विचार : रविवार को मनकापुर राजघराने के कुंवर विक्रम सिंह (45) की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। सूचना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। नगर क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित व्यवसाइयों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। मनकापुर राजघराने व भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के चचेरे भाई पूर्व चेयरमैन मनकापुर व गौरा विधानसभा से प्रत्याशी रहे कुंवर विक्रम सिंह की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। रविवार सुबह जब देर तक पूर्व अध्यक्ष सो कर मनकापुर मंगल भवन स्थित अपने कमरे से बाहर नहीं निकले तब लोगों ने उनको जगाने के लिए भैया भैया कहकर आवाज लगाई।

नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी, केस दर्ज

मनकापुर (गोंडा), अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगों के विरुद्ध नौकरी का झांसा देकर छह लाख रुपए की ठगी करने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

अभिषेक प्रजापति ने बताया कि उनसे नौकरी दिलाने के नाम पर राजेश कुमार, आनंद कुमार, अवधेश कुमार निवासी थाना पयागपुर के ग्राम शम्भू टिकरी व विजय कुमार सिंह निवासी थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम मुकुंदपुर ने छह लाख की धोखाधड़ी कर ली गयी है। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें रेलवे, स्वास्थ्य विभाग और अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा दिया है। इसके बदले में जालसाजों ने पीड़ितों से छह लाख लिए।

अभिषेक के अनुसार राजेश कुमार से उनकी मुलाकात किसी दूर के रिश्तेदार के यहां तीन साल पहले हुयी थी। जिस पर आरोपी राजेश ने अपने आपको सीबीआई में बड़े पद पर कार्यरत होना बताया था। उसने कई विभागों में नौकरी दिलवाने की बात भी कही।

अफसरों से की खंड विकास अधिकारी की शिकायत

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : हरख बीडीओ पर नानमऊ निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि वह ब्लॉक मुख्यालय पर निवास नहीं करती हैं। निजी वाहन और चालक का प्रयोग कर रही हैं। जबकि सरकारी वाहन के साथ चालक भी ब्लॉक स्तर पर मौजूद है। नानमऊ के पवन सैनी ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मुख्य चुनाव आयुक्त, जिलाधिकारी तथा सीडीओ से बीडीओ की शिकायत कर बताया है कि मनरेगा में कार्य की स्वीकृति देने से पहले और बाद में कुल 10 प्रतिशत तथा ग्राम निधि में चार प्रतिशत अवैध वसूली ग्राम प्रधानों से की जा रही है। आरोप लगाया सरकारी जीप और चालाक होने के बाद बावजूद बीडीओ निजी वाहन और चालक का प्रयोग कर रही हैं।

आगजनी कांड में सुनवाई आज

अदालत से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सपा विधायक के खिलाफ चल रहे आगजनी मामले में सोमवार को एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी। पिछली पांच तिथियों में फैसला टलने के बाद सोमवार को फैसला आने की संभावना है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सपा विधायक समेत सभी आरोपियों को तलब किया है।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ समेत अन्य आरोपी है। आरोपियों के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को मामले में सुनवाई होगी। कोर्ट ने मामले के आरोपियों को तलब किया है। बता दें कि मामले में एक मार्च को बहस पूरी होने के बाद फैसले की लिए 14 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसके बाद 19, 22, 28 मार्च व चार अप्रैल तिथि निर्धारित की गई। चार अप्रैल को सुनवाई के दौरान जजमेंट के कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण न होने के कारण फैसले को टाल दिया गया था। कोर्ट ने छह अप्रैल को अभियोजन और बचाव पक्ष से पांच बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा था।

सार-संक्षेप

मारपीट मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिले की इकौना तहसील के निकट निर्माणाधीन मकान का कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नगर पंचायत इकौना की अध्यक्ष के पति ने साथियों संग मिलकर दीवार ढहा दिया। इस दौरान जमीन पर कब्जे की नीयत से न सिर्फ भूमि स्वामी से अभद्रता की बल्कि विरोध पर वहां काम कर रहे मजदूर की पिटाई भी कर दिया। मामले में इकौना पुलिस ने शनिवार देर शाम कांग्रेस अध्यक्ष व उसके तीन साथियों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। इकौना पुलिस से की गई शिकायत में इकौना बाईपास निवासी व राजकीय ठेकेदार व इकौना के प्रमुख व्यवसायी मिथलेश शुक्ला पुत्र माता प्रसाद शुक्ला का आरोप है कि उसका इकौना तहसील के निकट प्लाट स्थित है। जिस पर वह अपना मकान बनवा रहा था। 10 अप्रैल दोपहर करीब 12 बजे वहां पहुंचे पटेल नगर निवासी नगर पंचायत इकौना की अध्यक्ष गजाला चौधरी के पति व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी पुत्र हनीफ चौधरी, महावीर नगर निवासी हारून अंसारी पुत्र मोइनुद्दीन, लाजपत नगर निवासी शाह हुसैन पुत्र मुजफ्फर व इकौना बाईपास निवासी अहद पुत्र हनीफ सिद्दीकी भूमि पर कब्जे की नियत से अभद्रता करते हुए दिवार गिरा कर मारपीट किया।

भाई की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या

राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार : सरधुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भदेहदू में छोटे भाई ने मंझले को कुल्हाड़ी और लाठी के ताबड़तोड़ प्रहार से मौत के घाट उतार दिया। सीओ की अगुवाई में पुलिस फोर्स पहुंची। घर को चारों ओर से घेर लिया गया और कई घंटे की मशक्कत के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी मानसिक रूप से बीमार है। घटना रविवार की दोपहर करीब दो बजे की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत भदेहदू में लखन उर्फ छोट्टन पुत्र नत्थू मिश्रा ने अपने मंझले भाई गुड्डन उर्फ हनुमत (30) को धारदार हथियार से ताबड़तोड़ प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। उसने गुड्डन को लाठी से भी पीटा।

शराब से नहाते युवकों का पुलिस ने उतारा नशा

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : शहर में लोगों को हैरान कर देने वाला ऐसा वीडियो सामने आया है। जिसे आप देखकर दंग रह जाएगे। वीडियो में गाड़ी के सनरूफ पर बैठकर दो युवक एक-दूसरे को शराब से नहलाने का काम कर रहे है। मामले में पुलिस ने इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि प्रयागराज रेलवे जंक्शन के गेट नंबर-2 के सामने एक कार के ऊपर सनरूफ खोलकर दो युवक बैठ गये। दोनों एक-दूसरे पर शराब उड़ेल रहे थे और शराब से दोनों एक-दूसरे को नहला रहे थे।

अतीक के गुर्गों का खेल, दो श्याम जी के नाम मिली रजिस्ट्री

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : माफिया अतीक की बेनामी संपत्ति मामले में उसके गुर्गों का एक बड़े खेल का खुलासा हुआ है। इस खुलासे में श्याम जी नाम के दो व्यक्तियों का नाम सामने आया है। मजदूरी का काम करने वाले इन दोनों के नाम करोड़ों की संपत्ति मिली है। पुलिस अब दोनों श्याम जी से पूछताछ के साथ जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस की जांच में अतीक के संपत्ति को लेकर एक और चौंकाने वाला बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपियों ने बेनामी संपत्ति के इस खेल के लिए एक ही नाम के दो अलग-अलग व्यक्तियों को शामिल किया है। इनमें से एक सफाईकर्मी श्याम जी है तो दूसरा श्यामजीत पुत्र भोरीलाल दिहाड़ी मजदूरी करने वाला महेवा पश्चिमपट्टी नैनी रामनगर है। इसके नाम से भी जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। इसके नाम पर सरायइनायत में एक जमीन संबंधी दस्तावेज पुलिस को मिले हैं। अफसरों का कहना है कि इसकी भी जांच की जा रही है।

ऐसे रहेगा गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे रेल प्रशासन द्वारा गोरखपुर-गोंडा खंड में निर्माण कार्य के कारण गाड़ियों को निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन और स्टॉपेज स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत है। निरस्तीकरण गाड़ी 22531 छपरा -मथुरा 15 अप्रैल, 2422532मथुरा -छपरा। गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन इस प्रकार है- 02563 बरौनी -नई दिल्ली, छपरा -गोरखपुर -बाराबंकी -ऐशबाग -कानपुर सेंट्रल छपरा -गाजीपुर सिटी -वाराणसी -बनारस -प्रयागराज -कानपुर सेंट्रल। 02569 दरभंगा -नई दिल्ली, छपरा -गोरखपुर -बाराबंकी -ऐशबाग -कानपुर सेंट्रल छपरा -गाजीपुर सिटी -वाराणसी -बनारस -प्रयागराज -कानपुर सेंट्रल। 02570 नई दिल्ली -दरभंगा, कानपुर सेंट्रल -ऐशबाग -बाराबंकी -गोरखपुर -छपरा कानपुर सेंट्रल -प्रयागराज -बनारस -वाराणसी -गाजीपुर सिटी -छपरा। 12554, नई दिल्ली -सहरसा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

क्रय केंद्रों से किसान लौटे तो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों से किसी भी किसान को वापस नहीं होना चाहिए। किसानों का गेहूं खरीदने की व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिली तो सम्बंधित पर सख्त कार्रवाई होगी।

ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को लोक सभागार में जिले के त अधिकारियों के साथ बैठक कर क्रय केंद्रों में गेहूं तौल की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और समय पर किसानों के गेहूं की तौल और भुगतान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार क्रय केंद्र प्रभारी यह सुनिश्चित कर लें कि किसानों को क्रय केंद्रों पर तौल सम्बन्धी किसी प्रकार की समस्या न होने पाए।

बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

वाहन बेचने के नाम पर महिला से ऐंठे 1.12 लाख

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : फेसबुक पर वाहन खरीदना एक महिला को महंगा पड़ गया। जालसाजों ने महिला से एक लाख 12 हजार रुपये ऐंठ लिये। ठगी की भनक लगते ही महिला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरसेल निवासी पूजा वर्मा ने फेसबुक पर 30 जनवरी 2023 को एक चारपहिया वाहन पसन्द किया था। इसे वह खरीदना चाहती थी। दिये गये नम्बर पर उसने वाहन सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। वाहन मालिक ने उससे खाते पर पैसे भेजने को कहा। जालसाज ने महिला से कई बार में एक लाख 12 हजार ले लिये।

टेलीग्राम एप पर टास्क के बहाने 11 लाख की ठगी

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: मोबाइल पर टेलेग्राम पर टास्क देकर साइबर अपराधी ने एक युवक से 11 लाख रुपये ठग लिए। टास्क पूरा होने पर उसे ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली गोला गोकर्णनाथ निवासी रोहित गुप्ता बड़े व्यापारी हैं। उन्होंने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 अक्तूबर 2023 को टेलेग्राम एप पर उन्हें एक मैसेज आया और उसे टास्क के लिए आमंत्रित किया और कुछ टास्क पूरे करने के लिए कहा गया। टॉस्क खेलने के जालसाज ने कई रिटर्न दिखाए। इससे वह भरोसे में आ गया और तीन दिनों में अलग-अलग खातों में कुल 39,986, 64 हजार, एक लाख, 1251, 22 हजार, 49 हजार, 99,999, 34 हजार, 50 हजार इस तरह से करीब 11 लाख रुपये जमा करा लिए।

गुंडों व अराजक तत्वों से भाजपा ने दिलाई मुक्ति : ब्रजेश

उप मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन को किया संबोधित

हरदोई

अमृत विचार। भाजपा के सत्ता में आने से पहले जहां गुंडा व भूमाफिया वर्चस्व बनाए हुए थे, वहीं आज खुद का बचाव करते दिख रहे हैं। मोदी की जनकल्याणकारी नीतियां जनता पसंद कर रही हैं। यही वजह है कि विपक्षी हताश व निराश हो चुके हैं। जनता अब उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है। यह बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को नगर के नारायण धाम में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

वालंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखा है। चूल्हे के धुएं से जहां महिलाएं तमाम बीमारियों की शिकार हो जाती थी, उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर देकर उनकी सेहत सुधारी। गांव में गरीबों को भी शौचालय, आवास बिना किसी बिचौलिए के मिल रहे हैं। लोगों की जमीनों पर कब्जा करने वाले जगह-जगह आतंक का पर्याय बने लोगों का भाजपा ने सफाया कर दिया। मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के दिलोदिमाग में घर कर गई हैं। यही वजह है विपक्ष के झूठे बहकावों को जनता पूरी तरह नकार रही है। जनता से नकारे गए सभी विपक्षी एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की भूमिका बहुत ही जबर्दस्त है। घर-घर सोशल मीडिया का वर्चस्व है। भाजपा की नीतियां व उनकी जनकल्याणकारी योजनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से ही जनता तक पहुंच रही हैं। बदले समय में सोशल मीडिया के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया बदलाव के पक्ष में एक जबर्दस्त ताकत बनकर जनता की आवाज के रूप में उभर कर सामने आया है। सम्मेलन को आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से ही सरकार की प्रत्येक योजना से सभी वाकिब हो रहे हैं।

तीन और सटोरिये गिरफ्तार 14 लाख रुपये बरामद

संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार : रविवार को एक बार फिर आईपीएल में सट्टा खिलवाने वाले गिरोह के तीन और सदस्यों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। सटोरियों के पास से 14 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। क्राइम ब्रांच को जानकारी हुई है कि उनके एजेंट शहर के विभिन्न इलाकों में फैले हुए हैं। इससे पहले शनिवार को टीम ने तीन सटोरियों को 19 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने शनिवार को होटल मेफेयर इन के रूम नंबर 103 से आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खिलवा रहे लक्ष्मी विला केशवनगर बर्रा निवासी मास्टरमाइंड आनंद उर्फ सोमू, डब्लू ब्लॉक साकेतनगर निवासी राहुल गुप्ता और हरदेवनगर बर्रा निवासी सुमित गुप्ता को गिरफ्तार किया था।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित: ॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

संपादकीय

एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्जों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर

अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर

व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

प्रसंगवश

जिंदगियां बदलता मोबाइल

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

संजय वर्मा
इंदौर

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए।

इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

बरी-बरी में नौन

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठौ और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

सोशल फोरम

दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्या केंद्रों में अधिकांशत: यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

सनातन परंपरा की झलकियां

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

बागेश्वर के पास नदी में गिरी कार, 4 की मौत

संवाददाता, बागेश्वर

- मृतकों में दो सगे भाई, रविवार तड़के हुआ हादसा
- पूजा के लिए सरयू नदी का जल लेने बागेश्वर जा रहे थे लोग

शवों को निकालते एसडीआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

अमृत विचारः बालीघाट-रीमा मोटर मार्ग पर चिड़ंग गधेरे के पास आल्टो कार के पुंगर नदी में गिरने से चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई भी हैं। ये लोग पूजा के लिए सरयू का जल लेने बागेश्वर आ रहे थे। हादसा रविवार तड़के हुआ, लेकिन लोगों को इसकी जानकारी काफी देर से हुई।

बनलेख में पूजा होना था। इसके लिए सनेती के कमल प्रसाद (26) अपनी कार से रविवार तड़के बागेश्वर रवाना हुए। रास्ते में उनके मामा के परिवार के हरीश राम के पुत्र नीरज कुमार व दीपक आर्या तथा कैलाश राम निवासी जुनाइल भी मिले। ये सब बागेश्वर से सरयू नदी का जल लेने जा रहे थे। चिड़ंग गधेरे के पास कार अनियंत्रित होकर 300 मीटर नीचे पुंगर नदी में जा गिरी, जिससे चारों की मौत हो गई। सुबह होने पर लोगों को घटना का पता चला तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। एसडीआरएफ के जवान व कोतवाल कैलाश नेगी पहुंचे तथा कार से चारों के शवो को निकाला। बैग से मिले परिचय पत्र से उनकी पहचान हुई। सभी शवों का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय में कराया गया।

16 को 6 बजे सील हो जाएगी भारत-नेपाल सीमा

अल्मोड़ाः जिला निर्वाचन अधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तराखंड राज्य की पांच सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान कराया जाना है। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु निर्धारित मतदान तिथि को दृष्टिगत रखते हुए सोलह अप्रैल की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल को मतदान समाप्त होने तक जनपद पिथौरागढ़ से लगी भारत नेपाल सीमा को पूरी तरह सील कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

दिल्ली के पर्यटकों की कार पलटी, चार घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

- कालाढूंगी-नैनीताल रोड पर हुआ हादसा नैनीताल से घूमकर लौट रहे थे

नैनीताल रोड पर हुए हादसे के बाद घायलों को निकालते राहगीर व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचारः नैनीताल घूमकर लौट रहे दिल्ली निवासी पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में चार पर्यटक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया।

रविवार को कालाढूंगी-नैनीताल रोड में नगर से करीब दो किलोमीटर दूर लाल मिट्टी के पास बने स्पीड ब्रेकर के पास ई-47 मोहन गार्डन उत्तम नगर वेस्ट द्वारका दिल्ली के पर्यटकों की वैगनार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में रोहित कपूर, याशिका पटियाल व प्रत्यूष ठाकूर को मामूली चोटें आई हैं, जबकि सत्या देवी को कंधे पर गंभीर चोट लगी है। वहीं अंजू ठाकुर को चोट नहीं आई है। सभी घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार दिया गया।

जहां से सत्या देवी को हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने हल्द्वानी रेफर कर दिया। इधर, एसआई जसवीर सिंह ने बताया कि कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे, जो नैनीताल घूमकर वापस घर लौट रहे थे। चालक रोहित कपूर ने बताया कि ब्रेक न लगने से हादसा हुआ।

शोभायात्रा रोकने पर हंगामा सांसद का किया घेराव

- पुलिस ने झांकी को उजाड़ा, डीजे लदे वाहन को भेजा रठौंडा चौकी
- बिना अनुमति शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे लोग गिरफ्तार

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचारः आंबेडकर जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा रोके जाने पर दलित समाज भड़क गया। पुलिस ने डीजे को कब्जे में लिया तो नाराज लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। बिना अनुमति शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नाराज लोगों ने नगर के आंबेडकर चौराहे पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए। शोभायात्रा नहीं निकालने देने से गुस्साए लोगों ने सांसद घनश्याम सिंह लोधी का घेराव किया और शोभायात्रा निकलवाने की मांग की। सांसद ने मिलक थाने पहुंचकर अधिकारियों से शोभायात्रा निकलवाने को कहा। अधिकारियों और पुलिस ने बिना डीजे के शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी लेकिन नाराज लोग बिना शोभायात्रा निकाले ही अपने घरों को चले गए।

क्षेत्र वासी प्रत्येक वर्ष नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाते हैं। नवदिया गांव से नगर के आंबेडकर पार्क तक शोभायात्रा निकाली जाती है। डीजे की धुन पर लोग नाचते-गाते आंबेडकर पार्क पहुंचते हैं। इस वर्ष नवदिया निवासी पुष्पेंद्र ने गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम व शोभायात्रा की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। दस दिन तक पुलिस अनुमति देने को लेकर टाल मटोल करती रही। प्रशासन ने शनिवार को सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुमति दे दी। रविवार को लोग शोभायात्रा की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान सुबह दस बजे कोतवाल धनंजय सिंह पुलिस बल के साथ नवदिया गांव पहुंच गए।

पुलिस ने सजी झांकी को उजाड़ दिया। डीजे वाहन को जब्त कर रठौंडा चौकी भेज दिया। मौजूद लोगों को हिरासत में ले लिया। इसकी जानकारी मिलने पर गांव और आसपास के लोग भड़क गए। सभी एकत्रित होकर नगर के आंबेडकर पार्क पहुंच गए। पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शोभायात्रा निकालने की जिद पर अड़ गए। इस दौरान कई बार हंगामा हुआ। शोभायात्रा की अनुमति न मिलने पर नाराज लोग नारेबाजी करते हुए अपने घरों को चले गए।

टेलीग्राम एप पर टास्क के बहाने 11 लाख की ठगी

अमृत विचारः लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः मोबाइल पर टेलीग्राम पर टास्क देकर साइबर अपराधी ने एक युवक से 11 लाख रुपये ठग लिए। टास्क पूरा होने पर उसे ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली गोला गोकर्णनाथ निवासी रोहित गुप्ता बड़े व्यापारी हैं। उन्होंने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 अक्तूबर 2023 को टेलेग्राम एप पर उन्हें एक मैसेज आया और उसे टास्क के लिए आमंत्रित किया और कुछ टास्क पूरे करने के लिए कहा गया। टॉस्क खेलने के जालसाज ने कई रिटर्न दिखाए। इससे वह भरोसे में आ गया और तीन दिनों में अलग-अलग खातों में कुल 39,986, 64 हजार, एक लाख, 1251, 22 हजार, 49 हजार, 99,999, 34 हजार, 50 हजार इस तरह से करीब 11 लाख रुपये जमा करा लिए। जब उसने टास्क पूरे कर लिए तो साइबर अपराधी ने उसे ब्लॉक कर दिया। इस पर उन्हें धोखाधड़ी होने का शक हुआ तो दिए गए नंबरों पर कॉल की, लेकिन नंबरों पर बात नहीं हुई।

उन्होंने इसकी शिकायत 1930 पर दर्ज कराई। उसने साइबर थाना पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

सावधान, साइबर अपराधियों ने बदला ठगी का तरीका

लखीमपुर खीरी : सावधान, अब ठगी करने के लिए साइबर जालसाजों ने तरीके बदल दिए हैं। पहले लॉटरी निकलने, आधार संशोधन तो कभी एटीएम कार्ड बंद होने का झांसा देकर खातों में जमा खून पसीने की कमाई पल भर में उड़ा लेते थे। अब साइबर अपराधियों ने अपने तौर-तरीके बदल दिए हैं। अब वह मोबाइल में सिम बंद होने, केवाईसी अपडेट कराने आदि के मोबाइल पर फर्जी मैसेज भेज रहे हैं। मोबाइल धारक जब उन्हें कॉल करता है तो वह आधार आदि की जानकारी लेते हैं। लिंक पर क्लिक करते ही उनके खातों में जमा पूजी पर हाथ साफ कर लेते हैं। इसके साथ ही मोबाइल में ऐनी डेस्क ऐप अपलोड कराते हैं। फिर उससे कनेक्ट कर पल झपकते ही खाते से ऑनलाइन रकम उड़ा रहे हैं तो कहीं टास्क खेलने के नाम पर लाखों की ठगी की जा रही है। एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह ने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए पुलिस लोगों को समय-समय पर अभियान चलाकर जागरूक करती है। इस तरह के जो मामले सामने आते हैं। उनमें कार्रवाई की जा रही है।

ये बरतें सावधानियां

- अपने बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड आदि की जानकारी फोन कॉल पर कोई जानकारी शेयर न करें।
- एटीएम का खुद ही उपयोग करें। अगर आप अकेले उपयोग नहीं कर सकते हैं तो परिवार के किसी सदस्य या किसी भरोसेमंद दोस्त को साथ ले जाएं।
- एटीएम कक्ष में किसी को अपना एटीएम कार्ड न दें। न किसी को कोई पासवर्ड बताएं।
- ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय अ ओटीपी का उपयोग करें। ओटीपी किसी को किसी कीमत पर न बताएं।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सिपाही घायल

शिवगढ़, रायबरेली। ड्यूटी कर वापस थाने लौट रहे सिपाही को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से सिपाही बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां सिपाही की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया। करीब डेढ़ साल से शिवगढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल रामआसरे कुम्भी बार्डर से ड्यूटी खत्म कर रात करीब साढ़े नौ बजे थाने लौट रहा थे तभी थाने से चंद मीटर पहले बांदा-बहराइच मार्ग पर स्थित भवानीगढ़ चौराहे पर बछरावां की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे रामआसरे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर इकट्ठे लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पतंग लूटने की कोशिश में ट्रेन से कट कर दो बच्चों की मौत

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- सीबीगंज के महेशपुर गांव के पास रविवार शाम हुआ हादसा
- जीआरपी और थाना पुलिस ने बच्चों के शवों को रेलवे ट्रैक से हटाया

अमृत विचारः सीबीगंज क्षेत्र में महेशपुर गांव के पास रविवार शाम पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जीआरपी और थाना पुलिस ने बच्चों के शवों को रेलवे ट्रैक से हटाया। बच्चों की पहचान गांव मिलक महमूदपुर निवासी फैज (12) और महेशपुर निवासी साजिद (8) के रूप में हुई है।

बाकरगंज और महेशपुर गांव के बीच में बच्चे रेलवे लाइन के पास पतंगबाजी करते हैं। वहां पर रविवार शाम 7 बजे कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे और कुछ खेल रहे थे। इस दौरान एक पतंग कट गई। पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चे रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। इसी दौरान अप लाइन पर ट्रेन आ गई और उससे कटकर दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने सीबीगंज स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी और सीबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान अप लाइन पर आ रही एक मालगाड़ी को बाकरगंज के पास रोक दिया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर दोनों बच्चों के शवों की शिनाख्त कराई। दोनों की पहचान फैज और साजिद के रूप में हुई। साजिद गांव में ही कक्षा दो का छात्र था।

वह दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। साजिद की मां शबनम का रोरो कर बुरा हाल हो रखा है। सीबीगंज थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि दोनों बच्चों की पतंग लूटने की कोशिश में ट्रेन से कटने से मौत हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क हादसे में बेटे की मौत, पिता घायल

संवाददाता, स्वार(रामपुर)

- टक्कर मारने वाला बाइक सवार हुआ फरार
- परिजन बिना कोई कार्रवाई कराए शव ले गए घर

अमृत विचारः मस्जिद में नमाज पढ़ाकर वापस आ रहे बाइक सवार पिता-पुत्र की बाइक को एक अन्य बाइक ने टक्कर दी। इस हादसे में इमाम के पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मस्जिद के इमाम गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल इमाम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नगर के मोहल्ला रसूलपुर निवासी कारी याकूब गांव वमना की मस्जिद के इमाम हैं। उनके पुत्र 23 वर्षीय जियाउद्दीन गांव रजानगर की मस्जिद के इमाम थे। देर शाम पिता-पुत्र बाइक पर सवार होकर इशा की नमाज पढ़ाने अपनी-अपनी मस्जिदों में गये थे। शनिवार की देर रात घर लौटते समय स्वार-बिलासपुर मार्ग स्थित सब्जी मंडी के निकट विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही बाइक ने पिता-पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें जियाउद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कारी याकूब गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इस दौरान टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौका पाकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजन कोई कार्रवाई किए बिना ही जियाउद्दीन के शव को घर ले गए। घायल इमाम को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

राजकीय इंटर कॉलेज मुरादाबाद में अखिलेश यादव के लिए तैयार पंडाल बारिश के बाद खाली नजर आया।

टक्कर बचाने के प्रयास में बस व ट्रक पलटे, चालक समेत 19 लोग घायल

हादसे में घायल बस चालक, ट्रक चालक और परिचालक।

संवाददाता, खटीमा

- मुख्यमंत्री धामी से मिलने चटिया फार्म जा रहे थे प्रशिक्षणार्थी

अमृत विचारः मुख्यमंत्री से मिलने चटिया फार्म जा रहे निजी संस्था के बच्चों से भरी बस और सीमेंट से भरा ट्रक टक्कर से बचने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गए। दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक, क्लीनर और संस्था की मालिक समेत 19 लोग घायल हो गए। बाद में मुख्यमंत्री व विधायक ने अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना।

रविवार को चटिया फार्म में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मीरा यूथ डवलपमेंट फाउंडेशन के प्रशिक्षणार्थियों को मिलना था। फाउंडेशन की मालिक मीरा कापड़ी के साथ प्रशिक्षणार्थी सुबह दस बजे स्कूल की बस से रवाना हुए। बस चकरपुर-पहेनिया बाईपास पर बिगराबाग पहुंची थी कि सितारगंज की ओर से आ रहा ट्रक बस के सामने आ गया। दोनों चालकों ने टक्कर बचाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए। दुर्घटना में बस चालक दलजीत सिंह, ट्रक चालक जय मेजर सिंह, हेल्पर अरमान, मीरा कापड़ी, कुमकुम, अरमान दुर्गावती, हेमा, भावना पांडे, अंजलि सामंत, योगिता बोरा, रेखा रानी, अल्फिशा, पार्वती, मिराज, पलक सक्सेना, विमला शर्मा, प्रमिला विश्वास, अंशी घायल हो गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अस्पताल पहुंचे और घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक भुवन कापड़ी ने भी अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना।

वर्ग पहेली-40

बाएं से दाएं

1. बजता

4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।

5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।

6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।

8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

ऊपर से नीचे

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।

2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।

3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।

5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है

7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।



वर्ग पहेली -39 का हल

			1 दो	चं	2 द	
3 ए	ल	ब	4 म		हा	
			5 हा	ई	फा	ई
	6 दु		ब			
7 अ	ल	क	ली		8 ना	
	दु				मि	
9 का	ल	को	ठ	री		क

सुडोकू-119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2			4		
	7			1	6			5
			5					3
		5				9		
	3	7				2	4	
1		4				6		
7			3		5		9	
2			1	4			7	
		6			9		8	

सुडोकू -118 का हल

3	8	4	7	2	5	6	9	1
6	5	2	1	3	9	4	7	8
9	7	1	4	6	8	5	3	2
4	6	7	3	5	1	8	2	9
8	3	9	2	4	7	1	6	5
1	2	5	9	8	6	7	4	3
5	4	8	6	9	2	3	1	7
7	9	3	8	1	4	2	5	6
2	1	6	5	7	3	9	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12 .11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

वृष — आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

मिथुन — आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

कर्क — आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

सिंह — आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

कन्या — आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

तुला — आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

धनु — आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मकर — आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

कुंभ — आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

मीन — आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12 .00
- एक और एक ग्यारह — रात : 07 .01
- रोबोट — सुबह : 10 .56

&pictures
- रमन राघव 2 .0 — रात : 08 .00

SONY PIX
- 2012 — सुबह : 11 .23
- टैक्सी ड्राइवर — रात : 07 .55

ZEE CINEMA
- दिल मांगे मोर — सुबह : 09 .50
- हैपी फिर भाग जाएगी — रात : 10 .30

StarGold SELECT
- हीरो — सुबह : 11 .00
- अय्यारी — शाम : 06 .15

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

अपनी ढपली अपना राग

कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

– योगी आदित्यनाथ

बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

–आदित्य यादव

मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करुंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करुंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

– एसटी हसन

लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

–जयंत चौधरी

पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

–अजय राय

कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट
- प्रदेश में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा
- इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।

आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवत: इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

मंच से शुरु किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यत: कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

- भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा
- बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा

आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमर को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था। इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास

परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार: गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।

कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।

चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।

आईना : अमेठी लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
स्मृति ईरानी	468,514
राहुल गांधी	413,394



2014 में किसको कितने वोट



2019 नोटा	2014 नोटा
3,940	1,784

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	408,651
बीजेपी	स्मृति ईरानी	300,748
बसपा	धर्मेन्द्र प्रताप सिंह	57,716
आप	डॉ. कुमार विश्वास	25,527

पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

विस	विधायक	पार्टी
तिलोई	मयंकेश्वर शरण सिंह	भाजपा
जगदीशपुर	सुरेश कुमार	भाजपा
गौरीगंज	राकेश प्रताप सिंह	सपा
अमेठी	महाराज प्रजापति	सपा
सलोन (रायबरेली)	अशोक कुमार	भाजपा

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	464,195
बसपा	आशीष शुक्ला	93,997
बीजेपी	प्रदीप कुमार सिंह	37,570



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1967 व 71	विद्याधर बाजपेयी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रवीन्द्र प्रताप सिंह	जनता पार्टी
1980	संजय गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1981,84,89 व 91	राजीव गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	सतीश शर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	संजय सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1999	सोनिया गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004,09 व 14	राहुल गांधी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2019	स्मृति ईरानी	भारतीय जनता पार्टी

2004 चुनाव के परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	राहुल गांधी	390,179
बसपा	चंद्र प्रकाश मिश्रा	99,326
भाजपा	राम विलास वेदांती	55,438

नरसिम्हा राव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव
- 1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।

पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।

1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम



दल	उम्मीदवार
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह
भाजपा	उदय राज मिश्र
जनता दल	भोला सिंह
बसपा	बशीर पहलवान

11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967,1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह,1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह,1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो,अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।

रत्ना सिंह।

चुनावी चक्कर

क्या बोल गए लल्लू?:

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर:

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किंन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।

मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।

डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ. भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

2009 में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

1991 में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते

सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

2004 में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण

40% मुस्लिम	13% जाटव	08% राजपूत
07% जाट	05% सैनी	05% गुर्जर
22% अन्य		

तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
बसपा	दानिश अली	6,01,082	51.41
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,37,834	46.01
कांग्रेस	सचिन अग्रवाल	12,150	1.75

2014 का परिणांम

दल	प्रत्याशी	मत मिले	प्रतिशत
भाजपा	कंवर सिंह तंवर	5,28,880	48.26
सपा	हुमेरा अख्तर	3,70, 066	33.82
बसपा	फरहत हसन	1,62,983	14.87
रालोद	राकेश टिकैत	9,540	0.87

हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

भोपाल- सिहोर संसदीय सीट

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

चंडीगढ़। चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम, महरौली, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

एक नजर

द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

बिलासपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत न हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।

विषाक्तता से एक की मौत, 75 बीमार

चंद्रपुर। महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में रविवार को विषाक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 75 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना चैत्र नवरात्रि महोत्सव से एक दिन पहले एक काली मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान शनिवार शाम को 400 से अधिक लोगों के प्रसाद खाने के बाद हुई। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोग अस्वस्थ महसूस करने लगे और 79 लोग आधी रात को वरोरा अस्पताल पहुंचे। छह लोगों की हालत गंभीर थी और उन्हें चंद्रपुर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें से गुरुफेम यादव की मौत हो गई। अन्य मरीजों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

हाथी के हमले में महिला की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

हमीरपुर, एजेंसी

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

- इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुईं प्रभावित

सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर व्रिकम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।

छात्रावास में लगी आग आठ छात्र घायल, इमारत सील

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

- पूर्व में 2200 छात्रावासों को अग्नि सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन न करने पर भेजा था नोटिस

राजस्थान के कोटा में एक छात्रावास की इमारत में रविवार सुबह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग लगने से आठ छात्र घायल हो गए। कोटा नगर निगम के दमकल अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि लक्ष्मण विहार स्थित आदर्श रेजीडेंसी छात्रावास में हुई इस घटना पर संज्ञान लेते हुए कोटा जिला प्रशासन ने सुरक्षा उपायों का पालन न करने और अग्नि संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र न होने के कारण छात्रावास को सील करने के आदेश दिए हैं।

व्यास ने कहा कि लगभग 2,200 छात्रावासों को अग्नि सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने के लिए पहले ही नोटिस दिया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि यह घटना कुन्हाड़ी पुलिस थाने क्षेत्र में लैंडमार्क सिटी में सुबह करीब 6.15 बजे हुई। पांच मंजिला छात्रावास के भूतल में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में 'शॉर्ट सर्किट' होने के कारण लगी आग में आठ छात्र झुलस गए, उनमें से छह लोग मामूली रुप से घायल हुए हैं। व्यास ने कहा कि छात्रावास की इमारत के अंदर ट्रांसफर्मर लगा हुआ है यह बेहद खतरनाक है। अगर यह घटना रात में किसी समय होती तो हादसा भयावह हो सकता था।

इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।

- कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

लोकसभा चुनाव की लड़ाई मनुवादी विचारधारा के खिलाफ : मल्लिकार्जुन

नागपुर, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नहीं बल्कि सत्तारूढ़ सरकार की मनुवादी विचारधारा के खिलाफ है।

नागपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है। नागपुर सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाजपा उम्मीदवार हैं। खरगे ने कहा कि विकास ठाकरे एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी या गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है।

- आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है कांग्रेस

टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान है कांग्रेस : मोदी

मैसूर में चुनावी रैली के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

मैसूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव न केवल अगले पांच साल की राजनीति को तय करेगा, बल्कि 2047 तक विकसित भारत का भविष्य भी सुनिश्चित करेगा। मोदी ने इंडिया समूह पर हिंदू धर्म की शक्तियों को नष्ट करने की इच्छा रखने का आरोप लगाया और इसकी रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि वे राजनीतिक लाभ के लिए कुछ समूहों को दूसरों पर प्राथमिकता देते हैं। इंडी समूह के लोग 'सनातन' को खत्म करना चाहते हैं। वे हिंदू धर्म की शक्तियों को नष्ट करना चाहते हैं। जब तक मोदी हैं, ये नफरत करने वाली ताकतें कभी सफल नहीं होंगी, यह मोदी की गारंटी है 2024 के लोकसभा चुनाव सिर्फ अगले पांच साल की राजनीति का फैसला नहीं करेगा, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' का भविष्य सुनिश्चित करेगा। महाराजा पैलेस मैदान में आयोजित चुनावी रैली में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके पुत्रों एचडी कुमारस्वामी और एचडी रेवन्ना ने भी मोदी के साथ मंच साझा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'सुल्तान' या जिसे वह 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कहते हैं, उसके नेता के रूप में काम कर रही है।

परंपरा और आस्था का सैलाब



बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है। वहीं, आयकर विभाग के सूत्रों ने दावा किया कि तलाशी जैसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह एक सर्वे था और उस वक्त टीएमसी नेता हेलीकॉप्टर में मौजूद भी नहीं थे।

- तृणमूल ने लगाया आरोप उम्मीदवारों को डराने धमकाने के लिए भाजपा की साजिश

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई।

कारोबार

देश ने इस वर्ष 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

नई दिल्ली। भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है।

शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विशेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की

निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है,

क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।

एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़

रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

नई दिल्ली। रेस्तरां श्रृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

सितसिपास ने तीसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता

मोनाको। स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैम्पियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, "मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।''

इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

कैंसास सिटी। करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

नयी दिल्ली। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्ग्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा-अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य

बिश्केक। भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमश: महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते। वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी। किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। सोमवार को ग्रीको-रोमन 55 किग्रा, 63 किग्रा, 77 किग्रा, 87 किग्रा, 130 किग्रा में पुरुष पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे।

धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

मुल्लांपुर। राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है।''

रोहित का शतक बेकार, मुंबई की 20 रनों से हार

सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 69 और शिवम दुबे ने नाबाद 66 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली

मुम्बई, एजेंसी

- चेन्नई के महेंद्र सिंह धोनी ने 4 गेंदों पर 20 रन ठोके, मथीशा पथिराना ने चार विकेट झटके

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना के 28 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया है।

रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में 20 रन भारी पड़े। मुंबई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में ईशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराया। ईशान किशन ने 23 रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा (31), कप्तान हार्दिक पंड्या (2), टिम डेविड (13), रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। रोहित ने 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई इंडियंस निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी और 20 रन से मुकाबला हार गई। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से मथीशा पथिराना ने 14 रन देकर चार विकेट लिये। तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में 20 रनों की छक्कों वाली पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही थी।

मथीशा पथिराना

चेन्नई 206/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी	05	08	1/0
रचिन रविंद्र कैच किशन बोल्ड गोपाल	21	16	2/1
ऋतुराज कैच नबी बोल्ड हार्दिक	69	40	5/5
शिवम दुबे नाबाद	66	38	10/2
डैरिल मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक	17	14	1/0
एमएस धोनी नाबाद	20	04	0/3

गेंदबाजी : मोहम्मद नबी 3-0-19-0, गेराल्ड कोएत्जी 4-0-35-1, जसप्रीत बुमराह 4-0-27-0, आकाश मधवाल 3-0-37-0, श्रेयस गोपाल 1-0-9-1, हार्दिक पंड्या 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0

मुंबई 186/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 7

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा नाबाद	105	63	11/5
ईशान किशन का शारदुल बो पथिराना	23	15	3/1
सूर्यकुमार का मुस्तफिजुर बो पथिराना	00	02	0/0
तिलक वर्मा का शारदुल बो पथिराना	31	20	5/0
हार्दिक पंड्या का जडेजा बो देशपांडे	02	06	0/0
टिम डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर	13	05	0/2
रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना	01	02	0/0
मोहम्मद नबी नाबाद	04	07	0/0

गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल ठाकुर 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0

सॉल्ट की आंधी में उड़ी एलएसजी

कोलकाता, एजेंसी

- कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया।

फिल सॉल्ट

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 161/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव	10	08	2/0
केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल	39	27	3/2
दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क	08	10	1/0
आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन	29	27	2/1
स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती	10	05	2/1
निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क	45	32	2/4
क्रुणाल पंड्या नाबाद	07	08	0/0
अरशद खान बोल्ड स्टार्क	05	04	1/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

कोलकाता 162/2 — 15.4 ओवर, अतिरिक्त : 22

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट नाबाद	89	47	14/3
सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन	06	06	1/0
अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन	07	06	0/1
श्रेयस अय्यर नाबाद	38	38	6/0

गेंदबाजी : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, क्रुणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2.4-0-17-0

आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

बेंगलुरु, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

बेंगलुरु को हराने के लिए करेंगे असाधारण प्रदर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की आईपीएल में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को 'असाधारण' प्रयास की जरूरत होगी।

सोमवार को मेजबान आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है। विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है। वे एक बहुत अच्छी टीम हैं इसलिए उन्हें हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत होगी। प्रत्येक (आईपीएल) मैच कठिन है और विशेष रूप से जब आप घर से दूर खेल रहे हों।'' विटोरी ने कहा कि आरसीबी ने अपनी पिछली हार से सबक सीखा होगा और घरेलू टीम सनराइजर्स को दबाव में डाल सकती है। उन्होंने कहा, आरसीबी स्पष्ट रूप से पिछले मैचों में जो हुआ उससे सीखता रहेगा और वे काफी आक्रामक होने जा रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

चुनाव में खूब भा रहे चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर

विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च कर रहे नेता

- पिछले चुनावी वर्षों की तुलना में इस साल 40 फीसदी मांग बढ़ी, कम हो पा रही आपूर्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है।

चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है। एक चार्टर्ड विमान के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपये और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है। कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं।

रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली ने कहा, सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। उन्होंने आगे कहा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है। मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 फीसदी अधिक है। बाली ने आगे कहा, आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं। चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, भाजपा ने हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड विमानों पर 250 करोड़ से अधिक खर्च किया है। जबकि कांग्रेस की तरफ से विमानों पर 126 करोड़ खर्च किया गया है। बता दें कि देशभर में सात चरणों में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा।

विमानों के लिए प्रति घंटा 1.5 से 1.7 लाख रुपये खर्च

आरडब्ल्यूएसआई के अध्यक्ष उदय गेली ने कहा, एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर लगभग 80 हजार से 90 हजार रुपये है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह लगभग 1.5 से 1.7 लाख रुपये है। चुनाव के समय एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटा दर 1.5 लाख रुपये और दो इंजन वाले के लिए 3.5 लाख रुपये तक हो जाती है।" एक इंजन वाले हेलीकॉप्टर में सात लोगों के बैठने की क्षमता होती है, जबकि दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर में 12 लोगों बैठ सकते हैं। चार्टर्ड विमान का खर्च एक घंटे के लिए करीबन 4.5 लाख से 5.25 लाख रुपये तक पड़ेगा।

टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का हुआ सफल परीक्षण

भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण शनिवार को राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है। सफल परीक्षण के बाद अब टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

- डुएल मोड कार्यक्षमता टैंक युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ प्रौद्योगिकी विकास और सफल प्रदर्शन संपन्न हो गया है। यह प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने की दिशा में अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी।

डीआरडीओ ने किया विकसित

अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की और इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने डिजाइन और विकसित किया है।

पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान परिस्थितियों में मूल्यांकन किया गया। 'इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।' गौरतलब है कि यह टैंक रोधी मिसाइल सिस्टम दिन और रात, दोनों वक्त इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस परीक्षण से जुड़े दलों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने बधाई देते हुए बताया है कि, उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

एक नजर

कन्नड फिल्म निर्माता सौंदर्या जगदीश ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। कन्नड़ फिल्म निर्माता और व्यवसायी सौंदर्या जगदीश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माता ने रविवार को बेंगलुरु के महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उनका अस्पताल में निधन हो गया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच जारी है, रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। जगदीश के दोस्त श्रेयस ने कहा जगदीश की आत्महत्या के प्रयास के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा-जांच जारी है। जगदीश को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी, हम आपको मौत के पीछे कारण अभी नहीं बता सकते। यह घटना रविवार सुबह हुई।

सिख तीर्थयात्रियों को बैसाखी पर हर सुविधा प्रदान करेंगे : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय को बधाई दी। लगभग तीन हजार भारतीय सिख भी बैसाखी उत्सव में मनाने के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने बधाई संदेश में बैसाखी को वसंत ऋतु का प्रतीक और प्यार व खुशी फैलाने का त्योहार बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आस्थाओं और संस्कृतियों का ए क सुंदर मिश्रण है और बैसाखी का रंग इस सुंदरता को और बढ़ा देता है। शरीफ ने कहा कि बैसाखी त्योहार मनाने के लिए दुनिया भर से आने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करेंगी।

भारत ने नेपाल भेजीं 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें

काठमांडू। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस और 66 स्कूल बसें उपहार में दी हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की उपस्थिति में वाहनों की चाबियां सौंपी। भारतीय दूतावास ने कहा कि रविवार को सौंपे गए 101 वाहनों में से दो भूकंप प्रभावित जाजरकोट और पश्चिम रुकुम जिले को दिए गए हैं। नेपाल के वित्त मंत्री ने चल रही विभिन्न परियोजनाओं में भारत के मदद की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल और भारत के बीच लोगों से लोगों का जुड़ाव और द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत, तीन लापता

तोराजा। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। हादसा में 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

पश्चिम एशिया में जंग में बदला तनाव बाइडन ने जी-7 देशों की बैठक बुलाई

राष्ट्रपति बोले- इजराइल का पूर्ण समर्थन करेगा अमेरिका, नेतन्याहू से की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान ने अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के 24 घंटे बाद पश्चिम एशिया में तनाव जंग में बदला गया है। बाइडन ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की और स्थिति पर चर्चा और आगे की कार्रवाई के लिए जी-7 नेताओं की बैठक बुलाई है। बाइडन की इस प्रतिक्रिया के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने के प्रयासों में मदद की।

इजराइल ने कहा कि उसने और उसके सहयोगी देशों ने ईरान की ओर से दागी गईं 200 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों में से अधिकतर को बीच में ही रोक दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के बाद बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से भेजे गए लगभग सभी ड्रोन्स और मिसाइलों को मार गिराया है। उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में अमेरिका के पूरे समर्थन का भरोसा दिया। बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, आज ईरान और यमन, सीरिया और इराक के उसके हमदर्दों ने इजराइल में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए अचानक हमला किया। मैं इन हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। बाइडन ने कहा कि इजराइल की मदद करने के उनके निर्देश पर अमेरिकी सेना ने पिछले सप्ताह क्षेत्र में विमान और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक भेजे थे। उन्होंने कहा, इन तैनाती और हमारे सैनिकों की दक्षता के कारण हम लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद कर पाए।

व्हाइट हाउस में शनिवार को अधिकारियों व मंत्रियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करते राष्ट्रपति जो बाइडन।

ईरान ने अमेरिका को दी संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी

इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के साथ इजराइल-ईरान के बीच भी संघर्ष शुरू हो चुका है। दरअसल, हाल ही में सीरिया के ईरानी दूतावास में हमले के बाद से ही ईरान इजराइल पर बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए ईरान ने शनिवार को इजराइल में दर्जनों ड्रोन भी दागे। हमले को देखते हुए अमेरिका इजराइल के बचाव में सामने आया है। इसके बाद ईरान ने अमेरिका के समर्थन का विरोध किया है। उसने अमेरिका को इस हमले से दूर रहने को कहा है। ईरान ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकती: यूएन प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने ईरान की तरफ से इजराइल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की और आगाह किया कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी पक्षों से ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संयम बरतने की अपील की, जिससे पश्चिम एशिया में कई मोर्चों पर बड़े सैन्य टकराव छिड़ सकते हैं।

गुटेरस ने एक बयान में कहा, आज शाम इस्लामी गणराज्य ईरान की तरफ से इजराइल पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों की वजह से तनाव में गंभीर बढ़ोतरी की मैं कड़ी निंदा करता हूं। मैं शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।" उन्होंने कहा कि वह तनाव के पूरे क्षेत्र में फैलने और इसके वास्तविक खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि न तो क्षेत्र और न ही दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त कर सकती है।

कनाडा में भारतवंशी युवक की गोली मारकर हत्या

- चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने की तैयारी, परिजनों ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद

ओटावा, एजेंसी

विदेश में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अब कनाडा के वेनकूवर में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि 24 साल के चिराग अंतिल का शव कार से बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बात पता चला कि स्थानीय लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चिराग के परिवार ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी से मदद की अपील की है।

सोनीपत के रहने वाले चिराग अंतिल का शव उनकी ऑडी कार से बरामद किया गया है। आस पास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि चिराग की गोली मारकर हत्या की गई। 12 अप्रैल रात 11 बजे के करीब स्थानीय लोगों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस का कहना है कि इस बारे में पड़ताल लगातार जारी है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग के भाई रोमित का कहना है कि सुबह के समय चिराग से आखिरी बात बात हुई, तो वह काफी खुश नजर आ रहे थे। इसके बाद चिराग अपनी ऑडी कार से कहीं जाने के लिए निकले थे और इसके बाद यह वारदात घटी।

इस मामले में छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय से जांच में तेजी लाने और परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाए। चिराग के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए उनके परिवार द्वारा लोगों की मदद से धन जुटाया जा रहा है। उनके भाई रोमित अंतिल का कहना है कि वे बहुत ही दयालु थे और उनकी किसी से साथ दुश्मनी भी नहीं थी। रोमित ने कहा कि आखिरी बार जब चिराग से बात हुई, तो वे बेहद खुश थे और इसके बाद उनकी मृत्यु की खबर सामने आई। चिराग सितंबर 2022 में एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के लिए वेनकूवर चले गए थे और हाल में उन्हें वर्क परमिट भी मिल गई थी।

चेन्नई में प्रेमिका से नाराज सिरफिरे ने छात्र पर दागी गोली यूपी का आरोपी गिरफ्तार

चेन्नई, एजेंसी। चेन्नई में प्रेमिका से नाराज सिरफिरे ने एक मेडिकल छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया। इस हमले में छात्र बाल-बाल बच गया। एक अधिकारी ने कहा कि चलाई गई गोली लक्ष्य से चूक गई। घटनास्थल पर एकत्र लोगों ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मेडिकल छात्र रोहन मद्रास मेडिकल कॉलेज के पास एक चाय की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान उसका पीछा कर रहे दो सिरफिरों में से एक ने गोली चला दी।

एक को घटना स्थल से ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि, दूसरा व्यक्ति भागने में सफल हो रहा। गिरफ्तार युवक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी रितिक कुमार के रूप में हुई है। भागने वाले व्यक्ति की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया है कि, फरार आरोपी अमित कुमार की प्रेमिका उससे बात नहीं कर रही थी, जो रोहन के कॉलेज की छात्रा है। अमित को संदेह हुआ कि रोहन के कारण प्रेमिका बात नहीं कर रही है। इससे नाराज अमित ने रोहन को जान से मारने की कोशिश की।

बांध खुद प्यासा...

कोटा : पांच साल में ऐसी तस्वीर पहली बार सामने आई है कि करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में फैला आलनिया बांध सूख चुका है। हालात ये हैं, इसकी तलहटी बूंद-बूंद के लिए तरस रही है। डाउन स्ट्रीम के खेतों में गेहूं की फसल कटाई में जुटे मजदूरों तक को पीने का पानी नहीं मिल रहा। ये अपनी प्यास बुझाने के लिए 3 किमी तक पैदल चलकर बांध के पेटे में बनाए गड्ढे से पानी निकालते हैं। वहां भी एक-एक लोटा भरकर पानी मटकी में भरना पड़ता है। यहां पर दूर-दूर तक पीने के पानी का दूसरा स्रोत नहीं है। ● एजेंसी

अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत, 27 घायल

- काबुल समेत अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 600 मकान क्षतिग्रस्त

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण करीब 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को बताया है कि, काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हुआ है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।

सैक ने कहा, परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं।

इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

पंजाब में विश्व हिंदू परिषद के नेता की गोली मारकर हत्या

रूपनगर। पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता की उनकी दुकान में अज्ञात हमलावरों ने गोलीमार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि, मृतक विकास बग्गा विश्व हिंदू परिषद की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे।

बता दें, घटना शनिवार की है, दो हमलावर रूपनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित बग्गा की दुकान में घुस गोलीमार कर फरार हो गए। आनंदपुर साहिब के पुलिस उपाधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। विहिप समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

पहल सुपर-30 के संस्थापक ने की घोषणा, भारत में गरीब बच्चों को भविष्य रचने का मिलेगा मौका

वंचित छात्रों के लिए ऑनलाइन मंच शुरू करेंगे आनंद

शिकागो, एजेंसी

सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ व गरीब छात्रों के मसीहा आनंद कुमार ने भारत में वंचित छात्रों के भविष्य के लिए दरवाजे खोले। आनंद कुमार जल्द ही नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो भारत में गरीब एवं वंचित छात्रों को अपना भविष्य रचने का मौका मिलेगा। सुपर 30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार ने रविवार को नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित रीइमैजिनिंग इंडियाः शेपिंग द ग्लोबल इकोनॉमिक लैंडस्केप विषय पर '2024 केलॉग इंडिया बिजनेस कॉन्फ्रेंस' में अपना संबोधन में कही है। उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि वह गरीबों के लिए ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू करेंगे, जो सुपर 30 की अगली सीरीज होगी। अमेरिका के शिकागो से अपने संबोधन में आनंद कुमार ने कहा 'अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी को अपनाने का समय आ गया है। सुपर 30 ने मुझे गरीबों की जिंदगी बदलने की आकांक्षाओं को बढ़ाने में मदद की और उत्तीर्ण हुए कई छात्रों ने शिक्षा की शक्ति से एक पीढ़ीगत बदलाव लाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गरीबों के दरवाजे तक ले जाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षिक मंच शुरू किया जाएगा, जो उनकी सुपर 30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

आनंद कुमान ने कहा कि कोविड महामारी ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया, जैसे कि सोशल मीडिया के माध्यम से घर में फंसे छात्रों से जुड़ना। कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों से बहुत कुछ सीख सकता है। दुनिया प्रतिभाशाली लोगों से भरी हुई है। इस समय भी गरीबी के कारण बहुत सारे बच्चे दुनिया की नजरों से दूर हैं। उनमें भी न्यूटन और रामानुजन बनने की क्षमता होगी, लेकिन कम अवसर के कारण उनकी प्रतिभा कहीं खो जाती है। मेरी ऑनलाइन पहल का उद्देश्य उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मंच देना है।

आनंद कुमार ने अपने संबोधन को खत्म करते हुए एक बहुत अच्छी बात कहीं। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहुत बड़ी हस्ती नहीं हूं, एक साधारण शिक्षक हूं लेकिन आज मैं आपको अपने दिल की गहराई से एक बात कहना चाहूंगा कि अगर आपका मन किसी लक्ष्य पर निर्धारित है और आप कड़ी मेहनत करते रहते हैं तो आप एक दिन जरूर सफल होंगे। हालांकि, इसे पाने में भले ही ज्यादा समय लगे, जितना आपने सोचा था शायद उससे ज्यादा ही समय लगे, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना सपना

हर वंचित छात्र को शिक्षित देखना आनंद कुमार का सपना है। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब भी अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं। अब समय आ गया है कि लैब्स से बाहर निकलकर उन देशों और गांवों की गरीबी का एहसास किया जाए, जहां लोगों को बिजली, साफ पानी और उचित भोजन तक नहीं मिलता है।

छत्तीसगढ़ में एक लाख का इनामी समेत सात नक्सली गिरफ्तार

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम है। पुलिस ने बताया है कि, नक्सलियों के पास से एक मजल-लोडिंग बंदूक, तीन किलोग्राम काला पाउडर विस्फोटक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा- माड़वी देवा उर्फ दिनेश माड़वी, बंजाम पोज्जा, कवासी उर्फ वांडो अयाता, कलमू गंगा, कलमु सन्ना, नुप्पो पोज्जा और रावा जोगा हिरासत में लिया है। कवासी पर एक लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण तरीके से चुनाव कराने को लेकर कार्रवाई की गई है।

कैंब्रिज व ऑक्सफर्ड जैसे संस्थानों में प्रवेश को 20 हजार भारतीय छात्रों की राह आसान

- ब्रिटेन में 70 विश्वविद्यालयों के नियम बदले, सीट बढ़ाई, ग्रेड घटाई

लंदन,एजेंसी

ब्रिटेन के कैंब्रिज, ऑक्सफर्ड और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी 70 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने नियमों में बदलाव कर 20 हजार भारतीय छात्रों के लिए प्रवेश आसान कर दिया है। इन विश्वविद्यालयों ने अगस्त से शुरू होने वाले सत्र में भारतीय छात्रों के लिए सीटें बढ़ाने के साथ ग्रेडिंग में भी नरमी के नए नियम लागू किए हैं।

भारतीय छात्रों को अब 'बी' और 'सी' ग्रेड के साथ भी दाखिला मिल सकेगा। विश्वविद्यालयों ने ये कदम इसलिए उठाया है क्योंकि पिछले साल भारतीय छात्रों की संख्या में कमी के कारण उन्हें लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा फीस में बढ़ोतरी और परिवार को नहीं लाने के सख्त नियम बनाए थे। इससे 2022 में 1.38 लाख भारतीय छात्रों ने आवेदन किया था वह 2023 में घटकर 1.28 लाख रह गया था। भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की विश्वविद्यालयों को फीस के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है।

ब्रिटेन का छात्र फीस के रूप में सालाना 9.25 लाख रुपये जबकि भारतीय छात्र लगभग 22 लाख रुपये चुकाते हैं। इसे देखते हुए इस बार ब्रिटेन की 70 विश्वविद्यालयों ने भारत में अपने एजेंट्स की संख्या 100 से बढ़ाकर 500 कर दी है।

ये विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों को लाने पर कमीशन भी देती हैं। पिछले साल डरहम विश्वविद्यालय ने एजुकेशन एजेंटों को सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में दिए थे। इस बार ब्रिटिश विश्वविद्यालय ने भारत के पूर्वोत्तर और पश्चिमी राज्यों में अपने एजेंट्स बढ़ाए हैं।

भारतीय छात्रों से ब्रिटेन की इकोनॉमी को भी इजाफा

हर्टफर्डशायर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. क्विंटिन मैककेलर ने बताया कि पीएम सुनक ने भले ही इमिग्रेशन को लेकर वीसा नियम सख्त किए हों, लेकिन वे भूल गए कि भारतीय छात्रों से इकोनॉमी को भी फायदा मिलता है। भारतीय आईटी और मेडिको छात्र पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इससे ब्रिटेन के टैलेंट पूल में ही इजाफा होता है। आने वाले सत्र के लिए नए नियमों से भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ेगी।